CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, सोमवार 24 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 92 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ फाल्गुन पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2081 25 शाबान 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### न्यूजीलैंड दबदबा कायम रखने व बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर





## चैंपियंस ट्रॉफी: भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया, कोहली का 51वां शतक

**दुबई।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए।

भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन -शेष पृष्ठ दो पर

- इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर
- वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय भी बने कोहली

### पाकिस्तान की हार के दो कारण

**धीमी बैटिंग**- पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।

**स्पिनर्स की कमी**- पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वाड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को

## केंद्र एडवोकेट अमेंडमेंट बिल में बदलाव को तैयार

### कानून मंत्री मेघवाल बोले हर मुद्दे की अच्छी तरह करेंगे जांच

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी, जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो। केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे। बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी। दरअसल बिल की धारा 35ए वकील या वकीलों के संगठन को कोर्ट का बहिष्कार करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रोकती है। इसका उल्लंघन वकालत के पेशे का मिसकंडक्ट माना जाएगा और इसके लिए अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। जबकि मौजूदा व्यवस्था: हड़ताल करने पर रोक नहीं, प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। वहीं प्रोफेशनल मिसकंडक्ट की वजह से किसी का नुकसान होता है, तो बिल की धारा 45बी के तहत प्रोफेशनल मिसकंडक्ट के कारण वकील के खिलाफ कार्रवाई के लिए बीसीआई में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। अभी तक अपने मुवक्किल को धोखा देना ही प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाता है। इसकी शिकायत बीसीआई से होती है। नए बिल में कानूनी व्यवसाई (धारा 2) की परिभाषा व्यापक बनेगी। इसमें कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के साथ ही कॉर्पोरेट वकीलों, इन-हाउस परामर्शदाताओं, वैधानिक निकायों और विदेशी कानूनी फर्मों में कानूनी काम में लगे लोगों को भी कानूनी व्यवसाई माना -शेष पृष्ठ दो पर

**विरोध में थे बीसीआई समेत अधिकतर राज्यों के वकील**

**सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो**



### फैसले का बार काउंसिल ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने सरकार द्वारा एडवोकेट एमेंडमेंट विधेयक पर पुनर्विचार करने के निर्णय का स्वागत किया है, जबकि सरकार के निर्णय के बाद दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशनों की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ले ली गई है। बता दें कि बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2025 के विरोध में सोमवार को हड़ताल का ऐलान किया था। बता दें कि केंद्रीय विधि मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग की ओर से 13 फरवरी को सार्वजनिक परामर्श और आम लोगों के लिए सुझाव के लिए मसौदा विधेयक पेश किया था, लेकिन मसौदा के सार्वजनिक होने के बाद इसका देश भर में विरोध शुरू हो गया था। इस बावत केंद्रीय कानून मंत्री को बार काउंसिल की ओर से पत्र भी दिया गया था।

**दिल्ली के सभी जिला न्यायालय बार एसोसिएशन की समन्वय समिति द्वारा हड़ताल वापस ली**

## भारत में अमेरिकी फंड से चल रहे सात प्रोजेक्ट: वित्त मंत्रालय का खुलासा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए हैं।

जहां ट्रम्प भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने के बयानों को दोहरा रहे हैं, वहीं भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएड) से अभी 7 प्रोजेक्ट के लिए 840 करोड़ रुपये मिल रहे हैं, लेकिन इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर किसी प्रोजेक्ट में फंड नहीं मिल रहा है। विदेशी सहायता पर नजर रखने वाले वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की ताजा वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में ये खुलासा हुआ है। इस बीच वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 2008 के बाद से भारत को यूएसएड से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। पिछले कुछ दिनों में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कई बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर सवाल उठाए हैं। इसके अलावा ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपये का भी जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना।



- ट्रम्प के दावों के बीच नए तथ्य सामने आए, वोटर टर्नआउट शामिल नहीं

### टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल के उत्पादन पर रोक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने विवादास्पद टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल से संबंधित औषधियों के उत्पादन पर तत्काल रोक लगा दी है। मंत्रालय ने रविवार देर शाम यहां बताया कि टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के संबंध में तुरंत कार्रवाई की गई है। इनका उत्पादन रोक दिया गया है। संबंधित दवा संयोजनों के लिए गतिविधि और उत्पादन रोकने का आदेश जारी किया गया है। मंत्रालय ने भारतीय दवा निर्माता मेसर्स एवियो फार्मास्यूटिकल्स, मुंबई द्वारा पश्चिम अफ्रीका के कुछ देशों को टैपेंटाडोल और कैरीसोप्रोडोल युक्त गैर-अनुमोदित संयोजन दवाओं के निर्यात रोकने का प्रस्ताव किया है।

### भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छू रहा: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले महीने देश भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सौवें रॉकेट लांच का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का पता चलता है। श्री मोदी ने अपने 'मन की बात' मासिक कार्यक्रम में कहा कि पिछले महीने देश इसरो के सौवें रॉकेट लॉन्च का साक्ष्य बना है, जो केवल एक नंबर नहीं है, बल्कि स्पेस विज्ञान के क्षेत्र में नीत नई उंचाईयों को छूने के हमारे संकल्प का भी पता चलता है।

### पांच साल से जेल में बंद रेप के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल से जेल में बंद 24 साल के आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि लड़की के साथ जो हुआ उसे इसकी पूरी समझ थी। वह अपनी मर्जी से आरोपी के पास गई थी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा कि मामला भले ही पॉक्सो एक्ट के तहत था और पीड़िता नाबालिग थी, लेकिन लड़की अपने माता-पिता को बताए बिना घर छोड़कर आरोपी के साथ चार दिनों तक रही। मामले के फैक्ट्स को देखने से समझ आ रहा था कि उसे इस बात की पूरी जानकारी थी कि वो क्या कर रही है, उसने अपनी मर्जी से आरोपी के साथ चार दिन बिताए थे। बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बेंच को पुलिस रिपोर्ट और लड़की के बाद में दिए गए बयानों में अंतर दिखा, जिसमें मेडिकल जांच के दौरान भी बदलाव था।

### अहमदाबाद में 8 व 9 अप्रैल को होगा कांग्रेस अधिवेशन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का अधिवेशन आगामी 8 और 9 अप्रैल को गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से आए कांग्रेस के प्रतिनिधि पार्टी की समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी का यह दो दिन का अधिवेशन होगा।

### श्रीलंकाई नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**रामनाथपुरम (तमिलनाडु)।** श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों नेकहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग से अनिवार्य टोकन प्राप्त करने के बाद मछुआरों के साथ 500 से अधिक नावें रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट से नियमित मछली पकड़ने के लिए समुद्र में रवाना हुई थीं।

## आप यह न समझें मेरे पास विकल्प नहीं: थरूर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर पार्टी के खिलाफ बगावती तेवर दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस में हूं, लेकिन अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं।

हालांकि थरूर ने पार्टी बदलने की अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि भले ही विचारों में अंतर हो, लेकिन वह ऐसा नहीं मानते। केरल के तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद थरूर ने हाल ही में केरल की वामपंथी विजयन सरकार की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात की तारीफ की थी। उन्होंने केरल में पार्टी नेतृत्व को लेकर भी सवाल उठाए थे। इसके बाद पार्टी की केरल इकाई के मुखपत्र ने उन्हें नसीहत देते हुए लेख छापा था। थरूर ने इन विवादों पर एक मलयालम पॉडकास्ट में कहा कि उन्होंने कभी भी खुद को एक राजनेता के रूप में नहीं सोचा और न ही अपने विचार संकीर्ण रखे। उन्होंने विवादों पर मीडिया से बातचीत में रविवार को कहा कि नो कमेंट्स। भारत-पाकिस्तान के मैच का आनंद लीजिए।



- कांग्रेस के खिलाफ शशि थरूर ने अपनाए बगावती तेवर
- कहा मैं कांग्रेस के साथ, लेकिन कांग्रेस को जरूरत नहीं, तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं

## विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके महाकुंभ में डुबकी

**महाकुंभनगर।** उप्र के सीएम योगी ने महाकुंभ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट करने के बाद कहा कि अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी।



- सीएम योगी ने महाकुंभ में साधु-संतों से की मुलाकात

## शत-प्रतिशत पूरा होगा महिलाओं से किया गया वादा: सीएम रेखा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय 14 में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से रविवार को यहां कहा कि दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किए हैं, वे पूरे होंगे।

'आप' की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा।

- कहा 'आप' सरकार ने हमारे लिए खजाना खाली छोड़ा

### आतिशी दिल्ली विधानसभा में होंगी नेता प्रतिपक्ष

**नई दिल्ली।** 'आप' ने रविवार को ऐलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने इसकी रविवार को घोषणा की। उन्होंने कहा कि आज 'आप' के विधायक दल की बैठक हुई, जिसमें विधायकों ने सर्वसम्मति से सुश्री आतिशी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना।

## मन की बात में पीएम ने उत्तराखंड की पीठ थपथपाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** 38 वें राष्ट्रीय खेलों के भव्य और विराट आयोजन पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश से अपने 'मन की बात' कही।

उत्तराखंड की पीठ थपथपाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी को देहरादून में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। तब उन्होंने ये उम्मीद जताई थी कि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन करेगा। उत्तराखंड ने न सिर्फ खेलों का भव्य आयोजन किया, बल्कि खेल मैदान में भी उसका प्रदर्शन शानदार साबित हुआ। उनके कार्यक्रम का काफी हिस्सा उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों पर केंद्रित रखा।



- प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभरने का किया जिक्र

**मन की बात में पीएम मोदी ने कहा-**

मेरे प्यारे देशवासियों, आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीट ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया। उत्तराखंड अब देश में स्ट्रॉन्ग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस बार उत्तराखंड 7वें स्थान पर रहा। यही तो पावर ऑफ स्पोर्ट्स है, जो इंडिविजुअल -शेष पृष्ठ दो पर

रविवार को मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की। यह हम सभी प्रदेशवासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। देवभूमि से विशेष लगाव रखने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री जी का समस्त प्रदेशवासियों की ओर से हृदय तल से आभार! इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में हमारी डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को खेलों का हब बनाने और खिलाड़ियों के समग्र उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।

– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड



# इजरायल ने फलस्तीनी बंदियों की रिहाई रोकी

## हमास को करीब 620 फलस्तीनी बंदियों को रिहा करने की थी उम्मीद

**यरूशलम, वार्ता**

इज़रायल ने रविवार को फलस्तीनी बंदियों की रिहाई स्थगित कर दी। इजरायल ने रविवार को सुबह यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि फलस्तीनी बंदियों की रिहाई स्थगित कर दी है, जिन्हें संघर्ष विराम समझौते के तहत रिहा किया जाना था, जब तक कि और बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

हमास द्वारा दिन में छह बंधकों को रिहा करने के बाद इज़रायल को लगभग 620 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा करने की उम्मीद थी। ये छह बंधक तीन-चरणीय समझौते के पहले चरण में रिहा किए जाने वाले जीवित बंधकों का अंतिम समूह थे। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि निर्धारित फिलिस्तीनी बंदियों की रिहाई को स्थगित करने का निर्णय लिया गया है, जब तक कि अगले बंधकों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती, बिना अपमानजनक समारोहों के। बयान में कहा गया है कि यह निर्णय हमास के बार-बार उल्लंघनों के बाद लिया गया है, जिसमें हमारे बंधकों का अपमान करने वाले अपमानजनक (बंधक रिहाई) समारोह और प्रचार उद्देश्यों के लिए बंधकों का निंदनीय उपयोग शामिल है। हमास और इज़रायल दोनों पर बंदियों का प्रचार के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया गया है, जिसमें हमास ने मंच पर बंधकों की परेड कराई और इजरायल ने फिलिस्तीनी कैदियों द्वारा पहने गए कंगन और टी-शर्ट पर अपमानजनक शिलालेख चिपकाए और उन्हें अपमानजनक मुद्रा में फोटो खिंचवाया। इज़रायली डेटा के अनुसार गाजा में कुल 63 बंधक बचे हैं, जिनमें से आधे से अधिक की मौत हो चुकी है। वहीं इजरायल ने सीरिया-लेबनान सीमा चौकियों पर हवाई हमले किए और हिजबुल्लाह पर हथियार तस्करी के लिए इन मार्गों का उपयोग करने का आरोप लगाया है।

इजरायली सेना ने कहा कि हिजबुल्लाह ने 'अवैध रूप से हथियारों के स्थानांतरण' के लिए क्रॉसिंग का उपयोग किया। इन्हें 'इजरायल और लेबनान के बीच युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन' कहा गया, जो 27 नवम्बर 2024 से प्रभावी है। आईडीएफ ने इजरायल ने हिजबुल्लाह को 'आतंकवादी संगठन' करार देकर उसकी सैन्य क्षमताओं को पुनर्निर्मित करने से रो. कने का संकल्प लिया है। ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था सीरियन ऑब्ज़र्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इजरायली हमलों ने सीरिया के बीहड़ कलामौन क्षेत्र में ठिकानों को निशाना बनाया। निगरानी संस्था ने इन स्थलों को सीरिया से लेबनान में हिज़्बुल्लाह के हथियारों के हस्तांतरण के लिए महत्वपूर्ण बताया। अब तक कोई हताहत या नुकसान की सूचना नहीं मिली, न ही कोई आधिकारिक बयान आया।



इजरायली सेना ने लेबनान और सीरिया सीमा चौकियों पर किया हमला

इज़रायली डेटा के अनुसार गाजा में कुल 63 बंधक बचे हैं

### हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह दोबारा दफन होगा

**बेरूत।** हिजबुल्लाह के चीफ रहे हसन नसरल्लाह को करीब 5 महीने बाद फिर से दफनाया जा रहा है। इजराइल ने नसरल्लाह को 27 सितम्बर को लेबनान की राजधानी बेरूत में हवाई हमले में मार गिराया था। मौत के 7 दिन बाद उसे किसी सीक्रेट जगह पर दफन कर दिया गया था। अब उसे दक्षिणी बेरूत के एयरपोर्ट रोड के पास दफनाया जाएगा। बेरूत के कैमिली चामौन स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में नसरल्लाह को अंतिम विदाई दी जा रही है। इस स्टेडियम की क्षमता 50 हजार लोगों की है। नसरल्लाह की अंतिम विदाई में 65 देशों से लगभग 800 हस्तियां शामिल हो रही हैं। इसमें कई शिया आर्गेनाइजेशन के साथ-साथ ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगैर गालिबाफ भी शामिल होंगे। इसके अलावा देश के अलग-अलग हिस्से से हजारों हिजबुल्लाह समर्थक पहुंचे हैं।

### रूस का यूक्रेन पर 267 ड्रोन से हमला यूक्रेन का जवाबी हमला नाकाम



**मास्को।** रूस ने यूक्रेन पर शनिवार रात एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। ये हमला 13 जगहों पर हुआ। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव, चेर्निहिव, मायकोलाइव और ओडेसा समेत कम से कम 13 इलाकों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं। बीबीसी के मुताबिक इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि अभी तक ये साफ नहीं है कि इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। इसके जवाब में यूक्रेन ने भी रूस पर हमला किया है। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने रविवार को कहा कि यूक्रेन ने 20 ड्रोनों से हमला किया। लेकिन उन्होंने सभी ड्रोन को मार गिराया है। यूक्रेन की डिफेंस फोर्स ने दावा किया कि उन्होंने 138 ड्रोन्स को मार गिराया है। जबकि 119 डिकाय ड्रोन थे। डिकाय ड्रोन हथियारों से लैश नहीं होते हैं। इनका इस्तेमाल दुश्मन का ध्यान भटकाने के लिए किया जाता है।

## सीएम योगी के नाम एक और कीर्तिमान दर्ज

**महाकुंभनगर।**



महाकुंभ का सबसे अधिक 18 बार दौरा करने वाले बने पहले मुख्यमंत्री

महाकुंभ का इतिहास बहुत प्राचीन है, लेकिन आजाद भारत का पहला कुंभ 1954 में 14 जनवरी से तीन मार्च तक लगा था। इस दौरान प्रयागराज में कई बार अर्ध कुंभ और कुंभ का आयोजन किया गया, लेकिन अर्धकुंभ और कुंभ के आयोजन की तैयारियों का जमीनी स्तर पर समीक्षा करने के लिए अब तक 21 मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री बन गए है, जिन्होंने मेला की समीक्षा के लिए अब तक 18 बार प्रयागराज का भ्रमण कर चुके है।

आजादी के बाद प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत थे। वह दो से तीन बार प्रयागराज आकर पैदल एवं नाव से जायजा लेकर गये थे। इसके अलावा 20 मुख्यमंत्रियों में कुंभ और अर्ध कुंभ मेले को लेकर इतना गंभीर कोई अन्य मुख्यमंत्री नहीं रहा है जिसने जमीनी स्तर पर बार-बार पहुंचकर मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को किसी प्रकार की समस्या न हो जानकारी लेते रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जनवरी से लेकर अब तक 12 बार मेले का दौरा किया। ऐसा करने वाले वह पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। इससे पहले अक्टूबर में महाकुंभ का लोगों जारी होने के बाद 23 फरवरी रविवार तक उनका 18वां दौरा है। योगी कई बार मेले की समीक्षा की जानकारी अधिकारियों से लेने प्रयागराज का दौरा करते रहे हैं, लेकिन विशेष गणमान्य राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, भूटान नरेश की अगवानी करने के लिए भी संगम नगरी पहुंचकर अनेकों बार आस्था की डुबकी लगाने वाले पहले मुख्यमंत्री भी बन चुके हैं।

### संबित पात्रा व कैलाश ने किया स्नान

**महाकुंभनगर।** दुनिया के सबसे बड़े आध्यत्मिक एवं संस्कृत समागम महाकुंभ में लोकसभा सांसद संबित पात्रा ने रविवार को त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और महाकुंभ 2025 की भव्यता की सराहना की। उनके साथ प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर ने भी स्नान कर आयोजन की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं को देखकर हुए अभिभूत हुए। संबित पात्रा ने कहा कि यहां आना और पवित्र डुबकी लगाना सौभाग्य की बात है। मैंने पुरी से प्रयागराज की यात्रा की और यहां आकर महसूस हुआ कि जन्मों के पुण्य से ही महाकुंभ संगम स्नान का अवसर मिलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विस अध्यक्ष 'सेंसर' की तरह काम न करें: महबूबा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की प्राथमिक भूमिका सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि 'सेंसर' की तरह काम करना। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा, विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की ओर से कुछ विधायकों द्वारा आगामी बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले कार्यों के संबंध में विधानसभा में प्रस्तुत किए गए नोटिसों को प्रचारित करने के खिलाफ व्यक्त की गई नाराजगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही थीं। सुश्री महबूबा ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राथर साहब विधायी कार्यवाही की पवित्रता को लेकर चिंतित हो सकते हैं, लेकिन अध्यक्ष का मुख्य कार्य सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, सेंसर का नहीं। उन्होंने कहा कि विधायी गतिविधियों में पारदर्शिता और सार्वजनिक जागरूकता को संसदीय प्रथाओं का उल्लंघन नहीं माना जाना चाहिए। इसके विपरीत, जनता को नोटिस, प्रश्नों और प्रस्तावों के बारे में सूचित करने से जवाबदेही बढ़ती है।

### भाईचारे की मज़बूती को काम करेगा मजलिसे मशावरत: नूरुल्लाह

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिसे मशावरत (एआईएम एमएम), दिल्ली चैप्टर (पंजीकृत) ने देश में बढ़ते सामा. जिक तनाव और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिशों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ मिलकर भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने की दिशा में व्यापक अभियान चलाएगा। एआईएमएमएम की बैठक के बाद संगठन के अध्यक्ष सैयद नूरुल्लाह ने आज कहा कि देश इस समय एक गंभीर दौर से गुज़र रहा है, जहां विभिन्न धर्मों के अनुयायियों के बीच सुनियोजित तरीके से तनाव फैलाने की कोशिशें हो रही हैं। यह प्रवृत्ति समाज और देश दोनों के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्व भारतीय समाज की गंगा-जमुनी तहज़ीब को नुकसान पहुंचाने की साज़िश में लगे हैं, जिसे हर हाल में नाकाम किया जाना चाहिए। सैयद नूरुल्लाह ने अमनपसंद भारतीयों से अपील की कि वे समाज में एकता और शांति बनाए रखने के लिए आगे आएं और विघटनकारी तत्वों की साजिशों को विफल करें।

### मणिपुर पुलिस ने बरामद किए हथियार चार गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में चार लोगों को गिरफ्तार करके हथियार बरामद किए हैं और तेंग्नौपाल, बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों में चार एकड़ में लगी पोस्त की खेती को नष्ट कर दिया है। एक अधिक. ारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इंफाल-पूर्वी जिले के फुनाल मा. रंग गांव से हथगोले, नौ मिमी पिस्तौल और अन्य सामग्री जब्त की गई। तेंगनौपाल जिले के सीमावर्ती शहर मोरेह में एक अन्य ऑपरेशन में, विस्फोटक उपकरण (आईईडी) और पोम्पी गोले जब्त किए गए।

## असम सीएम का मुस्लिम मुखालिफ चेहरा फिर उजागर: रजवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेल. वी ने आसाम विधानसभा की कार्यवाही पर सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि आसाम की भाजपा सरकार ने एक बार फिर मुस्लिम मुखालफत का इजहार करते हुए विधानसभा में मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे के दिन नमाज अदा करने के लिए 2 घंटे के वक्फा (शून्यकाल) के लिए 90 साल की परम्परा को खत्म कर दिया गया है। अगर चुने हुए विधायक ही अपने धार्मिक अधिकारों की अदायगी नहीं कर सकते हैं, तो असम राज्य के आम मुसलमानों के बारे में क्या कहा जा सकता है, ये बात हर शख्स सोच सकता है।

मौलाना ने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा हमेशा मुसलमानों के खिलाफ जहरीले बयान देते हैं, कभी वो एनआरसी के नाम पर आसाम और बंगाल के मुसलमानों को डराते हैं, तो कभी सीएए के नाम पर पूरे भारत के मुसलमानों को डराने की को. शिश करते हैं। मौलाना ने आगे कहा कि विधानसभा में जुमे के दिन 2 घंटे की छूट 1937 से चली आ रही है, ये छूट कोई नई परम्परा नहीं है, जो कि 90 सालों से चली आ रही है।

विधानसभा में मुस्लिम विधायकों के लिए जुमे की नमाज के लिए 90 साल की परम्परा खत्म कर दी गई



## चीन से आने वाले सामान पर शुल्क लगाए मेक्सिको: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने मेक्सिको से चीन से आने वाले सामानों पर आयात शुल्क लगाने को कहा है, ताकि मेक्सिको से आने वाले सामानों पर अमेरिकी शुल्क लागू होने से बचा जा सके। ब्लूमबर्ग ने अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए यह जानक. ारी दी।

सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि अमेरिका व मेक्सिको के प्रतिनिधि मंडलों ने गुरुवार को वाशिंगटन में मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में अमे. रिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक भी शामिल थे। उन्होंने चीन पर मेक्सिको के शुल्क के बारे में बात की। मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व अर्थव्यवस्था मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने किया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मेक्सिको ने चीन के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। बैठक व्यापार और शुल्क मुद्दों का अध्ययन जारी रखने के लिए दोनों देशों के एक कार्य समूह बनाने के समझौते के साथ समाप्त हुई। ट्रम्प ने पहले कनाडा, मेक्सिको और चीन से आने वाले सामानों पर 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने वाले कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर किए थे। मेक्सिको से आने वाले सामानों पर भी शुल्क 25 प्रतिशत होगा, लेकिन सोमवार को ट्रम्प ने देश के अधिका. रियों के साथ बातचीत करने के लिए एक महीने के लिए शुल्क को अस्थायी रूप से निलंबित करने की घोषणा की।

## यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज से

**लखनऊ, वार्ता**

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो रही हैं। परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकलविहीन बनाने की तैयारी माध्यमिक शिक्षा विभाग ने की है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है, बल्कि परीक्षार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

परीक्षार्थियों को प्राथमिक उपचार की सुविधा के साथ मनोचिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श भी दिया जाएगा ताकि छात्र परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके तहत हर परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य किट और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था की गयी है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता मिल सके। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव का प्रभाव अक्सर गंभीर समस्याओं का रूप ले लेता है। ऐसे में परीक्षार्थियों के लिए मनोचिकित्सा परामर्श सेवा की भी व्यवस्था की है।

### परीक्षार्थियों के डाटा अपलोडिंग में गलतियों की भरमार

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के आवे. दन फॉर्म भरते समय ऑनलाइन डाटा फीडिंग में निजी स्कूलों के प्रबंधकों ने बड़ी लापरवाही की है। इससे रविवार को भी राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में कई निजी स्कूल प्रबंधक व उनके प्रतिनिधि बच्चों के नाम और विषय में हुई त्रुटि को सुधरवाने के लिए पहुंचे हैं। कई स्कूल प्रबंधकों ने इसके लिए माफी भी मांगी है। बता दें इससे पहले जब ऑफलाइन प्रक्रिया होती थी, तो सभी त्रुटियों को बोर्ड के माथे मढ़ दिया जाता था, लेकिन अब ऑनलाइन आवेदन फार्म भरे जाते हैं।

# अर्थ व्यापार

## वैश्विक बाजारों का सेंसेक्स निफ्टी पर रहेगा असर



**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ योजना से वैश्विक बाजार की अस्थिरता, विदेशी निवेशकों का रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 628.15 अंक अर्थात 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 75311.06 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 133.35 अंक यानी 0.6 प्रतिशत कमजोर रहकर 22795.90 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली होने से तेजी का रुख रहा। मिडकैप 642.23 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 40374.02 अंक और स्मॉलकैप 444.75 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45856 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा टैरिफ बढ़ोतरी के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता देखी गई है। यह तनाव भारतीय बाजारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही पिछले सप्ताहों में विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली देखी गई है, जिससे बाजार में दबाव बना है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है, तो आगे भी सेंसेक्स और निफ्टी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। एफआईआई फरवरी 2025 में अबतक कुल 36976.70 करोड़ रुपये बाजार से निकाल चुके हैं। इनके अलावा अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में बदलाव भी घरेलू बाजारों पर प्रभाव डाल सकते हैं।

## विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया।

## खाद्य तेलों में टिकाव, दाल व मीठे में मिलाजुला रुख

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों में तेजी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि दाल और मीठे में मिलाजुला रुख वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा सप्ताहांत पर 124 रिंगिट उबलकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.44 सेंट की बढ़ोतरी लेकर 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और



वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 15751 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 18462 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 15457 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13187 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16044 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चना 100 रुपये और दाल चना 100 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती जबकि मसूर दाल 100 रुपये, मूंग दाल 100, उड़द दाल 100 रुपये और अरहर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: अनाज मंडी में टिकाव रहा।

इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई, जबकि गुड़ के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**चैंपियंस ट्रॉफी....**

बनाए। अबरार अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। को. हली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बाल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

**केंद्र एडवोकेट...**

जाएगा। अभी कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस करने वालों को ही कानूनी व्यवसाई माना जाता है। एक्ट 1961 की धारा 4 में संशोधन का प्रस्ताव है। इससे केंद्र को बीसीआई में निर्वाचित सदस्यों के साथ 3 सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिल जाएगा। इससे केंद्र कानून के प्रावधानों को लागू करने में बीसीआई को निर्देश दे सकेगी। मौजूदा स्थिति में बीसीआई के सदस्य राज्य बार काउंसिल द्वारा चुने जाते हैं। बिल में एक नई धारा 33ए जोड़ी गई है। इसके मुताबिक अदालतों, ट्रिब्यूनल और अन्य प्राधिकरणों में वकालत करने वाले सभी वकीलों को उस बार एसोसिएशन में पंजीकरण कराना होगा, जहां पर वे वकालत की प्रैक्टिस करते हैं। शहर बदलने पर वकील को 30 दिन के अंदर बार एसोसिएशन को बताना होगा। कोई वकील एक से ज्यादा बार एसोसिएशन का सदस्य नहीं हो सकेगा। वकील को केवल एक ही बार एसोसिएशन में मतदान करने की अनुमति होगी। इसे वकील उनकी आजादी और वोट के अधिकार में केंद्र का दखल मान रहे हैं। अभी वकील एक साथ कई बार एसोसिएशन का सदस्य हो सकते हैं। सभी के चुनाव में वोट कर सकते हैं।

**मन की बात...**

और कम्युनिटीज के साथ-साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। इससे जहां भावी पीढ़ियां प्रेरित होती हैं, वहीं कल्चरल एक्सीलेंस को भी बढ़ावा मिलता है।

उत्तराखंड में हुए नेशनल गेम्स ने ये भी दिखाया कि कभी हार न मानने वाले जीतते जरूर हैं। कम्फर्ट के साथ कोई चैंपियन नहीं बनता। आज देश-भर में इन खेलों के कुछ यादगार प्रदर्शनों की खूब चर्चा है। इन खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मेडल जीतने वाली सर्विस की टीम को मेरी बहुत-बहुत बधाई। राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूं।

## गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को गुलमर्ग में हेली-स्कीइंग के शौकीन पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का उद्घाटन किया। इस मौके पर अब्दुल्ला ने संवाददाताओं से कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा से गुलमर्ग में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा।

कई स्कीयर हेली-स्कीइंग को प्राथमिकता देते हैं, भले ही उनके पसंदीदा स्थान सुलभ हों, लेकिन उच्च ऊंचाई वाले शुरुआती लबदुओं तक परिवहन की कमी के कारण उन्हें अक्सर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह नई सेवा उस समस्या का समाधान करेगी और उनके अनुभव को बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आज से न केवल हेली-स्कीइंग शुरू हो गई है, बल्कि जो पर्यटक दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए आ रहे हैं, वे गुलमर्ग में अफरवत और सनशाइन चोटी सहित ऊंची चोटियों पर जाने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठा सकते हैं। इस बार हेलीकॉप्टर सेवा केवल सर्दियों के दौरान नहीं बल्कि पूरे साल पर्यटकों के लिए उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुलमर्ग अब न केवल गोंडोला केबल कार की सवारी, बल्कि साल भर पर्यटकों के लिए हेली-स्कीइंग और हेलीकॉप्टर सफारी सेवा के लिए भी जाना जायेगा और इससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। खेलो इंडिया विंटर गेम्स के बारे में उन्होंने कहा कि हम अभी विंटर गेम्स की तिथि की घोषणा करने की स्थिति में नहीं हैं। छब्बीस फरवरी के आसपास और तीन दिनों तक हिमपात होने का अनुमान है और उसके बाद स्की फेडरेशन के विशेषज्ञ ढलानों की जांच करेंगे और अगर उन्हें लगता है कि विंटर गेम्स आयोजित करने के लिए पर्याप्त बर्फ है, तो हम तारीखों की घोषणा करेंगे। मैं चाहता हूं कि अगर इस अवधि के दौरान पर्याप्त हिमपात होता है, तो खेल मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित किए जा सकते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं। 21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग से लाखों के पाइप जलकर हुए खाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। अचानक खाली प्लॉट में रखे प्लास्टिक के पाइपों में आग लगने के कारण अफरा तफरी मच गई।

रविवार को झकड़ी अड्डे के पास स्थित प्लॉट में अचानक लगी आग तेजी से फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। आग से निकल रहे धुएं के कारण आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में हर घर जल योजना के लिए रखे गए सभी पाइप जलकर नष्ट हो गये। जिससे लाखों रुपए का नुकसान होना बताया जा है। आग लगने के कारणों का पता नही लग पाया है।

### प्रियांश ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेएस हिन्दू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य के भतीजे प्रियांश सिंह ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। जोया रोड स्थित रानी नगर चिड़ियाबाग निवासी प्रियांश ने राजनीतिक विज्ञान में नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने स्नातक जेएस हिन्दू डिग्री कालेज से किया। डीयू से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर के अन्तिम सेमेस्टर में है। वह दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। इनकी माता बेबी गीता बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिका हैं जबकि पिता डा. सुरेन्द्रपाल सिंह जेएस हिन्दू डिग्री कालेज में वरिष्ठ सहायक के पद पर हैं। प्रियांश के चाचा डा. जीपी सिंह ने जेएस हिन्दू इंटर कालेज में प्रधानाचार्य हैं। श्री सिंह के छोटे भाई विजेन्द्रपाल सिंह जोया ब्लाक में लेखाकार के पद पर हैं। पिता नत्थू सिंह कर अधीक्षक पद से सेवा. निवृत्त होकर समाजसेवा कर रहे हैं।।

### रैली निकाल धूम्रपान के प्रति जागरुक किया

**रहरा**। स्वयं सेविकाओं ने रैली निकालकर ग्रामीणों को मधनिषेध के प्रति जागरूक किया। रविवार को राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी की राष्ट्रीय सेना योजना के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयं द्वारा मेध निषेद के प्रति जागरुकता रैली निकाली। नारों द्वारा मलिन बस्ती मधनिषेध, धूम्रपान गुटखा आदि नशीली वस्तुओं के बारे में बताया तथा उनके द्वारा होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में ग्रामीणां को अवगत कराया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. दलीव कुमार, प्राचार्य डा० पुषेन्द्र कुमार, अजय कुमार, तोताराम आदि उपस्थित रहे।

# बम भोले के उद्घोष संग निकले कांवड़ियों के जत्थे

## धनौरा बिजनौर मार्ग पर रहा भारी वाहनों का रूट डायवर्जन, पुलिस रही सतर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक करने के लिए शिव भक्तों के जत्थे रविवार को नगर से होकर गुजरे। कांवड़ियों के आवागमन के चलते नगर का वातावरण भी भक्तिमय हो गया। कांवड़ियों की सेवा के लिए नगर के विभिन्न स्थानों पर सेवा शिविर भी लग गए। 26 फरवरी को महा. शिवरात्रि पर्व के अवसर पर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने शिव भक्त हरिद्वार से जल भरकर ला रहे हैं। आज बिजनौर धनौरा मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या पिछले दिनों की अपेक्षा काफी ज्यादा रही। शिवभक्तों का स्वागत और सेवा करने के लिए नगर के साथ साथ धनौरा रोड पर कई स्थानों पर सेवा शिविर

**कांवड़ियों के जत्थों ने नगर के लोगों का मन मोहा**

बनाए गए हैं, जहां पर कांवड़िए विश्राम करके अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। आज शहर से खुर्जा, बरेली आदि दूर दूर के रहने वाले जत्थे पास हुए, स्थानीय एवं क्षेत्रीय शिवभक्तों की संख्या सोमवार से और भी ज्यादा बढ़ जाएगी। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या के चलते पुलिस ने धनौरा मार्ग पर भारी वाहनों को बदले हुए मार्ग से चलाया गया तो वहीं कारों आदि को भी खादगूजर मूंढ़ा मुकारी होते हुए पास किया गया।

**नजीबाबाद पैसेंजर में देखने को मिली शिवभक्तों की भीड़**

नगर के रेलवे स्टेशन से दोपहर के समय जाने वाली नजीबाबा पैसेंजर से भी भारी संख्या में शिवभक्त हरिद्वार के लिये जल भरने रवाना हुए। वहीं रात के समय जाने वाली पैसेंजर रद्द होने से शिवभक्तों को निराशा हाथ लगी, उन्हें अपनी यात्रा बसों, निजी वाहनों आदि के द्वारा ही पूरी करनी पड़ी। बता दें कि रात को नजीबाबाद जाने वाली पैसेंजर 28 फरवरी तक रद्द है।



गजरौला। बम भोले के उद्घोष संग मंजिल की ओर बढ़ते कांवड़िये।

# डीसीएम से टकराई कार, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर डीसीएम में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने उसे रेफर कर दिया। पीलीभीत निवासी देवेन्द्र व उसका साथी गौरव रविवार की सुबह अपनी कार लेकर किसी काम से दिल्ली जा रहे थे। जैसे ही वह

**कार सवार दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल**

गजरौला स्थित हाईवे पर पहुंचे तो आगे चल रही डीसीएम में उनकी कार अनियंत्रित डीसीएम में पीछे से घुस गई। जिसमें कार चालक देवेन्द्र की मौके पर ही मौत हो गई। जिससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। जबकि उसका गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही जमा हुए राहगीरों ने



घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। एसएसआई ब्रजेश कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएंगी।

# मारपीट में महिलाओं समेत छह घायल

## मामूली कहासुनी पर भिड़े दो पक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। महिलाओं समेत छह लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने बमुश्किल मामला शांत कराया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर आठ नामजद व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव अशरफपुर फैजगंज की है। यहां पर रफीक व मारूफ के परिवार रहते हैं। शनिवार रात गांव में एक वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। संगीत के कार्यक्रम में दोनों परिवार की महिलाएं गई हुई थीं। किसी बात को लेकर दोनों पक्ष की महिलाओं के बीच आपस में कहा. सुनी हो गई। ग्रामीणों ने उस समय समझाकर मामला निपटा दिया लेकिन बाद में दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। उनके बीच जमकर मारपीट हुई, एक-दूसरे पर पथराव किया गया। घटना में दोनों पक्षों की तरफ से छह लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने बमुश्किल बीच-बचाव कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने मामले में रफीक की तहरीर पर मारूफ, गुलाम, गौसे आजम, इस्मे, आजम व कासिम तथा अज्ञात के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष से ताहिर की तहरीर पर नईम, शफीक, मुस्तकीम व फिरोज के साथ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही

# महाशिवरात्रि पर धड़ल्ले से बिक रहा मीट

## सीएम के आदेश को दिखाया ठेंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। स्थानीय पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों को ठेंगा दिखा रही है। सीएम ने आदेश दिया था कि महाशिवरात्रि पर मीट की दुकाने नहीं खुलेंगी। इसके बावजूद कस्बे में धड़ल्ले से पुलिस से साठगांठ कर मीट बेचा जा रहा है।

स्थानीय पुलिस को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आदेश मायने नहीं रखता। इसकी एक बानगी इस समय देखने को मिल रही है। सीएम ने महाशिवरित्र पर 26 फरवरी तक मीट की दुकाने बंद रखने का आद. `श दिया था। इसके बावजूद आज कस्बे में दर्जनों दुकानों पर धड़ल्ले से मीट बेचा गया। जब शाह टाइम्स संवाददाता ने एक मीट विक्रेता से इस संबंध में बात की तो उसने बताया कि उन सभी मीट विक्रेताओं की पुलिस से सैटिंग हो गयी है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्थानीय पुलिस सीएम के आदेश को कितने तवज्जो देती है। इस संबंध में इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह से बात की गयी तो उन्होने बताया कि तीन दिन पहले ही मीट दुकानदारों को नोटिस जारी कर मीट की दुकाने बंद रखने का आद. `श दिया गया था।

# नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी संग फरार

## रिपोर्ट दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। प्रेम-प्रसंग के चलते घर में रखी नकदी व जेवरात लेकर युवती प्रेमी संग फरार हो गई। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। मामले में मुरादाबाद के रहने वाले प्रेमी व उसके दोस्त के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कार्रवाई के बाद पुलिस प्रेमी युगल की तलाश में जुटी है।

मामला रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। एफआईआर के मुताबिक बीती 18 फरवरी की सुबह किसान की 18 वर्षीय बेटी अचानक घर से लापता हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। घर से डेढ़ लाख रुपये की नकदी, करीब दो तोले सोने के जेवरात व कपड़े गायब मिलने पर किसान के होश उड़ गए। जानकारी करने पर चला कि मुरादाबाद जिले के छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा के रहने वाले लकी तथा मद्पुरा पीपली कलां के रहने वाले विशाल व उसका पिता मूलचंद युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। लिहाजा, किसान ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। युवती को जल्दी बरामद कर लिया जाएगा।

# पुलिस ने डंडे बरसाकर दुकानदारों को खदेड़ा

## नगर पंचायत को एक लाख 94 हजार का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। साप्ताहिक बाजार में दुकाने व फड़ लगाने वाले दुक. ानदारों को पुलिस ने खदेड़ दिया। जिससे नगर पंचायत को पौने दो लाख रूपये की क्षति हुई।

बताते चलें कि कस्बे में रविवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगता है। जिसका ठेका नगर पंचायत द्वारा दिया जाता है। आज सुबह से ही साप्ताहिक बाजार में दुकानदार अपनी फड़े व दुकाने लगाने पहुंच गये। तभी चौकी प्रभारी कमल सिंह पुलिस बल के साथ यहां पहुंच गये तथा उन्होंने डंडे बरसाकर उन्हें खदेड़ दिया। जिससे दुकानदारों में अफरा तफरी मच गयी। पुलिस के डंडे से बचने के लिए कुछ दुकानदार जल्दी से अपना सामान समेटकर इधर उधर खिसक लिये। बाजार न लगने से नगर पंचायत को एक लाख 94 हजार रूपये का नुकसान है। क्योंकि पिछले वर्ष एक वर्ष के लिए साप्ताहिक बाजार का ठेका 97 लाख 15 हजार रूपये में छूटा था। उधर पुलिस का कहना है कि महाशिवरात्रि के चलते बीते दिन ही उन्होंने ठेकेदार से बाजार न लगाने के लिए कह दिया था।



हसनपुर। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह कार्यक्रम में वर वधु को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

# 190 जोड़े एक-दूसरे के जीवन साथी बने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रविवार को तहसील क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 190 जोड़े एक दूसरे का हाथ थामकर जीवन भर के लिए एक दूजे के हो गये। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के मैदान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत हसनपुर ब्लॉक, गंगेश्व. री ब्लॉक, हसनपुर नगर पालिका, उझारी नगर पंचायत एवं सैदनगली नगर पंचायत की मिलाकर कुल 190 शादियां हुई। जिसमें से 149 हिंदू रीति रिवाज एवं 41 मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार संपन्न की गई। सभी जोड़ों को योजना के तहत दिये जाने वाले चेक व उपहार देकर विदा किया गया। पंडाल में जहां फेरों के मंत्रोच्चारण की गूंज सुनाई दी तो दूसरी और मौलवी ने निकाह पढ़वाया। कार्यक्रमों में हसनपुर ब्लांक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, भाजपा नेता मुदित गुर्जर, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा ने आशीर्वाद व प्रमाण पत्र दिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## पति से अलग रहकर फैक्ट्री में करती थी नौकरी

# कमरे में फंदे से लटका मिला महिला का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। पति से अलग होने के बाद किराए के मकान में रहकर फैक्ट्री में नौकरी करने वाली विवाि. हता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव कमरे में ही दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस विवाहिता की मौत को आत्महत्या मान रही है।

मूलरूप से असम निवासी 28 वर्षीय पूजा की शादी छह साल पहले बुलंदशहर जिले के स्याना थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी केशव के साथ हुई थी। पूजा की मां कनक भी अमरोहा में रहती हैं। पूजा के दो बेटियां और एक बेटा है। तीनों अमरोहा में नानी के साथ रहते हैं।



पुलिस के मुताबिक एक साल पहले पति केशव से अलग होने के बाद पूजा हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में मजदूरी करती थी। मां के साथ रहने के बजाय वह डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव चौधरपुर में राशिद के मकान में किराए पर रहती थी। शनिवार रात पूजा की इसी घर में ही संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रविवार सुबह उसका शव पंखे के दुपट्टे के सहारे फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जांच-पड़ताल की। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि शुरुआती छानबीन में सामने आया है कि मृतका पूजा पति के अलग होने के बाद से मानसिक रूप से बहुत ज्यादा परेशान रहती थी। बच्चों से जुड़ा खर्च उठाने में भी उसे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते ही पूजा ने शायद आत्महत्या की है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# निकाह होने के बावजूद दूसरी शादी करने पहुंची महिला

## ससुरालियों ने मौके पर पहुंचकर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में एक बड़ा मामला सामने आया है। एक पहले से विवाहित महिला दूसरी शादी करने पहुंची थी।

सोहत गांव की रहने वाली आंसमा की शादी तीन साल पहले रहरा थाना क्षेत्र के जयतौली गांव निवासी नूर मोहम्मद से हुई थी। पारिवारिक विवाद के कारण आंसमा अपने पिता के घर रह रही थी। दोनों का मामला न्यायालय में विच. ाराधीन है। रविवार को आसमा संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी जाबिर के साथ निकाह करने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंच गई। इसकी जानकारी मिलते ही उसके ससुराल वाले



मौके पर पहुंच गये। उन्होंने दोनों को पकड़ लिया। मामला मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार के सामने पेश किया गया। उन्होंने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया। फर्जी जोड़े का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह का फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### निर्माणाधीन कारखाने से लोहा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। निर्माणाधीन कारखाने से अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री से लोहे का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव हैबतपुर के बाहर गांव निवासी मुनेंद्र सिंह कारखाने का निर्माण कर रहे हैं। उनका आरोप है कि शुक्रवार की रात को उनकी फैक्ट्री से लोहे के गाटर, चौनल, लोहे की चादरें अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। चोरी की घटना का पता उन्हें अगले दिन चला। पीड़ित ने पीआरबी को सूचना दी। लोहे के गाटरों को चोरों ने कटर से काट लिया। इसके प्रमाण उन्हें मौके पर मिले हैं। पीड़ित ने इस संबंध में अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

# सभी वर्गों को साथ लेकर चलती सपा

## सलेमपुर में पीडीए जन चौपाल आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गजरौला**। सपा पीडीए चर्चा कार्यक्रम के तहत पीडीए जन चौपाल का आयोजन रविवार को क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाई में डॉ. राजवर्धन जाटव के आवास पर किया गया। चौपला में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा संविधान को बचाने के लिए सड़क से लेकर संसद तक किये जा रहे संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाना है। जिससे पीडीए के लोग भाजपा की डबल इंजन सरकार के संविधान विरोधी नीतियों को जान सकें और 2027 में समाजवादी की सरकार बनाये। निवर्तमान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी डॉ राजवर्धन जावट ने कहा



कि संविधान को बचाना ही पीडीए के लोगों का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष अमीर राजा जैदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की नीति और विचारों को जमीन पर ले जाना ही हम लोगों का अंतिम लक्ष्य है। विपिन कौशिक, मयंक प्रताप, सचिन गौतम, साजिद मलिक, कामिल मंसूरी, नौशाद शेख, मो. हसिन खान, आदित्य, मोनू, बाबूराम, निशांत, अनुज आदि मौजूद रहे।

# शरारती तत्वों ने तोड़ी गोशाला की दीवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कान्हा गौशाला के मार्ग में बनी दीवार को देर रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। सुबह पता चलने पर पालिका प्रशासन द्वारा दोबारा से दीवार को सही कराया गया।

नगर के मोहल्ला खैवान में कान्हा गौशाला स्थित है। जिसका संचालन नगर पालिका परिषद हसनपुर के द्वारा किया जा रहा है। कान्हा गौशाला के गेट से लेकर सड़क तक दीवार हुई भी है। इस दीवार के पीछे कुछ लोगों के खेत स्थित है। जिनका कोई रास्ता नहीं है। शनिवार की देर रात्रि अज्ञात लोगों द्वारा दीवार को तोड़ दिया गया। सपा नेता नवल जाटव द्वारा बताया गया कि देर रात्रि किसी के द्वारा पालिका की दीवार को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वहीं रविवार की सुबह जैसे ही पालिका प्रशासन को इस बात का पता चला तो उन्होंने ठेकेदार भेज कर दीवार को सही कर दिया गया। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह द्वारा बताया गया कि अज्ञात लोगों के द्वारा देर रात गौशाला की दीवार को तोड़ दिया गया था जो सही करवा दी गई है।

# हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता बैठे धरने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। गौशाला में पशुओं को चारा डालने जा रहे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को रोके जाने से नाराज होकर वह धरने पर बैठ गये।

रविवार को दोपहर 12 बजे नगर की कान्हा गौशाला में विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल और नगर मंत्री अमित शर्मा गौ सेवा के लिए गुड़ और हरा चारा लेकर पहुंच गये। गेटकीपर ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। उसने कहा कि नगर पालिका प्रशासन के अलावा किसी को गौशाला में प्रवेश की अनुमति नहीं है। कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका का ईओ को फोन किया। लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। एसडीएम ने भी नगर पालिका से अनुमति लेने की बात कही। जिससे नारज होकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये। चेयरमैन और ईओ ने आकर गेट खुलवाया। मोहित अग्रवाल ने बताया कि गौशाला में डॉक्टर न होने के कारण हरा चारा वापस



भेजना पड़ा। गौशाला में कई गायें बीमार हैं और कुछ मरणासन्न अवस्था में हैं। इस दौरान बजरंग दल संयोजक राहुल हिंदुस्तानी, विहिप उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जगबीर मौर्य, प्रवेश शर्मा, गौरव चौहान, विकास कुमार और अंकित कुमार समेत कई कार्यकर्ता गौशाला के बाहर धरने पर बैठे रहे।

# नई नस्ल को तालीम से जोड़ें: मौलाना अकील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शिया धर्मगुरु अल्लामा मौलाना अकील अल गारावी ने नई नस्ल को शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया। कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा रास्ता है जिसके जरिए ही अपनी एक अलग पहचान कायम की जा सकती है। उन्होंने कौम की मौजूदा सूरतेहाल पर अफसोस भी जताया।

रविवार को शहर के मोहल्ला जाफरी स्थित इमामबाड़े में सैय्यद मनाजिर हसन नकवी की बरसी की मजलिस को खिताब करने अमरोहा पहुंचे मौलाना अकील अल गारावी ने कहा कि शिक्षा हासिल करते हुए हमें अपनी जिम्मेदारियों का पूरा ध्यान रखना चाहिए। शिक्षित इंसान के द्वारा समाज के काम आना भी बड़ा सवाब का काम है। इसके अलावा मौलाना ने नई पीढ़ी को हिन्दी, उर्दू अंग्रेजी के साथ अन्य भाषाओं की भी शिक्षा दिलाने पर खास जोर दिया। उन्होंने बताया कि मौजूदा वक्त के हिसाब से शिक्षा हासिल करना और फिर अपने समाज और देश के काम आना बहुत अच्छा काम है। मौलाना ने अमरोहा की तारीख पर भी रौशनी डाली और बताया कि इस सरजमीं पर पले-बढ़े डा.अजीम अमरोहवी और प्रोफेसर मंजर अब्बास नकवी ने इस शहर का नाम रोशन किया। मौलाना ने कहा कि हमें अपने अच्छे किरदार और कार्यों के माध्यम से जिंदगी बसर करनी चाहिए। आखिर में मौलाना ने कर्बला की दास्तां पेश की जिससे मजलिस का माहौल गमगीन हो गया। इससे पूर्व सैय्यद सिब्ते सज्जाद नकवी और उनके साथियों ने मर्सिया पेश किया। मजलिस में मौलाना डा.शहवार हुसैन, मौलाना कौसर मुज्तबा, अख्तर अब्बास अप्पू, डा.जफर, खुर्शीद जैदी, डा.चंदन नकवी, हैदर नकवी, जमाल नजमी आदि मौजूद रहे

# शिवरात्रि के अवसर पर निकाली शोभायात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा रविवार को सामूहिक योग मोहल्ला कोट अमरोहा से शिवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में एक शिवलिंग शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का उद्देश्य मानव के अंदर आध्यात्मिक चेतना को जगाना, दैवी गुणों का संचार करना, विकारों से बचाना तथा शिव पिता का प्रचार प्रसार करना था। धनौरा से पधारी संस्था की जिला प्रभारी राजयोगिनी मनीषा द्वारा झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। अमरोहा सेवा केंद्र की प्रभारी बीके योगिता के निर्देशन में इस शोभायात्रा में सबसे आगे एक बहन शिवध्वजा के साथ अगुवाई करते हुए चल रही थीं। यह शिवलिंग शोभायात्रा कोट चौराहे से कटरा, कोतवाली, बड़ाबाजार, जट बाजार, तहसील, चौक, कुरेशी, वासुदेव नगर होते हुए चूना भट्टी पर संपन्न हुई। बीके योग्यता बहन ने बताया कि जब काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसे पांच विकारों की अग्नि में पृथ्वी जलने लगती है, तब उसे छुड़ाने के लिए हम आत्माओं पिता परमात्मा शिव इस धरती पर अवतरित होते हैं। उन्हीं की याद में हम सब हर वर्ष शिवरात्रि का त्यौहार मनाते हैं। यात्रा में चलते हुए भाई बहनों द्वारा आध्यात्मिक नारे लगाए जा रहे थे जो कि इस शोभा यात्रा में चार चांद लगा रहे थे। यात्रा उपरांत बीके सतीश एवं सीमा के निवास स्थान पर शिव ध्वजारोहण किया गया। इस शोभा यात्रा में समर्पित बहन बीके योग्यता, बीके अर्चना, बीके प्रवेश, बीके विनीता के अतिरिक्त दिनेश, राकेश भाई, उमेश, बलवंत, सतीश भाई, भरत, भारती, सुनीता आदि समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# भोले के जयकारों से गूंजा शहर

**मंडी धनौरा**। कांवड़ियों की बढ़ी शहर में आमद शिव भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई है। भोले के जयकारे लगाते हुए कांवड़िये शहर में गुजर रहे हैं। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट नजर आ रही है। स्टेट हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन पुलिस ने रोक दिया है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व है। हरिद्वार से गंगाजल लेकर हाथरस, अलीगढ़ व बुलंदशहर आदि जनपदों के लिए जाने वाले शिव भक्तों का शहर में आगमन भी शुरू हो गया है। रविवार को शिव भक्त शहर को होते हुए गुजरे। जिनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी मुस्तैद दिखाई दी। बिजनौर स्टेट हाईवे वह शहर में जगह-जगह पुलिस पिकेट तैनात की गई है। बिजनौर की तरफ से आने वाले भारी व हल्के वाहनों का वैकल्पिक रास्तों से डायवर्जन शुरू कर दिया गया हैं। उधर शिव भक्तों की सेवा को लेकर जगह-जगह शिविर भी लगाए गए हैं।

# संत गाडगे के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। अमरोहा धोबी महासभा की ओर से फ्रेंड्स कॉलोनी में बाबा संत गाडगे जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बाबा गाडगे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया और समाज के लोगों से शिक्षा को अपनाने व अंधविश्वासो से दूर रहने का आह्वान किया। फ्रेंड्स कॉलोनी में राजेंद्र सिंह दिवाकर के आवास पर आयोजित बाबा संत गाडगे जन्मोत्सव कार्यक्रम में वक्ताओं ने बाबा गाडगे के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा ने जीवन भर समाज को अंधविश्वासों से दूर रहने तथा मांसाहार व शराब सेवन से बचने की सीख दिया। सभी ने समाज के विकास के लिए शिक्षित क्रांति की ओर ले जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में डॉ.बनवारी लाल पवार, राजकुमार दिवाकर, राकेश रघुवंशी, सतीश रघुवंशी, विनोद दिवाकर, खजान सिंह, दिवाकर संजीव रघुवंशी, आकाश रघुवंशी, रामगोपाल भारती ,लव हंस रघुवंशी ,राजेंद्र सिंह, दरिया सिंह, श्रीमती केला देवी ने भाग लिया। संचालन राकेश रघुवंशी ने किया।

**■ धोबी महासभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित**

# स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुधारें: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। महाशिवरात्रि पर्व के चलते शिव भक्त कावड़ियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए विद्युत संचालन के अभाव में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को विद्युत संचालन कर चलाने के लिए एसडीएम ने विद्युत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। नगर पालिका परिषद द्वारा क्षेत्र के गांव बसेली रेलवे फाटक के पास लगवाई गयी स्ट्रीट लाइट विद्युत संचालन न होने के कारण अंधकार में डूब रही हैं। महाशिवरात्रि पर्व के चलते शिव भक्त कावड़ियों को कोई परेशानी ना हो इसके लिए उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण गजरौला को निर्देश दिए हैं कि वह अपने स्तर पर विद्युत संचालन करना सुनिश्चित करें ताकि से भक्त कावड़ियों को श्रद्धालुओं को रात्रि में किसी तरह की कोई समस्या न हो।

**■ महाशिवरात्रि पर करें विशेष व्यवस्था**

# कृषक गोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। किसानों को कृषि यंत्रों का वितरण अनुदान पर किया गया। कृषि यंत्र मेले में किसानों को यंत्रों के बारे में जानकारी भी दी गई। रविवार को याहियापुर के सूती मिल के प्रांगण में कृषि यंत्र एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मेले में किसानों को छोटे ट्रैक्टर एम बी प्लाऊ ट्रंच प्लांटर आदि कृषि यंत्रों का वितरण अनुदान पर किया गया। इस अवसर पर गन्ना विकास समिति अमरोहा के अध्यक्ष कमल सिंह, सहायक निदेशक डॉक्टर पीके कपिल, राजेश कुमार, सुखबीर सिंह, योगेश्वर सिंह ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर इंद्रवीर सिंह जोगेंद्र मलिक विपिन कुमार आदि मौजूद थे।

# प्यासे पंछी मारते रहते अनगिन चोंच, पानी पर पड़ती नहीं फिर भी एक खरोंच....

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। सुविख्यात महाकवयित्री एवं 'मधुरम' संस्था की अध्यक्ष डॉ.मधु चतुर्वेदी की नवीनतम कृति 'कुण्डलिया नीति-शतक' का लोकार्पण एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन हाइवे स्थित भजन रेस्टोरेंट में किया गया। गोष्ठी में देश के ख्यातिप्राप्त रचनाकारों के साथ साथ स्थानीय कवियों ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मिर्जापुर से आए मुख्य अतिथि देवेन्द्र देव 'मिर्जापुरी', विशिष्ट अतिथि डॉ.राजेश सारस्वत व डॉ. मधु चतुर्वेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि ने

**■ महाकवयित्री डॉ.मधु चतुर्वेदी की नवीनतम कृति का विमोचन व काव्य गोष्ठी आयोजित**

महाकवयित्री डॉ.मधु चतुर्वेदी द्वारा की जा रही साहित्य सेवा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की, कहा कि आज मधु चतुर्वेदी का नाम साहित्य क्षितिज पर सुनहरे अक्षरों से अलंकृत है। उन्होंने अपने साहित्य के माध्यम से गजरौला की पहचान भारत के साथ साथ विदेशों में भी बढ़ाई है। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में अनेकों प्रतिभाओं को मार्गदर्शन व मंच प्रदान करके आगे बढ़ाने का कार्य किया है। गोष्ठी में मुख्य अतिथि देवेन्द्र देव मिर्जापुरी ने अपनी पंक्तियां पढ़ते हुए कहा कि, ' हे नारी! तुम कोमलता की पराकाष्ठा हो जग में, किन्तू नहीं हिमगिरि से कमतर हो अपने जीवन मग में।'कवि मुत्युन्जय साधक ने कहा कि, 'है दिल की बात तुझसे मगर खोल रहा हूं, मैं चुप्पियों में आज बहुत बोल रहा हूं।' संस्था के महासचिव डॉ.चेतन आनंद ने पढ़ा कि, 'चार शायर मिल गए तो शायरी होनी ही थी। इन अंधेरो में फिर से रोशनी होनी ही थी। 'शशि त्यागी ने कहा कि, 'अब कहीं खेल तमाशे नजर नहीं आते, अब जमीं पर सितारे नजर नहीं आते।' डॉ.अंजु सुमन साधना ने कहा कि, ' प्यासे पंछी मारते, रहते अनगिन चोंच, पानी पर पड़ती नहीं, फिर भी एक खरोंच।' सफर अमरोहवी ने कहा कि, ' अगर पत्थर नहीं तो आग फिर




हम, रगड़कर एड़ियां पैदा करेंगे।' कार्यक्रम में डॉ.राजेश सारस्वत, डॉ.यतीन्द्र कटारिया, चेतन रामकिशन 'देव', रेखा रानी, इन्दू रानी, मधुसूदन चतुर्वेदी, अजय जुगरान आदि रचनाकारों ने अपनी रचनाएं पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृति के विमोचन के अवसर पर महाकवयित्री डॉ.मधु चतुर्वेदी भावुक हो गईं, उन्होंने कहा कि वे साहित्य की सेवा इसी लय व तन्मयता के साथ करती रहेंगी। उन्होंने अपने महाकाव्य 'देवयायिनी' सहित अपने द्वारा लिखित कृतियों पर भी रोशनी डाली। इस अवसर पर कमल अग्रवाल, सम्राट अग्रवाल, डॉ.मंजू सिंह, आयुषी, तनुजा, नीतू आदि मौजूद रहे।


**मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अव्यवस्थाएं हावी**

# कहीं लटके ताले तो कहीं दवा के लाले

## शेरपुर पीएचसी पर ताला, ढयोटी-कमेलपुर व चुचैला में वार्ड ब्वाय ने किया इलाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आरोग्य मेला जिम्मेदारों की लापरवाही से अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया। शासन-प्रशासन से सख्त आदेश होने के बाद भी कहीं ताले लटके मिले तो कई पीएचसी में आरोग्य मेला में फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वॉय के सहारे मरीज रहे। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक फोटो खिंचवा ग्रुप में डालने के बाद घर पर आराम करते हैं। डॉक्टर के न होने पर फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय ने मरीजों को देख दवा वितरित की। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर इलाज के लिए ब्लॉक क्षेत्र के चार स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के आयोजन का दावा स्वास्थ्य विभाग करता है। लेकिन आयोजन की सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक घर पर आराम करते हैं। इस कारण रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के दौरान कहीं ताले पड़े मिले तो कहीं वार्ड बॉय और फार्मासिस्ट ने मरीजों का इलाज किया। रविवार को शाह टाइम्स संवाददाता ने पड़ताल की तो मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में स्वास्थ्य विभाग के दावे हवा हवाई नजर आए। सर्दी, खांसी, बुखार, सांस की परेशानी, हाई बीपी, शुगर व जोड़ों में दर्द के मरीज इस समय बढ़े हैं। ऐसे लोग आरोग्य मेले में पहुंचते हैं तो चिकित्सक न मिलने पर निराश लौट जाते हैं। सीएचसी पर भी आरोग्य मेले में कोई चिकित्सक नहीं था यहां भी अरोग्य मेला नही लगा। मरीज अस्पताल परिसर में आकर लौट गए। जबकि इमरजेंसी में डॉ रामशंकर अपनी डयूटी कर रहे थे।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेरपुर के गेट पर लगा ताला




प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुचौला कला में आरोग्य मेले में मरीजो को दवाई देते वार्डब्वाय



**मंडी धनौरा**। अभी मैं लखनऊ में ही हूं विधानसभा सत्र चल रहा है स्वास्थ्य विभाग जो लापरवाही कर रहा है इसके विषय में स्वास्थ्य मंत्री जी से शिकायत की जाएगी। योगी सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की योजना का लाभ पहुंचे। संज्ञान में आया है कि जन आरोग्य मेला जो लगता है वहां तले बंद थे कुछ जगह स्टाफ नहीं था डॉक्टर गायब थे। पूरे मामले से स्वास्थ्य मंत्री जी को अवगत कराया जाएगा। संबंधित के खिलाफ कार्यवाही को कहा जायेगा।

**राजीव तरारा, विधायक मंडी धनौरा**

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेरपुर 11.29 बजे

**मंडी धनौरा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शेरपुर में करीब साढ़े 11 बजे गेट पर ताला लटका हुआ था। गांव निवासी जतिन, बुन्दो, माया देवी, ओमकार व यूनुस अस्पताल पर डॉ साहब के इंतजार में खड़े थे लेकिन काफी देर तक इंतजार कर बिना दवाई के ही वापस लौट गए। कुछ अन्य ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को शेरपुर स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेले का आयोजन नहीं किया जाता है जबकि शासन के स्पष्ट आदेश हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को सीएचसी पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन हो।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमेलपुर 01.05 बजे

**मंडी धनौरा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमेलपुर में बिना चिकित्सक के ही मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगाकर खानापूर्ति की गई। समय 01:05 पर लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय के सहारे लोगो का इलाज किया जा रहा था। चिकित्सक के बारे में पूछने पर बताया कि यहां डॉ स्वाति की ड्यूटी है लेकिन वो आयी नही। इतना ही नही ग्राम प्रधान मीना देवी ने कहा कि कमेलपुर पीएचसी पर डॉ स्वाति की ड्यूटी रहती हैं इनके द्वारा शाशन की योजनाओं के निर्देशों का अनुपालन नही किया जा रहा इससे ग्रामीणों में रोष हैं, डॉ स्वाति अधिकतर ड्यूटी पर आती ही नही हैं।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढयोटी 01.30 बजे

**मंडी धनौरा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढयोटी पर फार्मासिस्ट और स्टाफ नर्स के सहारे मरीजो को इलाज मिला। शाह टाइम्स की पड़ताल में यहां भी डॉ साहब नही मिले। फार्मासिस्ट दानिश ने बताया कि यहां चिकित्साधिकारी डॉ रमाशंकर हैं। लेकिन आज उनकी मंडी धनौरा सीएचसी पर इमरजेंसी डयूटी हैं. इस कारण वह नही आये है. यहां 01:30 पर फार्मासिस्ट व स्टाफ नर्स मरीजो का इलाज करते हुए मिले।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुचैला 11.30 बजे

**मंडी धनौरा**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुचौला कला में वार्ड बॉय के सहारे मरीजो को इलाज मिला। यहां तो फार्मासिस्ट भी नही थे केवल वार्ड बॉय की मरीजो को दवाइयां दे रहे थे। वार्ड बॉय नरेश कुमार ने बताया आज अकेला में ही अस्पताल पर हूँ में ही दवाई दे रहा हूँ। जब उनसे सवाल किया कि वार्ड बॉय इलाज कर सकते हैं क्या तो उनका जवाब था क्या करें जब कोई है नहीं तो हम ही दे देंगे मजबूरी है।

# मदरसे के छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मदरसे में दीनियात तालीम की परीक्षा में अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रविवार को नगर के मदरसा गाजी उल इस्लाम में बच्चों ने दीनियात तालीम की परीक्षा में प्रतिभाग किया। बच्चों की परीक्षा मुफ्ती शोएब अहमद मुफ्ती साजिद अहमद ने ली। परीक्षा में हुदा अव्वल, दूसरे नंबर पर हिबा वह तीसरे नंबर पर उजेर रहे। बच्चे दीनियात तालीम की परीक्षा में भाग लेने के लिए कई



दिनों से कड़ी मेहनत कर रहे थे। पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर होंसला अफजाई की गई।

**शाह टाइम्स की खबर का हुआ असर**

# दो अस्पताल संचालकों पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शाह टाइम्स समाचार पत्र में प्रकशित खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई जिम्मेदारों ने जिस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया था उन्हें उसमे भी कार्यवाही करनी पड़ी। बगैर पंजीकरण के चल रहे दो अस्पताल संचालकों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों अस्पताल के संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नोडल अधिकारी की कार्रवाई से झोलाछाप में हलचल मच गई है।

गौरतलब हैं कि बीती 19 फरवरी को शाह टाइम्स पत्र ने ष्डीएम साहब प्रसाशन को चुनोती देने वाले अस्पतालों पर कार्यवाही की हिम्मत नही जुटा रहा विभागष शीर्षक खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर छपने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया। अस्पताल सील कर जिन फाइलों को अलमारी में बंद कर दिया उनको निकाला गया ओर अवैध रूप से अस्पताल चलाने वाले दो अस्पतालों पर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। लेकिन एक अभी भी कार्यवाही से दूर है। नोडल अधिकारी ने बताया सिटी नर्सिंग होम को धनौरा चिकित्सा अधिकारी द्वारा सील किया गया था इस संबंध में उन्होंने कोई आख्या नही भेजी हैं उनकी रिपोर्ट मिलने पर इस पर भी कार्यवाही की जायेगी। नोडल अधिकारी डॉ. शरद कुमार ने बताया कि करीब 15 दिन पहले विभाग को शिकायत मिली थी कि थाना क्षेत्र के गांव आजमपुर में बगैर पंजीकरण के आर्शीवाद नर्सिंग होम नाम से एक अस्पताल संचालित हो रहा है। शिकायत मिलने पर मौके पर जांच की गई। अस्पताल का एक संचालक नाजिम अली मौके से भागने में कामयाब हो गया था। जबकि दूसरा पार्टनर इकरार अली मौके पर मौजूद था। नोडल अधिकारी ने बताया कि इकरार अली व वहां मौजूद स्टाफ से अस्पताल के पंजीकरण संबंधी अभिलेख दिखाने में असमर्थ रहे। विभागीय रिकार्ड में भी नर्सिंग होम बगैर पंजीकरण के चल रहा था। नगर की शेरपुर चुंगी स्थित जीएस हास्पिटल पर भी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मारा था। हास्पिटल संचालक गुल मौहम्मद बगैर पंजीकरण के अपने घर से ही अस्पताल को संचालित कर रहा था। अस्पताल के बाहर कोई बोर्ड आदि नहीं लगा हुआ था। नोडल अधिकारी ने बताया कि दोनों अस्पताल में प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन भी पाए गए थे। इस इंजेक्शन का प्रयोग करना कानूनी अपराध है। दोनों ही अस्पताल विभाग द्वारा सील किए जा चुके हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि आर्शीवाद नर्सिंग होम के पार्टनर इकरार अली व नाजिम अली और जीएस हास्पिटल के संचालक गुल मौहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# बाइक सवार दम्पति की बाइक गड्ढे में फिसली, महिला की हुई मौत

■ बदायूं दातागंज मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी थाना मूसाझाग क्षेत्र के बदायूं दातागंज मार्ग पर स्थित गांव फरीदपुर और किसरूआ के बीच रोड पर जगह-जगह गहरे गहरे गड्ढे होने के कारण दातागंज क्षेत्र के गाँव धरेली के राजेंद्र पाल पत्नी के साथ बाइक से उझानी अपनी रिस्तेदारी मे जा रहे थे गाँव फरीदापुर के निकट रोड पर गड्ढे मे बाइक फिसल गई ।

जिससे राजेंद्र पाल की पत्नी गुड्डी उम्र 30 साल बाइक से नीचे जा गिरी जिनके सर मे गंभीर छोट लगी थी जिन्होंने महसूस नहीं किया पति अपनी घायल पत्नी को लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल की इमरजेंसी मे लेकर गये तो वहाँ पर गुड्डी की हालत बिगड़ गई और कुछ ही समय में गुड्डी की मौत हो गई वहीं गुड्डी के पति ने ही पी एम कराने से मना कर दिया और शव को घर ले गये ग्रामीणों ने बताया रोड पर गहरे गहरे गड्ढे होने के कारण अब तक दर्जनों राहगीर गिर घायल हो चुके हैं जबकि सरकार दावा कर रही है की गड्ढा मुक्त प्रदेश में रोड हैं ।

प्रदेश मुखिया योगी आदित्यनाथ के आदेशों के बाद भी रोडो पर हुए गड्ढे दूर नहीं किए गए हैं। वहीं इस संबंध मे थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया की गड्ढे मे बाइक फिसलने से महिला की मौत हुई है महिला के पति ने शव का पी एम कराने से इंकार कर दिया।

# गिरवी रखे सामान को मना करने पर दुकानदार को जमकर पीटा

**पंचू गोपाल, शाह टाइम्स**

**औरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के अंतर्गत दिनदहाड़े पुलिस के



सामने दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे। गिरवी रखे सामान को लेकर हुई थी कहना सुनी लेकिन दबंग लोग नहीं माने सीमेंट की दुकान पर आकर जमकर की मार तोड़ पीड़ित ने तहरीर देकर दबंग के खिलाफ कार्रवाई की उठाई मांग सुमित वार्ष्णेय ने तहरीर देकर बताया पवन दीपक प्रेम शंकर निवासी चंदौसी मोहल्ला कास्थान बजाज मोटरसाइकिल की एजेंसी है।

उक्त लोग दबंग किस्म के हैं ब्याज पर क्षेत्र में अच्छा खासा पैसा उठाते हैं मेरी जगह में गिरवी रखें ट्रैक्टर ट्राली आदि सामान जिसको मैंने मना कर दिया तभी चंदौसी से आधा दर्जन लोग मेरी दुकान पर आकर हम लोगों पर हमला बोल दिया हम लोगों के गुम छुटे आई हैं जिसकी शिकायत थाना फैजगंज बेहटा में दी है उक्त लोग दबंग किस्म के हैं आए दिन झगड़े होते रहते हैं उनका मनोबल इतना बढ़ गया है हर किसी पर मारधाड़ करने को उतारू रहते है।

# महिलाओं को जागरूक किए बगैर किसी समाज की उन्नति संभव नहीं:सईदा फातिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** मदरसा फैजान ए रजाए मुस्तफा द्वारा आयोजित इस्लाहे मुआशरा ख्वातीन महिलाओं कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस का आगाज कुरान ए मुकद्दस की आयत ए करीमा से सईदा फातिमा रिजविया ने किया। उन्होंने कहा मुस्लिम समाज में शिक्षा का ग्राफ काफी नीचे है। महिलाओं को साक्षर व जागरूक किए बगैर किसी समाज की उन्नति संभव नहीं है। रविवार को फैजान ए आला हजरत अकेडमी द्वारा संचालित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बरेली शरीफ से तशरीफ लाई आलिमा फाजिला निशात फातिमा अमजदी ने नबी की सिरत ए तैयबा पर रोशनी डालते हुए कहा कि आका को अल्लाह ने दुनिया में रहमत बनाकर भेजा। उन्होंने नबी की लाडली बेटी हजरत ए फातिमातुज्जहरा रजि. अन्हुमा की सिरत ए तैयबा पर रोशनी डालते हुए कहा कि तैयबा ताहेरा खातून ए जन्नत हजरत ए फातिमा की जिंदगी





को देखो और अपने मआशरे में ढालो। जिंदगी कामयाब होती हुई नजर आएगी। हमें जमाने में इज्जत और एहतराम की निगाहों से देखा जाने लगेगा। जमाना हमारी ताजीम करने लगेगा। उन्होंने कहा कि जो इज्जत और एहतराम हमारे आका ने हमें दिया है। वह बड़ा ही आला मर्तबा वाला है। उन्होंने कहा कि आज हमें हिकारत की निगाहों से देखा जा रहा है। इसके जिम्मेदार हम खुद हैं। इससे पहले आलिमा फाजिला सना खान रिज़्विया, आलिमा फाजिला शाजिया फातिमा रिज़्विया, आलिमा फाजिला खान गोसिया रिज़्विया आदि छात्राओं को डिग्री एवं मेडल पहनाकर उनका हौसला अफजाई किया गया। मदरसे के प्रिंसिपल इफ्तेखार अहमद अशरफी ने बताया इस्लाहे मुआशरा ख्वातीन कांफ्रेंस में मुस्लिम समाज में तालीम, सेहत व महिला सशक्तिकरण के साथ सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर चेयरमैन प्रत्याशी कमर जहाँ, शबीना बेगम, आसमा बी, रोशनी बेगम, असनाज बेगम, मेहनाज बी, सितारा बेगम, जीनत बेगम आदि ख्वातिनों ने शिरकत की।

# तेज रफ्तार पिकअप ने घोड़ा बुग्गी को रौंदा, दो की मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** मुजरिया थाना क्षेत्र के गांव बगुला नगला का रहने वाला 45 वर्षीय थान सिंह बुग्गी चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। शनिवार की शाम लगभग सात बजे थान सिंह बितरोई बाजार से वापस अपने गांव बगुला नगला लौट रहा था। बताया जाता है कि बुग्गी पर उसी के गांव का रहने वाला 15 वर्षीय सचिन पुत्र अंतराम और गांव ज्योरा का रहने वाला 60 वर्षीय उदल सिंह उर्फ जंगली भी गांव जाने के लिए सवार हो गए। बताते हैं कि थान सिंह बुग्गी लेकर जैसे ही मुजरिया कछला मार्ग पर वितरोई फाटक के समीप पहुंचा तभी कछला की तरफ जा रही तेज रफ्तार पिकअप ने बुग्गी को रौंद डाला । जिससे बुग्गी सवार ऊदल सिंह उर्फ जंगली और सचिन की मौके पर ही मौत हो गई जबकि थान सिंह और बुग्गी का घोड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल थान सिंह को उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने थान सिंह की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया । वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम को भेजा है। मौत की खबर मिलने ही दोनो परिवारों में कोहराम मच गया।

# हाइवे पर सांड से टकराई दो बाइक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कछला-शाहबाद हाइवे पर रविवार की दोपहर एक सांड से दो बाइकों की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। यह हादसा मार्ग पर स्थित अरविंद कोल्ड स्टोर के पास हुआ। सभी घायलों का निजी चिकित्सक के यहां इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक कासगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मगधरा निवासी पप्पू पुत्र रघुवर सिंह और लालाराम पुत्र अयोध्या प्रसाद पैर के दर्द की दवा लेने के लिए बाइक से बिसौली को जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक हाइवे पर अरविंद कोल्ड स्टोर के सामने से गुजरी,



■ चार लोग हुए घायल

तभी अचानक से सड़क पर दो सांड आ गए। जिससे उनकी टकरा गई।

उनकी बाइक के पीछे नगर के मोहल्ला संख्या तीन निवासी दिलशाद और आसिफ आ रहे थे। उनकी बाइक भी साड़ों से टकरा गई। वह भी चोट लगने से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने सांड को वहां से भगाया। उन्होंने सभी घायलों को एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया।

इलाज कराने के बाद सभी लोग अपने घर को चले गए। बताते है कि उक्त मार्ग पर सांड अक्सर घूमते रहते है, जिनसे आए दिन बाइक आदि वाहन टकराते रहते है।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर ।** एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पहले परिजनों ने पुलिस हिरासत में प्रताड़ना का आरोप लगाया, लेकिन बाद में अपनी बात से पलटते हुए हार्ट अटैक से मौत होने की बात कही। मामला दो भाइयों के बीच विवाद का था, जिसके बाद एक पक्ष पुलिस चौकी आसफपुर पहुंचा था। युवक की हालत बिगड़ने पर पुलिस



युवक की शव यात्रा

ने उसे पहले आसफपुर सीएचसी, फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए, जहां शनिवार देर रात उसकी मौत हो गई।

इस घटना से मृतक किसान जगवीर की पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। हालांकि, इस मामले में शुरुआत में पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया था, लेकिन बाद में परिजनों ने इसे हार्ट अटैक से मौत बताया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# फ्यूचर लीडर्स स्कूल में लेखन कौशल निखारने के लिए सुलेख प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में विद्यार्थियों के रचनात्मकता और लेखन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 5 के विद्यार्थियों उत्साह से भाग लिया। विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में प्रयोग करने वाले वाक्यों और त्रुटियों को कम करते हुए आत्मविश्वास के साथ



लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस लेखन प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा 5 ( भीमराव अंबेडकर) से अर्चना शाक्य ( रविंद्र नाथ टैगोर) से समर्थ मौर्य कक्षा 4 (लता मंगेशकर) से गुनगुन सिंह ,कक्षा 5 (जे.सी. बोस) से रिया यादव, श्रृष्टि कक्षा 3 (महाराणा प्रताप) से अनय मिश्रा कक्षा तीन (रानी लक्ष्मीबाई) से आदित्य प्रताप सिंह, कक्षा 3 (रतन टाटा) से कौशल शाक्य, कक्षा 2 (लव कुश) से अर्पित पाल कक्षा 2 (द्रोणाचार्य) से पीयूष और कार्तिक कक्षा एक (अभिमन्यु) से वैष्णवी, कक्षा एक (एकलव्य) से कार्तिक चौहान कक्षा एक ( भरत) से वंशिका प्रथम स्थान पर रहीं। विद्यालय के डॉयरेक्टर वी. पी. सिंह ने बताया कि हमारी परस्पर जुड़ी दुनिया में, लेखन दक्षता एक छात्र के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ष्लेखन की कला एक चमत्कारी कौशल है। विद्यालय के एमडी राहुल कुमार सिंह ने कहा कि प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और विचारों को लेखन के माध्यम से व्यक्त करने के प्रयास किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों के प्रयासों को देखकर उनका मनोबल बढ़ाया। इस अवसर प्राइमरी कॉर्डिनेटर राखी गुप्ता, पूनम चौहान, केशव शर्मा, रूबी मौर्य, मुनीश सिंह, रूमा सक्सेना, अंशु वार्ष्णेय, ट्विंकल जैन, अंजली सिंह, साक्षी, राधिका माहेश्वरी, रवीना (पीटीआई), अमन सिंह, दीक्षा वार्ष्णेय, नाहिद सैफी, पूनम पाल, आयुष कुमार सिंह, विशेष चौहान, प्रशांत सिंह, शिफा सैफी, आकांक्षा राठौर, रागिनी मिश्रा, रंजना, रोमा आर्य, यशी गुप्ता, शिवानी सिंह, साक्षी गुप्ता, निशा सलमानी, श्रुति कीर्ति, प्रियंका आर्य और रचना देवल, वंशिका माहेश्वरी और आकांक्षा गौतम आदि ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

# महाशिवरात्रि पर शांति व्यवस्था के लिए डीएम ने जारी किए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट निधि श्रीवास्तव ने महाशिवरात्रि पर्व पर शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में नगर मजिस्ट्रेट व समस्त उप जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस वर्ष महाशिवरात्रि का पर्व दिनांक 26 फरवरी 2025 को मनाया जायेगा। इस पर्व पर धार्मिक मान्यताओं के अनुसार उपवास रखने, पूजा अर्चना करने तथा परम्परागत तरीके से शोभा यात्राओं के आयोजन किये जाते है तथा कांवरियों द्वारा गंगा जल लाकर शिव मन्दिरों में चढ़ाया जाता है। शहरी व ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में काफी भीड़-भाड हो जाती है। इस अवसर पर कानून एवं शांन्ति व्यवस्था व साम्प्रदायिक सदभाव बनाये रखने एवं किसी भी अप्रिय घटना की सम्भावनाओं को समाप्त करने तथा असामाजिक तत्वों के किसी भी सम्भावित कुप्रयास को विफल करने के लिए सभी अधिकारियों द्वारा स्थिति पर कड़ी नजर रखी जाना अतिआवश्यक है। उन्होंने इस पर्व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये के दृष्टिकोण से विभिन्न निर्देश निर्गत किये हैं कि महाशिवरात्रि के अवसर पर सभी शिव मन्दिरों में श्रद्वालुओं व कांवरियों के आने जाने के मार्गो पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाये जिससे मार्ग में किसी भी प्रकार का व्यवधान न हो। कछला गंगा घाट पर एक दिन पूर्व से ही कांवरियों की भीड़ एकत्रित होने की सम्भावना के दृष्टिगत पूर्व से ही आवश्यक प्रबन्ध कर लिये जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त धार्मिक स्थलों, रेल, बस स्टेशनों पर विशेष पुलिस प्रबन्ध किये जायें। इस अवसर पर मुख्य मुख्य मार्गों एवं मन्दिरों पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये। यदि किसी घटना व विवाद के संज्ञान मिले तो घटना स्थल पर क्षेत्राधिकारी व उपजिला मजिस्ट्रेट तत्काल पहुँचकर उसका समाधान करना सुनिश्चित करें तथा उच्चाधिकारियों के सज्ञान में लाते हुए स्थिति पर निरन्तर नजर रखें। अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत समस्त थाना के त्यौहार रजिस्टरों का अवलोकन कर उक्त पर्व पर आयोजित होने बाले कार्यक्रमों, शोभायात्राओं, मेलों आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर लें। पर्व पर समस्त कार्यक्रम परम्परागत तरीके से मनाये जायें तथा कोई भी नई परम्परा न पड़ने दी जाये। यह निर्देश मार्गदर्शक है। इनका पालन करने के साथ-साथ स्थलीय स्थिति के अनुसार क्षेत्र की कानून व शान्ति व्यवस्था, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं पर्व की गरिमा बनाये रखने हेतु आवश्यकता अनुसार अन्य व्यवस्थाएँ व कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, तथा पीस कमेटी की बैठकें पर्व से पूर्व आहुत कर ली जायें। उन्होंने पर्व को अक्षुण बनाये रखने के लिए अधिकारियों की तैनाती करते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट सदर मोहित कुमार मो0नं0 945441583 को कछला गंगा घाट, तहसीलदार सदर रवीन्द्र प्रताप सिंह मो0नं0 9454415842 को शिव मंदिर, गांव बुर्रा, तहसील सदर के नायब तहसीलदार निरंकार सिंह मो0नं0 8439383424 को बिरुआबाडी मन्दिर बदायूँ, तहसील सदर बदायूँ के नायब तहसीलदार अमित कुमार मो0नं0 8887706006 को हरप्रसाद मंदिर बदायूं, तहसील सदर के नायब तहसीलदार हेमराज सिंह बोनाल मो0नं0 8809658588 को गौरीशंकर मंदिर, बदायूँ पर तैनाती की है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि नगर में नगर मजिस्ट्रेट तथा समस्त तहसीलों में उप जिला मजिस्ट्रेट संवेदन शीलता का आंकलन कर तहसीलदार व नायब तहसीलदार अथवा राजस्व कर्मचारियों को तैनात कर उनका उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए आदेश दिए कि एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे तथा अपने-अपने क्षेत्र में शान्ति एवं कानून व्यवस्था के लिए पूर्ण उत्तरदायी होगें।

## एक नजर

### ग्राम पंचायत मई में भ्रष्टाचार का खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** संभल जिले के ग्राम पंचायत मई, ब्लॉक बनियाखेड़ा में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। पंचायत सचिव विकुल चौधरी पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वह ग्राम पंचायत कार्यालय का कार्य एक अनधिकृत निजी व्यक्ति (प्राइवेट लड़का) से करवा रहे हैं।

जो पूरी तरह अवैध है। मुख्य आरोप: पंचायत के महत्वपूर्ण दस्तावेजों और बैंक चेक पर अनधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर। सरकारी प्रक्रिया का खुला उल्लंघन, जिससे वित्तीय अनियमितताओं की आशंका। ग्रामीणों में भारी आक्रोश, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने की अपील की है। अगर जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो इस मामले को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन हो सकता है। इस घोटाले से जुड़ी और भी जानकारी व सबूत जल्द सामने आ सकते हैं। बने रहें हमारे साथ।

### यूपी बोर्ड परीक्षा आज से तैयारियों को दिया अंतिम रूप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** रामशरण वैद्य आदर्श इंटर कॉलेज मई बसई में आज से प्रारम्भ हो रहीं यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। विद्यालय परिसर में साफ सफाई के साथ निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा सीसीटीवी केमरों, वॉइस रिकॉडर्स को भी परखा गया ताकि अच्छे माहौल में परीक्षार्थी परीक्षा दे सकें। परीक्षा प्रभारी हरदीप सिंह ने बताया की केन्द्र पर हाईस्कूल के 427 तथा इंटरमीडिएट के 425 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। केन्द्र व्यवस्थापक डॉ घनश्याम दास ने बताया कि शासन की मंशानुरूप निष्पक्ष एवं नकलविहीन परीक्षा कराना उनकी प्राथमिकता है।

**आवश्यक सूचना**

**दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र को जनपद बदायूं की तहसीलों अथवा ब्लॉक में संवाददाता की शीघ्र आवश्यकता है, ग्रेजुएट और अनुभवी सपर्क करें।**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email mkkhan 741@gmail-com

# उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा व तहसीलदार विजय शुक्ला समर्थ प्रयास से दलालों की दुकानें बंद

**कामिल खान, शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिले की तहसील बिसौली में उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा व तहसीलदार विजय शुक्ला के सख्त आदेश के बाद तहसील में चलने वाली दलालों की दुकानें बंद हो गई बताया जाता है ।

कि पहले तहसील के आसपास दलाल भोली भाली जनता को अपना शिकार बना कर हजारों रुपए रोज की कमाई करते थे लेकिन जैसे ही उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा ने चार्ज संभाला तो तहसीलदार विजय शुक्ला भी एक्शन ने आ गए और दलालों को चेतावनी दे दी कि अगर कोई भी दलाल तहसील परिसर में दिखाई दिया तो बक्शा नहीं जाएगा सूत्र बताते हैं कि



उपजिलाधिकारी आए दिन जनता के काम स्पीड से निपटाकर जनता को राहत दे रही तो दूसरी तरफ तहसीलदार विजय शुक्ला भी आए दिन जनता के काम करते नजर आते है बताया जाता है कि उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा ने तहसील कर्मचारियों को भी आदेश जारी कर बता दिया है कि की भी कर्मचारी ऑफिस में टाइम्स से नहीं आता है तो उसपर सख्त कार्यवाई की जाएगी जिससे अब तहसील कर्मचारी भी तहसील में समय अनुसार ऑफिस पहुंचने लगे हैं उपजिलाधिकारी व तहसीलदार विजय शुक्ला की कार्यशैली से जनता खुश नजर आ रही है ।

सूत्र बताते हैं कि उपजिलाधिकारी सरकार की मंशा अनुसार कार्य कर रही है जिससे दर दर भटकने वाली जनता बहुत खुश हैं और जनता के काम भी तेजी के साथ निस्तारण हो रहे हैं भाजपा सरकार में अगर ऐसे अधिकारी जनता के बारे में सोचने लगे तो वो दिन दूर नहीं जब जनता के बीच में सरकार की अच्छी छवि देखने को मिलेगा।

# रोड पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों से राहगीरो को परेशानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं ।** यूपी जनपद के बदायूं के दातागंज से आने जाने वाले मेन रोड जो कि दातागंज से भारत की राजधानी दिल्ली को जाता है, वही दातागंज से बरेली जाने वाले मार्ग पर, बदायूं बरेली शाजहांपुर जाने वाले मार्गो के आसपास रहने वाले राहगीर जो कि दातागंज होते हुए शाहजहांपुर लखनऊ, प्रयागराज बरेली जाते है, दातागंज से बदायूं जाने आने वाले मार्ग पर एच पी पेट्रोल पंप के पास गड्ढे राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। सड़क पर दिनभर बड़ी संख्या में वाहनों व आम लोगों का बदायूं बरेली शाहजहांपुर आना-जाना लगा रहता है। रात के समय गड्ढे दिखाई नहीं देने से लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं। कई दो पहिया वाहनों का आए दिन एक्सीडेंट हो रहे है , चार पहिया वाहन का संतुलन विगड़ता रहता है, ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढे से कई लोग चोटिल हो रहे हैं। कई बार इस गड्ढे से बचे हैं। क्योंकि दिन के समय में तो यह गड्ढे दिखाई दे जाते है, लेकिन रात के समय में इनका पता नहीं चलता और लोग हादसे का शिकार हो जाते हैं। रोड पर बड़े गड्ढे है मानो कि सड़क रोड पर नहीं गड्ढे मे है, सड़क पर बने गड्ढों को काफी समय गुजर चुका हैं। गहरे गड्ढों के कारण रात के समय वाहन चालकों की परेशानी अधिक बढ़ जाती है। इसलिए कई बार दोपहिया वाहन चालक गड्ढे में गिरकर हादसे का शिकार हो चुके हैं। इस संवाद मे



वरिष्ठ भाजपा नेता विनय कुमार सिंह एडवोकेट के संज्ञान मे आते ही उन्होंने तत्काल उपजिलाधिकारी दातागंज को निर्देशित करते हुए कहा कि संबधित से जल्द जल्द गड्ढे ठीक करवा कर अवगत कराया जाए , वही उनके द्वारा दिए गए इस जनहित निर्देश की नगर व क्षेत्रवासियो द्वारा जवर्दस्त प्रशंसा की जा रही है। इस संबध मे हमारे संवाददाता अभिषेक वर्मा से वार्ता होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता विनय कुमार सिंह एडवोकेट ने बताया कि रोड पर बने गड्ढे के संबध में संबधित को निर्देशित किया जा चुका है, साथ ही मेरे द्वारा गांव गांव समय के हिसाब से गांव में चौपाल लगा कर गांव की समस्या सुन कर निस्तारण के संबध में संबधित को निर्देशित किया जा रहा है।

# महिला अस्पताल का डिप्टी कमिश्नर ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं चाकचौबंद

**प्रेरणा कैंटीन की साफ सफाई भोजन व्यवस्था बेहतर, डिप्टी कमिश्नर ने की प्रशंसा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला महिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए डिप्टी कमिश्नर ने अस्पताल का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य सेवाओं को परखा और खामियों को सुधारने के लिए दिशा निर्देश दिए। महिला अस्पताल का शनिवार को डिप्टी कमिश्नर प्रदीप कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं बहाल करने के लिए कहा और दवाओं की अनुपलब्धता स्वच्छता संबंधी समस्याओं को बेहतर बनाने को कहा निरीक्षण के दौरान ओपीडी लेबर रूम ओटी एसएनसीयू पैथोलॉजी लैब विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।अस्पताल में सारी सुविधाओं को बहाल करने के लिए कहा गया और मरीजों के तीमारदारों से भी बातचीत की मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर डाक्टरों को दिशा निर्देश दिए डिप्टी कमिश्नर ने कहा अस्पताल की साफ सफाई नियमित रूप से होना चाहिए और आम लोगों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। डिप्टी कमिश्नर ने प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण किया उन्होंने कैंटीन संचालक से बातचीत करते हुए कहा



मरीजों और तीमारदारों को मिलने वाला नाश्ता भोजन में क्या क्या मिलता है। जिसमें संचालक ने बताया सुबह के नाश्ता में दूध, पोहा दोपहर और शाम के भोजन में रोटी,सब्जी, चावल, सलाद आदि मरीजों को दिया जाता है उन्हें कैंटीन में साफ सफाई की व्यवस्थाएं चौक चौबंद मिली। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ इंदुकांत वर्मा, सीएमओ डॉ रामेश्वर मिश्रा, क्वालिटी मैनेजर अरविंद वर्मा, रोहित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# लूट में असफल लोगों ने लोडर वाहन चालक के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** सिलहरी मूसाझाग थाने से आधा किलो मीटर दूर दिया घटना को अंजाम। थाना सिविल लाइन के आरिफपुर नवादा निवासी दानवीर पुत्र लीलाधार लोडर वहान ही दोपहर ढाई बजे के करीब मूसाझाग थाने के गाँव मनिकापुर कौर मे सुमित गुप्ता की दुकान पर चोकर पहुंचा दी बदायूँ के लिए बापस आ रहा रहा ।

जैसे ही लोडर वाहन छोटा हाथी टिकुलापुर के निकट पुलिया पर पहुंचा तो वहाँ पर पहले से मौजूद दो बाइक सवार ने लोडर वाहन के पीछे बाइक लगा दी और दो बार आगे पीछे किया तो दानवीर को बाइक स्वामी संदिग्ध लगे तो उसने अपना लोडर वाहन की स्पीट बड़ा दी जो नई सड़क तिराहे पर रोककर सत्यपाल की चोकर की दुकान मे भाग कर घुस गया तभी पीछे से बाइक सवार आ गये उनके साथ एक दूसरी बाइक पर दो लोग और आये सभी ने टैम्पो चालक को दुकान से खींच लिया और जेब मे रखे 32 हजार रुपया लूटने का प्रयास करने लगे तभी दानवीर ने विरोध किया तो सभी ने मारपीट शुरु कर दी मारपीट होते देख मौके पर आस पास के दुकानदार आ गये तो चारो आरोपी अपनी बाइक लेकर मौके से भागने लगे तभी दानवीर ने डायल यू पी को फोन द्वारा सूचना दी तो ओके पर डायल यू पी के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गये थाना पुलिस को भी मौके पर बुला लिया ।

तो वहाँ पर मौजूद दुकानदारों से बाइक सवार अज्ञात लोगों के बारे मे जानकारी कर हुलिया पूंछा तो पुलिस ने चारों आरोपियों को पकड़ लिया और पीड़ित ने रुपया लूटने का प्रयास असफल होने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तहरीर तो पर पुलिस ने कार्यबाही की बजाय पीड़ित को चार घंटे थाने मे बैठाये रखा और फिर सभी आरोपियों को थाने से ही छोड़ दिया। दिन मे सरेआम लूट की घटना को अंजाम देने से क्षेत्र मे दहशत बनी हुई है। वहीं इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया की हलका दरोगा ने फैसला होना बताया और दरोगा ने ही आरोपियों को थाने से छोड़ दिया है।

# युवती की संदिग्ध हालात में मौत

■ युवती के भाई ने लगाया हत्या का आरोप, दी तहरीर



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** राजेंद्र नगर स्थित जॉकी के शोरूम में युवती की संदिग्ध हालात में तबीयत खराब हो गई। युवती को रामपुर गार्डन स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार देर रात मौत हो गई। युवती की मौत के बाद एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें हेलमेट पहने एक युवक युवती को लात मारते दिखाई दे रहा है। युवती के भाई ने थाना प्रेमनगर में हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवती की मौत जहर खाने से हुई है। विसरा सुरक्षित किया गया है।

फतेहगंज पश्चिमी के मोहल्ला माली वार्ड 3 निवासी शिवा गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बहन सुहानी उर्फ मानसी (20) प्रेमनगर के राजेंद्रनगर में जॉकी के शोरूम में नौकरी करती थी। वह घर से रोजाना काम के लिए आती-जाती थी। शुक्रवार को वह सुबह 10 बजे काम पर गई थी। दोपहर दो बजे उनके पास फोन आया है कि सुहानी की तबीयत खराब हो गई है और उसे रामपुर गार्डन स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर वह परिवार सहित अस्पताल पहुंचे। इलाज के दौरान रात 9 बजे सुहानी ने दम तोड़ दिया। शिवा ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में एक युवक उनकी बहन को ठोकर मारता दिख रहा है। आशंका है कि उसी व्यक्ति ने सुहानी की हत्या की है। सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। जिसमें वीडियो 24 सेकेंड और दूसरा वीडियो 54 सेकेंड का है। पहले वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक युवक पीली अपर और हेलमेट लगाए हुए कार्यालय के अंदर है। वहीं पर टेबल के पास युवती बैठी हुई है। वह कुछ कहने का प्रयास कर रही है। युवती कुछ पीने या उल्टी करने का इशारा करती है। कुछ देर बाद वह और युवक कमरे में चले जाते हैं। वहीं दूसरे वीडियो में युवती टेबल के पास बैठी है। वह कुछ कहने का प्रयास करती है। इसके बाद वह जमीन पर गिर जाती है, तब युवक उसे पैर से ठोकर मारता है। बताया जाता है कि युवक कटरा चांद खां का रहने वाला है। वह भी प्रभा टॉकीज के आसपास एक कपड़े के शोरूम में काम करता है।

> प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। मृतका के भाई ने तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
> **आशुतोष रघुवंशी, थाना प्रभारी प्रेमनगर**

## 28 फरवरी तक होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर की विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ा दी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीए, बीएससी व बीकॉम प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर और एमए, एमएससी व एमकॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक व आंतरिक परीक्षाओं के अंक अब 28 तक पोर्टल पर स्वीकार होंगे।

इसके बाद अंक अपलोड नहीं होंगे और परीक्षाफल घोषित करने पर विचार नहीं किया जाएगा।

# ब्यूटी पार्लर से घर बारात घर जा रहे दूल्हे को अन्य समुदाय के लोगों ने घेरा

■ दोनों पक्षों में जमकर हुई मारपीट और फायरिंग

■ एसडीएम ने दोनों पक्षों को समझा कर कराया शांत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली/आंवला।** ब्यूटीपार्लर से बरात घर जा रहे दूल्हे और उसके परिजनों के साथ दूसरे समुदाय के लोगों ने मारपीट की और फायरिंग की। सूचना पर दोनों समुदाय के लोग एकत्रित हो गए। मामला तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने सर्किल के दो अन्य थानों से फोर्स बुला ली। एसडीएम एन राम भी पहुंच गए। उन्होंने दोनों पक्षों को समझा कर शांत किया। दूल्हा पक्ष ने हिंदू संगठनों के साथ थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।

गांव रामनगर निवासी रवि गुप्ता ने बताया कि उसके भाई मुकुल गुप्ता की शनिवार को शादी है। बिसौली निवासी कन्या पक्ष के लोगों ने आंवला के एक बरातघर में विवाह कार्यक्रम आयोजित किया है। वह अपने भाई मुकुल को लेकर घेर अन्नु खां मोहल्ले के एक ब्यूटीपार्लर में गए थे।

वहां से बरातघर जाने के दौरान रात करीब 9 बजे स्टेट बैंक चौराहे के पास पक्का कटरा निवासी दूसरे समुदाय के लोगों ने उनकी कार रोक ली और गालियां देनी शुरू कर दिया। विरोध करने पर उन लोगों ने उनके ऊपर फायर किया और लात-घूंसों से हमला कर दिया। इसी बीच कार में बैठे अन्य लोग डर से वहां से भाग गए। लोगों ने उनके शाहजहांपुर निवासी भांजे अमन गुप्ता को पकड़ लिया और उसे बेरहमी से मारा पीटा। आरोपियों ने एक सोने की चेन भी छीन ली।

रवि गुप्ता ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर आंवला कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि कार के आगे बाइक खड़ी होने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया।मौके पर पुलिस बल ने स्थिति नियंत्रित कर ली। तहरीर मिली है। कार्रवाई की जा रही है। मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## एक नजर

### जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से 25 हजार की होगी वसूली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** निर्धारित समय में सूचना उपलब्ध नहीं कराने पर बीएसए संजय सिंह के विरुद्ध राज्य सूचना आयोग ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इस जुर्माने को वसूल कराने के लिए तहसील सदर की टीम ने कार्रवाई शुरू की है। वहीं, बीएसए ने डीएम को पत्र लिख अर्थदंड की वसूली के आवेदन के निस्तारण होने तक इसे स्थगित करने की मांग की है।

डीएम को 21 फरवरी को लिखे पत्र में बीएसए ने कहा है कि जनसूचना अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एटा में तैनाती के दौरान संयुक्त रजिस्ट्रार उप्र राज्य सूचना आयोग लखनऊ ने 8 नवंबर, 2023 को 25 हजार रुपये का अर्थदंड डाला था। आयोग ने अर्थदंड की धनराशि वसूल कराने के भी निर्देश दिए। पत्र में कहा है कि राज्य सूचना आयोग उप्र के आदेश के विरुद्ध उप्र राज्य सूचना का अधिकार अधिनियम नियमावली 2015 के नियम-12 के तहत आदेश वापसी के लिए आवेदन किया है। जिसमें सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई है।

### ट्यूशन पढ़ने से किया मना तो छात्रा को पीटा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** थाना बिथरी चैनपुर क्षेत्र में ट्यूशन पढ़ने से इन्कार करने पर निजी स्कूल की शिक्षिका ने छात्रा के साथ मारपीट की। छात्रा के एक कान में तेज दर्द और सुनाई न देने पर पिता शिक्षिका की शिकायत करने के लिए स्कूल पहुंचे तो प्रधानाचार्य और उनकी पत्नी ने हाथापाई कर बदसलूकी की। पुलिस ने प्रधानाचार्य समेत तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव खजुरिया सैदपुर के रहने वाले अकरम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि इंडो पब्लिक स्कूल में उनकी नौ वर्षीय बेटी माहिरा कक्षा 5वीं की छात्रा है। प्रधानाचार्य जुल्फिकार और उनकी पत्नी साहनी और शिक्षिका सबनूर छात्र-छात्राओं पर ट्यूशन पढ़ने के लिए दबाव बनाते हैं। ट्यूशन न पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल में मारते हुए प्रताड़ित करते हैं। आरोप है कि बुधवार को सबनूर ने उनकी बेटी माहिरा समेत अन्य छात्र-छात्राओं पर ट्यूशन पढ़ने के लिए दबाव बनाया और मना करने पर माहिरा समेत कई अन्य छात्र-छात्राओं की पिटाई की। आरोप है कि तेज थप्पड़ की वजह से माहिरा के एक कान में काफी दर्द है। साथ ही उस कान से उसे सुनाई देना भी बंद हो गया है। माहिरा ने परिजनों को पूरी बात बताई। उन्होंने शिक्षिका की शिकायत प्रधानाचार्य और उसकी पत्नी से की तो उनके साथ हाथापाई की। बेटी की टीसी मांगने पर धक्के देकर स्कूल से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा का मेडिकल कराया है। पुलिस मेडिकल के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

### फोकस वाल का जल्द शुरू होगा निर्माण मिली 2.45 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** नाथ कॉरिडोर परियोजना के तहत शहर में फोकस वाल का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। पर्यटन विभाग के प्रस्ताव पर शासन ने प्रशासकीय और वित्तीय अनुमति दे दी है और जल्द ही बजट जारी हो जाएगा। अभी कांवड़ स्थल के निर्माण के लिए मंजूरी मिलनी बाकी है।

नाथ कॉरिडोर के तहत शहर में 19 स्थानों पर फोकस वाल और रामलीला मैदान में कांवड़ स्थल बनाने की योजना है। इसके लिए पर्यटन विभाग ने नगर निगम से एनओसी से ली ली है। एनओसी में करार के अनुसार एक साल तक नगर निगम फोकस वाल और कावंड़ स्थल की देखरेख करेगा। इसके बाद कार्यदायी संस्था को हैंडओवर हो जाएगा। एनओसी मिलने के बाद पर्यटन विभाग ने शासन को भेज दिया है। उप निदेशक पर्यटन ब्रजपाल सिंह ने बताया कि दोनों कार्यों के प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। फोकस वाल के लिए चार करोड़ 97 लाख का प्रस्ताव भेजा गया था। उसके सापेक्ष शासन से दो करोड़ 45 लाख की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। कभी भी फोकस वॉल के निर्माण के लिए बजट जारी हो सकता है। इसके बाद कार्य शुरू हो जाएगा।

### जर्जर सड़कों की मरम्मत को प्रस्ताव भेजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा की नौ जर्जर सड़कों की मरम्मत के लिए आईआईटी कानपुर की टीम ने डिजाइनिंग की है। इसके बाद यूपीसीडा ने प्रस्ताव बनाकर कानपुर मुख्यालय भेज दिया है। जल्द ही प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की संभावना जताई जा रही है। परसाखेड़ा में छोटी-बड़ी मिलाकर करीब तीन सौ औद्योगिक इकाइयां हैं। क्षेत्र में जर्जर सड़कों की समस्या लंबे समय से है, जिससे उद्यमियों को काफी परेशानी हो रही है। सड़क संख्या 8, 9, 10, 12, 13, 14, 15, 26 और 28 की स्थिति बेहद खराब हो गई है। इन सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, और कई स्थानों पर बजरी उधड़ी हुई पड़ी है। उद्यमियों ने इस समस्या को कई बार अधिकारियों के सामने उठाया है, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। कई बार उद्यमी इस मुद्दे को लेकर विरोध भी कर चुके हैं। पहले परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र नगर निगम के जिम्मे था, लेकिन शासन ने पिछले महीने इसमें बदलाव करते हुए परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र की जिम्मेदारी यूपीसीडा को सौंप दी थी। इसके बाद से यूपीसीडा ने इस समस्या का समाधान करने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार ने बताया कि परसाखेड़ा क्षेत्र की नौ सड़कों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर कानपुर मुख्यालय भेजा जा चुका है। आईआईटी कानपुर की टीम ने इन सड़कों की डिजाइनिंग भी कर दी है। प्रस्ताव को इस माह मंजूरी मिलने की संभावना है, जिसके बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। परसाखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि बरसात में लोगों का इन सड़कों से पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। पिछली बरसात में घुटनों तक पानी भर गया था और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण फैक्ट्रियों में जाने वाले ट्रक और अन्य वाहन तक फंस गए थे। अगर इस बार सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, तो बरसात में फिर से वही हालात बन सकते हैं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सिटीजन फीडबैक पोर्टल जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत सिटीजन फीडबैक पोर्टल जारी कर दिया है। इस पोर्टल के माध्यम से शहरवासी अपने शहर की सफाई व्यवस्था पर अपनी राय दे सकते हैं। नगर निगम बरेली की स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) की आईईसी टीम द्वारा नागरिकों को फीडबैक देने के लिए जागरूक और प्रोत्साहित किया जा रहा है। टीम स्कूल, कॉलेज, व्यावसायिक क्षेत्रों और घर-घर जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही, नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर भी नागरिकों को इस अभियान में भाग लेने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एसबीएम टीम लीडर जोगेंद्र सिंह ने बताया कि फीडबैक प्रक्रिया के तहत नागरिकों से कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे जा रहे हैं, जैसे क्या आपके घर से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रतिदिन किया जाता है। क्या आप सूखा और गीला कचरा अलग रखते हैं। क्या आपके आसपास की साफ-सफाई नियमित रूप से होती है। क्या आप आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रिसाइकिल) के बारे में जानते हैं। इसके अलावा फीडबैक के लिए कई विकल्प दिए गए हैं। जैसे सिटी एप, सिटी वेब पोर्टल, माय जीओवी पोर्टल, क्यूआर कोड, स्वच्छता एप हैं।

# कम टैक्स वसूली पर चार कर समाहर्ता और एक राजस्व निरीक्षक को दिया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** नगर आयुक्त ने टैक्स विभाग की समीक्षा में कम वसूली पर चार कर समाहर्ताओं और एक राजस्व निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इनमें से एक कर समाहर्ता को बैठक में अनुपस्थित होने पर अनुशासनहीनता मानते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के भी निर्देश दिए हैं।

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शनिवार शाम सभाकक्ष में टैक्स विभाग के अफसरों के साथ जोन के मोहल्लों की टैक्स वसूली की समीक्षा की। कम वसूली पर संबंधित कर समाहर्ता एवं राजस्व निरीक्षक को वसूली में सुधार लाने के निर्देश दिये। बैठक में कर समाहर्ता तुषार सिंह के अनुपस्थित होने पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई। बैठक में अनुपस्थित कर समाहर्ता के बारे में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्रा ने बताया कि समाहर्ता अधिकांश बैठक में शामिल नहीं होते हैं। कम वसूली और अनुशासनहीनता बरतने पर तुषार सिंह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश नगर आयुक्त ने दिए हैं। इसके अलावा कम वसूली करने वाले कर समाहर्ता राजेन्द्र कुमार, जहांजेब, कपिल कुमार और राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर नगर आयुक्त सुनील यादव भी मौजूद रहे।

# अब 28 फरवरी तक भरे जाएंगे स्नातक और परास्नातक की परीक्षा के फार्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और परास्नातक की वार्षिक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक वार्षिक प्रणाली के अंतर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम द्वितीय और तृतीय वर्ष, एमए, एमएससी व एमकॉम द्वितीय वर्ष, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में बीएससी गृह विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबॉयोलॉजी, ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स व कंप्यूटर, एमएससी गृह विज्ञान, बीएड, बीपीएड, एमएड, बीएलएड और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के संस्थागत और भूतपूर्व परीक्षा वर्ष 2025 और विश्वविद्यालय परीक्षा



2024 या इससे पूर्व के स्नातक के खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा एवं पर्यावरण विज्ञान में नॉट क्लियरड विद्यार्थियों के फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 फरवरी थी।

अब छात्र 22 से 28 फरवरी तक ऑनलाइन फार्म भर सकेंगे। विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म 1 मार्च तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे और महाविद्यालयों को ऑनलाइन फार्म सत्यापित करने होंगे। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी कृषि व ऑनर्स प्रथम, तृतीय, पंचम और सप्तम सेमेस्टर के संस्थागत, भूतपूर्व और बैक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि 28 फरवरी तक बढ़ा दी है। विद्यार्थियों को भरे हुए फार्म एक मार्च तक महाविद्यालय में जमा करने होंगे। इसके अलावा रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमएससी कृषि के विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की तिथि तय कर दी है।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक एमएससी कृषि प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के संस्थागत, भूतपूर्व व बैक परीक्षा के फार्म विद्यार्थी 25 फरवरी से 5 मार्च तक ऑनलाइन भर सकेंगे और उन्हें सात मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

# ससुरालियों की पिटाई से गर्भवती की हालत बिगड़ी, हुआ गर्भपात

शाह टाइम्स संवाददाता

**शीशगढ़।** दहेज के लिए प्रताड़ित विवाहिता को मायके में आकर ससुरालियों ने पीटा। पिटाई से पीड़िता की हालत बिगड़ गई और उसका गर्भपात हो गया। तुरन्त मायके वाले पीड़िता को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मौका देखकर ससुराल वाले मायके से भाग गए। शिकायत पर पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम लखा निवासी किरन पुत्री सेवाराम ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार एक वर्ष पूर्व पवन पुत्र रामचंद्र शर्मा निवासी डोरिया बरेली के साथ हुआ था। दो माह पूर्व ससुरालियों ने दहेज में पांच लाख रुपये और मोटर साइकिल की मांग कर जमकर पीटा। पिटाई की जानकारी जब उसके पिता को हुई तो पिता मायके बुला लाए। उस समय वह गर्भवती थी। आरोप है कि 22 फरवरी की दोपहर को पति ने फोन पर गन्दी गालियां दी तथा शाम को चार बजे ससुराल वाले मायके आ गए। मायके में माता पिता के सामने ही सास सुषमा देवी ने बिना दहेज के विवाहिता को रखने से साफ इंकार कर दिया तथा गाली गलौच कर पेट में जोरदार लात मार दी। पिटाई से विवाहिता की हालत बिगड़ गई। बिगड़ती हालत देख ससुराल वाले मौके से भाग गए।

मायके वाले अस्पताल लेकर भागे। अस्पताल पहुंचने से पहले ही पीड़िता का गर्भपात हो गया। शिकायत पर पुलिस ने पति पवन, रामचंद्र शर्मा, सुषमा देवी, दीपक शर्मा, वीनेश, मनोज शर्मा, उर्मिला देवी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# शादी कराने का झांसा देकर तीन लाख ठगे

■ कार्रवाई को लेकर पीड़िता ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को भेजा पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** युवक की शादी कराने का झांसा देकर दो ठगों ने तीन लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने युवक और उसकी मां को शादी के लिए बिहार बुलाया और वहां बंधक बना लिया। किसी तरह दोनों बचकर वापस आए और पुलिस अधिकारियों से शिकायत की। एसएसपी अनुराग आर्य के आदेश पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**आरोप**

गणेशनगर निवासी किरन देवी ने बताया कि बदायूं के दातागंज निवासी मुनेन्द्र सिंह और शांति विहार कालोनी निवासी नेत्रपाल ने उनके बेटे प्रकाश की शादी भागलपुर बिहार की रहने वाली रश्मि से तय कराने का दावा किया। आरोपियों ने उनसे दो लाख रुपये नकद, 50 हजार रुपये के गहने और 50 हजार रुपये के कपड़े ले लिए। आरोप है कि 25 जनवरी को वह और उनका बेटा बिहार के भागलपुर पहुंचे। जहां पर एक मंदिर में एक युवती की मांग में प्रकाश के हाथों सिंदूर डलवा दिया और कहा कि शादी की रस्म खत्म हो गई। जब पूरे विधि विधान से शादी कराने की बात कही गई तो आरोपियों ने रकम और गहने हड़प लिए और उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया। अगले दिन जब उन्होंने और उनके बेटे ने बाहर निकलने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि उन्होंने किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। किसी तरह जान बचाकर मां-बेटे बरेली लौटे और पुलिस से शिकायत की। पीड़िता ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, यूपी और बिहार के एडीजी समेत कई उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# कार में मिली महिला की लाश, खेत में कराहता मिला सिपाही पति

■ महिला की जहर देकर हत्या की आशंका, पुलिस जांच में जुटी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** फरीदापुर इनायत खां के पास पीएसी आठवीं बटालियन के सिपाही रवि की पत्नी मीनू की कार में लाश मिली और रवि खेतों में घायल हालत में कराहता मिला। पुलिस मीनू की हत्या की आशंका जताते हुए हर पहलू की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि शनिवार को सिपाही रवि कुमार अपनी पत्नी मीनू (28) को कार से दवा दिलाने के लिए निकला था। कुछ देर बाद उसने अपने साथी सिपाही संजय को फोन कर बताया कि फरीदापुर इनायत में मंदिर के पीछे चार-पांच बदमाशों से उसे घेर लिया है और जल्दी तीन-चार लोग लेकर आ जाओ। संजय अपने दो साथियों के साथ मौके पर पहुंचे।

संजय ने पुलिस को बताया कि जब वह मौके पर पहुंचा तो रवि की कार रोड किनारे खड़ी थी। आगे की सीट पर उसकी पत्नी मीनू बेहोश पड़ी थी और अंदर खेत से किसी के कराहने की आवाज आ रही थी। जब खेत के अन्दर जाकर देखा तो रवि पड़ा हुआ था। उन्होंने साथियों के साथ रवि को उठाकर अपनी कार में बैठाया और दोनों को नकटिया स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मीनू को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस को कार से खाली सिरिंज पड़ी मिली और मीनू के गले पर भी सिरिंज के निशान मिले हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि उसे गले में जहरीला इंजेक्शन लगाया गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस रविवार को शव का पोस्टमार्टम कराएगी। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट की इंतजार कर रही है। उधर एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा ने जब घायल सिपाही से बात करने का प्रयास किया तो उसने सब कुछ भूलने का नाटक किया, जिससे पुलिस का शक उस पर और भी गहरा हो गया।

मूलरूप से जिला रामपुर के मिलक के गांव सिहारी के रहने वाले रवि कुमार की शादी पास के गांव की ही मीनू से हुई थी। शादी के दो साल बाद रवि की पीएसी में सिपाही के पद पर नियुक्ति हो गई। उसके तीन बेटियां है। एक बेटी रवि के पास और दो बेटी अपने मामा के पास रहती हैं। पुलिस मामले की जांच प्रेम-प्रसंग के एंगल पर भी कर रही है। वहीं पुलिस जब छानबीन करने पीएसी स्थित रवि के आवास पर पहुंची, तब वहां उसकी बेटी मोबाइल पर कार्टून देख रही थी। पुलिस ने देखा कि किचन में सब्जी चावल बने हुए थे और आटा गुथा रखा हुआ था। बेटी ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले पिता ने मां की पिटाई की थी। घटना के बाद खबर फैली कि लूटपाट के दौरान जहर देकर महिला की हत्या कर दी गई। मौके पर पहुंचे एसपी सिटी मानुष पारीक और एसपी उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा ने मामले की जांच की। जांच में साफ हुआ कि महिला के बैग में रुपये और जेवर सुरक्षित मिले और कार भी पास में ही खड़ी थी। इससे लूट की आशंका को खारिज कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि सिपाही रवि की हालत में सुधार होने पर ही घटना के असली कारणों का खुलासा हो पाएगा।

> महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। उसका सिपाही पति भी घायल अवस्था में मिला है। मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के कारण का पता चल सकेगा।
> **मुकेश चन्द मिश्रा, एसपी उत्तरी**

# जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से होगी 8.84 लाख की वसूली

■ सहायक श्रमायुक्त न्यायालय ने 16 दिसंबर 2023 को नसीरन खातून के पक्ष में सुनाया था फैसला

■ एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह के निर्देश पर नोटिस जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** न्यायालय नियंत्रक प्राधिकारी (आनुतोषिक भुगतान अधिनियम) एवं सहायक श्रमायुक्त बरेली ने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से 8.84 लाख रुपये की वसूली के आदेश दिए हैं। न्यायालय से जारी वसूली प्रमाणपत्र के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर एडीएम वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह के निर्देश पर तहसील सदर की टीम ने धनराशि वसूल करने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के विरुद्ध आरसी जारी की है। इसके साथ ही एलडीएम से जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के बैंक में संचालित खातों की जानकारी मांगी है।

सहायक श्रमायुक्त न्यायालय ने नसीरन खातून पत्नी स्व. हशयत यार खान के अनुतोषिक भुगतान के वाद में सुनवाई कर 16 दिसंबर 2023 को आनुतोषिक धनराशि 8,84,972 रुपये का भुगतान करने का आदेश जारी किया था। इसी के तहत तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह ने 22 फरवरी को एलडीएम को पत्र लिखकर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के बैंक खातों के संचालन की जानकारी मांगी है।

वहीं, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अंजना सिरोही ने निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण को पत्र लिखा है, जिसमें उन्हें पूरा मामला बताते हुए निदेशक से मार्गदर्शन मांगा है।

# सर्राफ की दुकान से दिनदहाड़े लाखों के जेवर चोरी

■ घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, पुलिस जांच में जुटी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली/ रिठौरा।** रविवार की सुबह कस्बे के मेन बाजार में स्थित एक सराफा व्यापारी की दुकान से टप्पेबाज दंपती लगभग 25 ग्राम सोने के जेवरात लेकर गायब हो गए। चोरी गए जेवरात की कीमत करीब सवा दो लाख रुपये बताई गई है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने बाजार और कस्बे में काफी देर तक दंपती की तलाश में अभियान चलाया लेकिन उनका कोई पता नहीं चला।

कस्बे के मोहल्ला कुर्मियान निवासी टोनी गुप्ता की कस्बे में पीलीभीत रोड पर टोनी ज्वेलर्स के नाम से सराफ की दुकान है। टोनी ने बताया कि शनिवार को वे कुंभ नहाने गए थे। रविवार को उनके पिता जगदीश गुप्ता और उनका नौकर दुकान पर बैठे थे। सुबह करीब ग्यारह बजे एक अज्ञात दंपत्ति उनकी दुकान पर आए और सोने के टॉप्स दिखाने को कहा। जगदीश गुप्ता ने उन्हें टॉप्स दिखाए। इतने में दंपत्ति ने सोने की चेन दिखाने को कहा। जगदीश ने उन्हें चेन दिखाना शुरु किया। इसी दौरान महिला ने जगदीश और उनके नौकर को बातों में उलझा दिया और इतने में युवक ने दो चेन और एक झुमकी गायब कर अपनी जेब में रख ली। जिसके बाद दंपत्ति उन्हें एक कुंडल पसंद कर अलग रखवा गए और दो हजार रुपए बयाना के देकर परसों कुंडल उठाने की बात कहकर वहां से निकल गए। युवक ने अपना नाम शिवम निवासी ग्राम काशी धर्मपुर बताया। उनके जाने के बाद जगदीश ने अपना माल चेक किया तो दो सोने की चेन और एक कुंडल गायब था। उन्होंने दुकान से निकलकर देखा कि तब तक दोनो फरार हो चुके थे। जगदीश बताए पते पर भी गए लेकिन वहां भी कोई उन्हें नही जानता था। जगदीश ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर चौकी इंचार्ज वैभव गुप्ता मौके पर पहुंचे और चोरों की तलाश में कांबिंग की लेकिन चोर हाथ नही आए। पुलिस ने सीसीटीवी निकलकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# दिल का दौरा पड़ने से ट्रेन में सफर कर रहे डिस्ट्रीब्यूटर की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कुंभ एक्सप्रेस में एक एल्युमिनियम फॉयल कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर को व्यापारी से फोन पर बात करते समय हार्ट अटैक पड़ गया और उसकी मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने शनिवार शाम यात्री के शव को कोच से नीचे उतारा। जेब से मिले पते के आधार पर परिजनों को सूचना दी।

जीआरपी प्रभारी अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि कुंभ स्पेशल 04661 प्लेटफार्म तीन पर रुकी तो कोच एस-4 कोच में सफर कर रहे यात्री के निधन होने का मीमो मिला। वह एसआई तरुण कुमार, सिपाही विनीत कुमार, अंकित कुमार के साथ कोच में गए और शव नीचे उतारा। शव की तलाशी में जेब से 100-100 की दो गड्डियां और पर्स में 1765 रुपये और दो मोबाइल फोन मिले। जेब से मिले पते के आधार पर उनकी पहचान देवेन्द्र शर्मा के रूप में हुई। सूचना पर रविवार सुबह उनके भाई सुशील कुमार और बेटे राहुल शर्मा आए और पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात कहकर शव ले गए।



मृतक के भाई सुशील कुमार ने बताया कि उनके भाई देवेन्द्र शर्मा एल्युमिनियम फॉयल फ्रैश रैप कंपनी के उत्तर प्रदेश के डिस्ट्रीब्यूटर थे। वह गाजियाबाद के मोदीनगर से 10 फरवरी को काम से लखनऊ गए थे और शनिवार को वहां से कुंभ स्पेशल ट्रेन से वापस आ रहे थे। वह एक व्यापारी से बात कर रहे थे कि अचानक बात करते-करते वह गिर गये। फोन कटने पर व्यापारी ने फोन किया तो पड़ोस में बैठे यात्रियों ने उनके बेहोश होने की जानकारी दी।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

## राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात पुलिस ने मोबाइल फोन पर बात करते समय राहगीरों से मोबाइल छिनेति की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया है। थाना देहात प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने मोहल्ला सोटावली के बाहर निकलने वाले रास्ते से मोबाइल छिनेति की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से राहगीरों से छीने हुए दो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार किए गए आरोपी मोबाइल फोन पर बात करते समय राहगीरो से उनके मोबा. इल फोन छीनकर फरार हो जाते थे। आरोपियों की पहचान जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव कनिया कल्याणपुर निवासी हरेंद्र पुत्र मेघराज, मोहित कुमार पुत्र सत्यपाल और जीशान पुत्र साबिर अली के रूप में हुई है।

## दो दिन से लापता मासूम की हत्या से मचा हड़कंप, शव पड़ोसी की छत से बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र में दो दिन से लापता मासूम बच्चे की हत्या से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मासूम के शव को पड़ोसी की छत से बरामद कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सेंगेवाला निवासी राजाराम का 8 वर्षीय बेटा कृष्णा शुक्रवार की शाम घर के बाहर खेलते-खेलते लापता हो गया था। परिजनों ने मासूम को काफी तलाशा। परिजनों के काफी तलाशने के बाद भी मासूम का कोई सुराग नहीं लग सका। जिसके बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शनिवार की देर रात मासूम कृष्णा का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित एक मकान की छत पर मिला। मासूम बच्चे का शव मिलने से



परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही गढ़मुक्तेश्वर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंच गई और बच्चे के शव को पड़ोसी की छत से बरामद कर कब्जे में ले लिया। फिलहाल मासूम बच्चे की अपहरण के बाद गला घोंटकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है।

## पूर्व पत्नी का हत्यारोपी साथी सहित गिरफ्तार, भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे निर्देशन में रविवार को थाना सुनगढ़ी पुलिस द्वारा दूसरे पति के साथ घर में रह रही पूर्व पत्नी की हत्या करने वाले उमाशंकर पुत्र अर्जुन निवासी ग्राम पुरानी पिहानी कस्बा व थाना पिहानी जनपद हरदोई व उसके साथी लाखन पुत्र रामकैलाश निवासी मो नागर कस्बा व थाना पिहानी जनपद हरदोई को आला कत्ल दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सुनगढ़ी क्षेत्रान्तर्गत मृतका पूजा जो अपने पति अभियुक्त उमाशंकर तथा अपने दो बच्चो को छोड़ कर विगत 3 वर्ष से मनीराम के साथ रह रही थी। मृतका पूजा का पूर्व पति उमाशंकर उससे रंजिश मानता था। जिस कारण 21 फरवरी को पूजा को उसके पूर्व पति उमाशंकर द्वारा अपने भतीजे लाखन के साथ मिलकर मनीराम के घर में घुसकर चाकू से गोद कर हत्या कर दी तथा पूजा को बचाने आये मनीराम एवं प्रयाशुं को चाकू से हमला कर घायल कर दिया था। घटना के दौरान उमाशंकर भी हमला करने के दौरान मृतका पूजा व मनीराम के द्वारा बचाव के दौरान घायल हो गया था।

# गढ़ आसपास

## कोर्ट की दखलः-
## घायल की पत्नी ने कोर्ट की शरण लेकर दर्ज कराया मुकदमा

**गढ़मुक्तेश्वर।** पिछले साल दुर्घटना में घायल हुए पति की हालत स्थिर बनी होने से इधर उधर उपचार कराती घूम रही महिला ने पुलिस में कोई सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण लेकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। नोएडा के गांव चौड़ा निवासी वर्षा ने काफी अरसे तक पुलिस में कोई सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण लेकर मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें उल्लेख किया है कि तीन सितंबर 2024 को वह अपने पति अमित के साथ बाइक से अपने मामा संजय कुमार निवासी गांव लडहरा थाना बहादुरगढ़ के घर से वापस लौट रही थी। इस दौरान साथ में सात माह का बेटा मोहित भी उसकी गोदी में था। सिंभावली पार करते ही गांव सिखैड़ा के पास पीछे से तेज गति में जा रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे डिवाइडर पर गिरने से उसके सिर में गंभीर चोट आई थी और पति का जबड़ा बुरी तरह टूट गया था, हालांकि बेटा पूरी तरह सुरक्षित बच गया था। पीडिघ्ता का कहना है कि वह तभी से इधर अस्पतालों में घायल पति का इलाज कराती घूम रही है, परंतु कोई राहत नहीं मिल पा रही है। महिला का कहना है कि कई माह बाद भी थाने में रिपोर्ट दर्ज न होने पर उसे कोर्ट की शरण में जाना पड़ा है, तब कहीं जाकर उसकी रिपोर्ट दर्ज हो पाई है। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर हाईवे समेत इधर उधर लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर अज्ञात वाहन की सुरागरसी कराई जा रही है।

## कोर्ट की शरण लेने पर हुई दबंगों पर रिपोर्ट दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** प्लाट पर कब्जे के प्रयास का विरोध करने पर घर में घुसकर तांडव मचाने वाले दबंगों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर पीडिघ्त पक्ष ने कोर्ट की शरण ली। बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव करीमपुर निवासी डबलेश की पत्नी सुमन ने थाने में कोई सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण लेकर दबंगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि गांव के ही दबंग लोग मनवीर, नेपाल, अमन आदि उसके प्लॉट पर अवैध ढंग में कब्जा करने का प्रयास करते आ रहे हैं। इसी रंजिश में उसके पति के साथ मारपीट की गई थी, परंतु कई बार शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा दबंगों के विरुद् कोई कार्रवाई किया जाना संभव नहीं हो पाया है। पीडिघ्ता का कहना है कि पंद्रह जनवरी को थाने में शिकायत करने से नाराज होकर अमन, मनवीर, नेपाल, राजो, मल्लो आदि प्लॉट पर कब्जे का प्रयास करते हुए दीवार गिराने लगे। बेटी रितिका और भाभी ने विरोध किया तो उक्त सभी लोग एकराय होकर प्रार्थनी के घर में घुस आए। जिन्होंने उसे बाल पकडकर नीचे गिराते हुए लाठी डंडे और लात घूसों से मारपीट कर दी। शोर सुनकर पति डबलेश मौके पर पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट करते हुए चुप न बैठने पर जान से मारने की धमकी दे डाली। इंस्पेक्टर अरविंद चौधरी का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है, जिसके आधार पर ही अब अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आश्रम भूमि में कब्जे का प्रयास करने वालों की आई शामत

**ब्रजघाट।** आश्रम भूमि में अवैध कब्जे का प्रयास करते हुए रास्ते में जबरन बाथरूम बनाकर दो जंगले बंद करने वाले दस लोगों को नामजद करते हुए संचालक ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया। ब्रजघाट गंगानगरी में स्थित निकेतन आश्रम के संचालक और संत बलराम के शिष्य ब्रजेश पाठक ने कोर्ट के आदेश पर गढ़ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें उल्लेख किया है कि श्याम, उसके बेटे विक्की, बंटी, ओमदत्त, मुकेश, हरिओम, महेश, रामभरोसे, सोनू और बल्लू द्वारा काफी दिनों से आश्रम की भूमि पर अवैध ढंग में कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। संचालक का कहना है कि आश्रम का निर्माण उसके ब्रह्मलीन गुरू बलराम द्वारा भूमि खरीदकर कराया गया था। जिसमें उसके परिवार के साथ ही गुरू की प्रतिमा, शिव परिवार का मंदिर भी बना हुआ है। आश्रम के बराबर में जो रास्ता है, उसमें उक्त दबंगों द्वारा मुठमर्दी के बल पर अवैध रूप से बाथरूम बनाए जाने से आवागमन बाधित होने के साथ ही आश्रम के दो जगंले भी बंद हो गए हैं। जिसको लेकर शिकायत करने पर मारपीट एवं गाली गलौज करते हुए चुप न बैठने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है, परंतु कोतवाली समेत संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई संभव नहीं हो पाई है। जिससे हौंसला बढने पर दबंगों द्वारा लगातार उसके साथ मारपीट की घटना की जा रही हैं। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज विवेचना कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## हडकंपः-
## नाबालिग किशोरी का दूसरे दिन भी नहीं लग पाया कोई सुराग

**गढ़मुक्तेश्वर।** पड़ोस की परचून दुकान से घरेलू सामान लाने के दौरान रास्ते से संदिग्ध दशा में लापता हुई नाबालिग किशोरी का दूसरे दिन भी सुराग न लगने पर अनहोनी की आशंका से भयभीत परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। गढ़ क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया गया है कि उसकी पंद्रह वर्षीय नाबालिग बेटी शनिवार की शाम को पड़ोस में परचून की दुकान से घरेलू उपयोग का सामान खरीदने गई थी। जो इसी दौरान संदिग्ध दशा में लापता हो गई। काफी खोजबीन के साथ ही रिश्तेदारी में पता करने के बाद भी दूसरा दिन बीत चुका है, परंतु उसका कोई सुराग लग पाना संभव नहीं हो पा रहा है। जिससे उसके साथ अनहोनी की आशंका होने को लेकर परिजन बुरी तरह भयभीत चल रहे हैं। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर हुलिये के आधार पर लापता किशोरी की सुरागरसी कराई जा रही है, जिसे मोबाइल की कॉल डिटेल रिपोर्ट के आधार पर बहुत जल्द सकुशल ढंग में बरामद कर लिया जाएगा।

## रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन द्वारा कराया गया 7 हिन्दू जोड़ों का विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** रविवार को रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू जोड़ों का विवाह विधि-विधान से सम्पन्न करवाया गया। रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन इस तरह के धार्मिक एवं मांगलिक, जनकल्याणकारी कार्य करवाता रहता है। इस क्रम में पिछले कई वर्षों से गरीब कन्याओं का विवाह करवाता चला आ रहा है रविवार को 7 जोड़ों का विवाह पंडित अनिल शास्त्री व उनके अन्य ब्राह्मणगणों ने मिलकर हिन्दू रीति-रिवाजों के साथ शिव-शक्ति धाम मंदिर अशोक कॉलोनी में सम्पन्न कराया। जिसमें नई ग्रहस्थी बसा रहे जोड़ों को बेड, बिस्तर, तकिया,अलमारी, बर्तन, मिक्सर, कपड़े, सिलाई मशीन आदि उपहार स्वरुप दान में दिए गए। इस सामूहिक विवाह समारोह में चेयरमैन पूरनपुर शैलेन्द्र गुप्ता



एवं उनकी धर्मपत्नी कल्पना गुप्ता, एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रफुल्ल मिश्रा जी, तहस. ीलदार हबिबुर्रहमान खान, रोटरी क्लब के डॉ. दिनेश गुप्ता, अशोक खंडेलवाल, हर्ष गुप्ता, धीरज शुक्ला, ब्रजेश गुप्ता, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, अजय खंडेलवाल, मधुर होड़ा, गुरमेल गिल, संजीव गुप्ता व अन्य कई सम्मानित जनों ने उपस्थित रहकर कन्यादान किया व जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

## कुंभ में स्नान करने वाले को सरकार नहीं मानेगी हिंदू: टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय किसान यूनियन भाकियू के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने योगी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार वोट बैंक के लिए विवाद खड़ा कर रही है।

टिकैत ने कुंभ स्नान को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जो कुंभ में स्नान नहीं करेगा, उसे सरकार हिंदू नहीं मानेगी। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने खुद कुंभ स्नान किया है। लेकिन उन्हें सरकार से किसी सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। लाउडस्पीकर विवाद पर भी टिकैत ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सरकार को विवादित मुद्दों की बजाय अपने कामों पर ध्यान देना चाहिए। किसान नेता ने सरकार से किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। टिकैत गाजियाबाद के मंडोला में होने वाली किसान पंचायत में जा रहे थे। इस दौरान राकेश टिकैत ने सरकार से किसानों की सभी समस्याओं के समाधान की मांग की। कहा कि सरकार किसानों की प्रत्येक मांग को पूरा करें। सरकार किसानों की अनदेखी ना करें।



## इनर व्हील क्लब ने एसपी सहित दर्जनों पुलिस अधिकारीयों को किया सम्मानित

**पीलीभीत।** ग्रेटर के इनर व्हील क्लब द्वारा शहर के सोलिटेयर होटल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, एडिशनल एसपी विक्रम दहिया, एसएचओ रीना सिंह सहित तमाम पुलिस बल को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से आईपीएस अविनाश पांडे को उनकी वीरता और साहस के लिए आयोजित किया गया था। उनके द्वारा जन सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने में किए गए उत्कृष्ट कार्य की अत्यधिक सराहना की गई। इसके अतिरिक्त, महिलाओं की सुरक्षा और सश. क्तिकरण को बढ़ावा देने में उनकी पहल को भी महत्वपूर्ण माना गया।

## शिव बाबा का ध्वज फहराकर साधकों को बताया महाशिवरात्रि पर्व का महत्व



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अग्रवाल मंडी टटीरी बागपत में महाशिवरात्रि पर्व मनाया गया तथा शिव बाबा का ध्वज फहराया गया।

रविवार को प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका नीरु दीदी ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व परमपिता परमात्मा शिव के कलियुग के अंत और सतयुग के आदि से पूर्व वर्तमान संगम युग पर किए गए दिव्य एवं आलौकिक कर्मों का यादगार पर्व है। कहा कि जब शिव परमपिता परमात्मा इस धरा पर अवतरित होते हैं तो अपने ज्ञान और योग की शक्ति से नारी को शिव शक्ति बना देते हैं। बीके रूपाली दीदी ने बताया कि परम. पिता शिव परमात्मा का दिव्य अवतरण कलयुग के अंत समय में विषय विकारों की कालिमा में लिपटे हुए और अज्ञानता की निद्रा में सोए हुए। मनुष्य मात्र को जगाने के लिए ही होता है। परमात्मा शिव संपूर्ण सृष्टि के पिता हैं इसलिए उनके शदिव्य एवं कल्याणकारी कर्तव्यश समूचे विश्व के लिए हैं। वे अपने तीन दिव्य कर्तव्य नई पावन सृष्टि की स्थापना, पालना और पुरानी पतित सृष्टि से सर्व बुराइयों का विनाश करके, सभी मनुष्यों का कल्याण करते हैं और सर्व को गति और सद्गति प्रदान करते हैं। बीके अंजू दीदी प्रवचन देते हुए साधकों को महाशिवरात्रि पर्व का महत्व से परिचित करवाया। कहा कि महा. शिवरात्रि पर्व पर अपने जीवन से बुराइयों का त्याग करें। इसी दौरान शिवानी, अनाया, ईशा, तनवी ने स्वागत नृत्य किया। कार्यक्रम का संचालन माही दीदी ने किया।

## महिला के साथ छेड़छाड़ व मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** क्षेत्र की एक महिला ने चांदीनगर थाने में तीन लोगों के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट की तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। चांदीनगर थाना क्षेत्र के सिंगोली तगा गांव की एक महिला ने एक महिला उसकी बेटी और बेटे पर मारपीट और छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए बताया कि वह खेत से चारा लेकर आ रही थी तो पड़ोसी महिला उसकी बेटी व पुत्र ने उसके साथ मारपीट की और उसके पुत्र ने उसके साथ छेड़छाड़ कर बदतमीजी की। किसी तरह पड़ोसियों ने उसे बचाया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हापुड़ आसपास

## शिक्षण संस्था का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

**सिंभावली।** शिक्षण संस्था के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने देशभक्ति गान समेत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर में स्थित एमएम पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए सपा नेता रविंद्र चौधरी ने दीप जलाकर किया। प्रतिभागी बच्चों ने देशभक्ति गान के साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोताओं का मन मोह लिया। देश की आजादी में जान गंवाने अमर शहीदों समेत महापुरुषों की आकर्षक झांकियों को जमकर सराहा गया। इसके उपरांत पढ़ाई लिखाई के साथ ही स्कूल की खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल आने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर रविंद्र चौधरी ने उनका हौंसला बढ़ाया।

## श्री दुर्गा मंदिर में हुआ मासिक भंडारा

**गढ़मुक्तेश्वर।** भंडारे में उमड़ी महिला बच्चों समेत सैकड़ों भक्तों की भीड़ ने धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की मदद और सामाजिक कुरीतियों से बचने का संकल्प लिया। गढ़ के प्राचीन मीरा रेती क्षेत्र में मुख्य बाजार स्थित श्री दुर्गा मंदिर में रविवार को खिचड़ी का मासिक भंडारा हुआ, जिसमें महिला और बच्चों समेत सैकड़ों भक्तों की भीड़ ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म के बताए सद्मार्ग पर चलकर दीन दुखियों की मदद और समाज में फैल रहीं बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया। युवा अधिवक्ता संदीप निषाद ने बताया की श्री दुर्गा मंदिर में प्रतिमाह अंतिम रविवार को भंडारे में प्रसाद का वितरण किया जाता है। इस दौरान रतनसिंह भगत, बंटी प्रजापति, डॉ. घनश्याम राणा, दिनेश सैनी, सभासद प्रदीप निषाद, हरिप्रकाश राणा, दुली. चंद केवट समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध दशा में लापता युवक का नहीं लग रहा सुराग

**सिंभावली।** संदिग्ध दशा में लापता हुए युवक का दूसरे दिन भी कोई सुराग न लगने से अनहोनी की आशंका को लेकर भयभीत चल रहे परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई। सिंभावली क्षेत्र के गांव न्याजपुर खय्या का तीस वर्षीय रोहित शनिवार की देर शाम को संदिग्ध दशा में लापता हो गया था, जिसका दूसरे दिन भी कोई सुराग न लगने से परिजनों को अनहोनी घटना होने की आशंका का डर सता रहा है। पत्नी और बेटे का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है। ममेरे भाई ने बताया कि रोहित को रिशेतदारी समेत परिचित स्थानों पर तलाश किया जा रहा है, परंतु कोई भी जानकारी मिल पानी संभव नहीं हो रही है। जिसके चलते गुमशुदगी दर्ज कराने को थाने में तहरीर दी गई है। में काफी तलाश किया है लेकिन कहीं कोई सुराग नही लगा पा रहा हैं। इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर लापता युवक की सुरागरसी कराई जा रही है, जिसे जल्द ही सकुशल ढंग में बरामद कर लिया जाएगा।

## शिक्षण संस्था में हुआ भारतीय रक्षक गौरव सम्मान समारोह

**सिंभावली।** देश की सीमाओं की सुरक्षा से जुड़ा दायित्व निभाकर घर लौटे पूर्व सैनिकों का सम्मान करते हुए उनकी वीरता और साहस को जमकर सराहा गया। सिंभावली क्षेत्र के गांव रझैड़ा के एसजीवी इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को भारतीय रक्षक गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के पूर्व सैनिकों समेत गणमान्य लोग, शिक्षाविद, समाजसेवी और साहित्यकारों ने बड़ी गर्मजोशी के साथ प्रतिभाग किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र पाल, उनके पिता अमन सिंह और एयर फोर्स के पूर्व वारंट अफसर मनबीर सिंह खुड़लिया ने संयुक्त रूप में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करते हुए पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए जिला पंचायत चेयरमैन रेखा के पति प्रमोद नागर ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ अनुसाशन भी बेहद जरुरी है, तब ही स्टूडेंट्स पूर्ण रूप से विकसित और सफल हो पाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल की कल्चर कल भी और आज भी शहरों की तुलना में काफी बेहतर है। क्योंकि शहरों की भागदौड़ भरी जिंदगी में व्यस्तता के साथ ही सामाजिक संस्कार सिखाने वाले बुजुर्गों का बड़ा अभाव रहता है। स्कूली बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए भारतीय संस्कृति एवं राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। बच्चों ने नृत्य, गायन और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करने वाले लघु नाटकों का मंचन कर मन मोह लिया। इस दौरान किसान नेता हरीश हूण, भूमि विकास बैंक चेयरमैन सुभाष प्रधान, प्रधान मनीष पाल, देवेंद्र ढींगरा, आसिफ चौधरी, दानिश चौधरी, पूर्व सैनिक कैप्टन राजेश चौधरी, महेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, अंसार अली, महाराज सिंह, नरेश यादव, रणवीर सिंह, महकार सिंह, सोमबीर सिंह समेत काफी संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## न्यायालय की विचाराधीन भूमि पर दबंगों ने निर्माण किया

**हापुड़।** नेशनल हाईवे स्थित न्यायालय की विचाराधीन भूमि पर निर्माण कार्य करने का आरोप। शिवदयालपुरा निवासी शबनूर ने आरोप लगाते हुए बताया नेशनल हाईवे स्थित भूमि है। परगना व तहसील एवं जिला हापुड थाना हापुड नगर द्वारा उक्त दोनो वादों का अन्तिम रुप से निस्तारण हुए बिना ही विवादित भूमि के विशिष्ट भाग पर निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया है तथा मौके पर निर्माण सामग्री मंगवाकर कार्य कराया जा रहा है जबकि भूमि के किसी भी विशिष्ट भाग पर पृथक भाग का कुर्रा लगाये बिना निर्माण कार्य करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है, मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। यदिविपक्षीगण अपने उक्त अवैधानिक कार्य करने में सफल हो गये तो भूमि की बोईयत ही बदल जायेगी। तथा वाद योजन का मंशा ही सफल हो जायेगा। विपक्षी झगडालू व दबंग किस्म का व्यक्ति है जिसे राजनैतिक सरंक्षण प्राप्त है जिसके आधार पर ही विपक्षी विवादित भूमियों की बावत न्यायालय में विचाराधीन वादो का निस्तारण होकर पृथक कुर्य लगाये जाने से पूर्व अवैधानिक रुप से निर्माण कार्य कर रहा है। शबनूर ने बताया जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी की गई है।

# यशपाल हत्याकांड में नाबालिग प्रेमिका सहित छह गिरफ्तार

# 72 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** 72 घंटे की मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस को सफलता मिल ही गई यशपाल हत्याकांड के आरोप में पुलिस ने नाबालिक प्रेमिका सहित 6 को बेनकाब करते हुए न्यायालय में पेश किया।

बीते बीते 19 फरवरी की रात ढकिया चौकी से कुछ दूरी पर रवानी पट्टी उदा के रहने वाले 19 वर्षीय यशपाल का रक्त रंजित शव खेत मे पड़ा हुआ मिला था सूचना पर परिजन आनंन-फानन मौका वारदात पर पहुंचे थे और यह कहते हुए हंगामा किया था कि यशपाल के हत्यारे को तुरंत गिरफ्तार किया जाए तब मृतक यशपाल के शव को पुलिस के हवाले करेंगे।सूचना पर एसपी रामपुर विद्यासागर मिश्र भी मौके पर पहुंचे थे इससे पहले कोतवाल पंकज पन्त उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, उपनिरीक्षक आदेश कुमार, उपनिरीक्षक अरविंद दीक्षित व पुलिस क्षेत्राधिकार हर्षिता सिंह मौके पर पहुंच चुके थे। जबकि चौकी इंचार्ज मनोज चौधरी पुलिस बल के साथ पहले से ही मौजूद थे।

20 फरवरी को मृतक यशपाल के भाई कुमरपाल पुत्र महेंद्र पाल की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों को के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी और दो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी थी।

### 2 महीने पहले सूरज और लता का रिश्ता तय हुआ था

लगभग दो माह पहले लता के पिता लाखन सिंह ने ग्राम दबतोरी थाना बिसौली जिला बदायूं के रहने वाले सूरजपाल उर्फ छोटू पुत्र स्व दिलावर सिंह के साथ लता का रिश्ता तय कर दिया था उसके बाद भी मृतक यशपाल उसको फोन कर रहा था। यह बात भी लता ने मंगेतर सूरजपाल को बताई थी।





शाहबाद। पुलिस गिरफ्त में यशपाल मर्डर के 6 आरोपी तथा मौके पर मौजूद सीओ हर्षिता सिंह कोतवाल पंकज पन्त तथा मौके पर बरामद सील हथियार।

### प्लान के तहत हुई यशपाल की हत्या

लता का फोन अक्सर व्यस्त रहने पर सूरज को शक हुआ और उसने लता से बात की इस पर लता के भाई राजेश व पिता लाखन ने भी षड्यंत्र करते हुए सूरज से कहा कि हम सभी परेशान हैं तुम उसे मार दो षड्यंत्र के चलते सूरज ने अपने साथी जितेंद्र और मोहित के साथ मिलकर 19 फरवरी की रात 9 और 10 बजे के बीच यशपाल को बुलाकर उसकी ढकिया रवानी पट्टी उदा के बीच में सड़क किनारे चाकू से अनगिनत वार करते हुए व ईंट से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी और मौका ए वारदात से फरार हो गए।

### 15 अगस्त 2024 को दर्ज हुए मुकदमे में मृतक गया था जेल

रवाना पट्टी उदा का रहने वाला 19 वर्षीय मृतक यशपाल लता से प्रेम प्रसंग के चलते हुए लता को भगाने के आरोप में लता के भाई राजेश के द्वारा कोतवाली शाहबाद में मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें मृतक यशपाल जेल गया था। जिससे रंजिश और बढ़ गई थी।

### लता का फोन अक्सर व्यस्त रहने के कारण सूरज को हुआ शक

रिश्ता तय होने के बाद जब सूरज लता को फोन मिलाता था तो अक्सर लता का फोन व्यस्त आता है इस पर सूरज को शक हुआ तब सूरज ने जब लता से इस बाबत पूछा तो लता ने बताया कि मैं यशपाल से बात करती थी लेकिन अब मैं उससे बात नहीं करती हूं वह मुझसे जबरदस्ती बात करता है और परेशान करता है। इस पर सूरज ने कहा यशपाल बहुत परेशान कर रहा है इसका काम तमाम कर देता हूं।

### प्रेमिका के कहने पर यशपाल गया था सूरजपाल के पास

पुलिस के मुताबिक पूछताछ के दौरान प्रेमिका लता ने बताया कि मृतक यशपाल उसके कहने पर यशपाल का दोस्त बनकर मंगेतर सूरजपाल की मिठाई की दुकान पर मंगेतर सूरजपाल से बात करने के लिए बिसौली में गया था।

सूरजपाल ने यशपाल को चाय नाश्ता भी कराया था।

### जेल जाने के बाद भी यशपाल पर आशिकी का भूत सवार था

जब यशपाल जेल से जमानत पर वापस आया उसके बाद भी वह लता को लगातार उसके नंबर पर फोन करता रहा।

उसने बात करना बंद नहीं की इसका लगातार पीछा करता रहा जिससे लता के घर वाले परेशान थे।

### सुबूत मिटाने को जलाया मोबाइल

यशपाल की हत्या करने के बाद हत्या आरोपी सूरजपाल, जितेंद्र ,मोहित र वहां से मोटरसाइकिल से फरार हो गए और जाते समय यशपाल का मोबाइल भी साथ ले गए। घर पहुंचने पर सूरज ने मोबा. इल को अपने भाई रोहित के साथ चूल्हे में जला दिया। कोतवाली पुलिस ने सूरजपाल और उसके भाई रोहित की निशान देही पर वारदात के समय पहने हुए कपड़े कमीज व जींस व हत्या में इस्तेमाल चाकू और जले हुए फोन को बरामद किया।

### 1 फरवरी 19 फरवरी तक 150 बार मृतक और सूरजपाल के बीच फोन पर हुई बात

72 घंटे का मशक्कत के बाद पुलिस ने लता सूरजपाल और मृतक यशपाल का सीडीआर चेक किया जिससे पता चला की मृतक यशपाल और सूरजपाल के बीच 150 बार फोन पर बात हुई थी।

पुलिस क्षेत्र अधिकारी शाहाबाद हर्षिता सिंह ने बताया कि की जांच अभी जारी है फिलहाल प्रकाश में आए 6 आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### खुलासे को सीओ के नेतृत्व में चार टीमों का गठन

यशपाल हत्याकांड के खुलासे के लिए एसपी के आदेश पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी हर्षिता सिंह के नेतृत्व में चार टीमों का गठन किया गया जिन्होंने 72 घंटे की मशक्कत में सीसीटीवी कैमरा को खंगाला , टेक्निकल साक्ष्य इकठ्ठा किये और इन साक्ष्यों के आधार पर यशपाल की हत्या की साजिश में शामिल आरोपियों को कोतवाल पंकज पन्त उपनिरीक्षक मनोज चौधरी, उपनिरीक्षक अरविंद दीक्षित, हेड कांस्टेबल गिरिन्द सिंह, हेड कांस्टेबल बालकिशोर तथा महिला कांस्टेबल सुधा देवी ने गिरफ्तार किया।

## त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने की पैदल मार्च



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** रविवार को कोतवाल शाहाबाद पंकज पंत ने अपने सहयोगी पुलिसकर्मी उपनि. रीक्षक दिलीप कुमार, उपनिरीक्षक विष्णु कुमार व हेड कांस्टेबल अमित कुमार व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ आगामी त्योहारों व सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर नगर में पैदल मार्च किया।

थाने से निकलकर मोहल्ला कसावांन, रामपुर चौराहा , चंदौसी चौराहा, बिलारी चौराहा, नगर के मोहल्ला जिलेदारन बरबालान में पैदल मार्च किया।

राहगिरो एवं मोहल्ले वासियों से संदिग्ध व्यक्तियों एवं आगामी त्योहारों की बाबत चर्चा भी की साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों के बाबत थाने में तुरंत सूचना देने को कहा जिससे कि समय रहते कार्रवाई हो सके।

## अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटा चालक घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/ रामपुर।** रविवार को ई-रिक्शा लेकर एक युवक जाहिदपुर से शाहबाद की ओर आ रहा था की ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित हो गया और खाई में पलट गया जिसमें ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे में ई रिक्शा चालक के मुंह और हाथ पर चोट आई माजरा देख मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायल चालक को ई रिक्शा में बैठा कर लोग निजी चिकित्सक के यहां ले गए और उसका उपचार कराया सूचना पर ई-रिक्शा चालक के परिजन भी निजी अस्पताल में पहुंच गए।

# लायंस क्लब रामपुर रॉयल द्वारा किया गया दूसरा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

## बड़ी धूमधाम से निकली 12 दूल्हों की बारात, हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** लायंस क्लब रामपुर रॉयल द्वारा उत्सव पैलेस में कन्या विवाह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। जहां पर 12 जोड़ो ने जिंदगी भर साथ रहने की कसमें खाई। दोनों की बारात रंगोली मंडप से चलकर नवाब गेट राज द्वारा मिष्ठान गंज सारी गेट होते हुए उत्सव पैलेस पहुंची। जिसका शुभारंभ गाजियाबाद से आए अतिथि विनय सिसोदिया और आदित्य गुप्ता ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। बारात का जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं सदस्यों का फूल माला एवं मिष्ठान खिला कर स्वागत किया गया।

बारात में क्लब के सभी सदस्य नाचते झूमते दिखाई दे रहे थे। उत्सव पैलेस के गेट पर क्लब की महिलाओं ने बारात का स्वागत किया। जिसके बाद दूल्हा और दुल्हन की जयमाला की रस्म अदा की गई। सामूहिक विवाह समारोह में सभी जोड़ो को उनकी जरूरत का सारा सामान क्लब द्वारा दिया गया। उत्सव पैलेस में 12 दूल्हों का स्वागत शिव बहादुर सक्सेना पूर्व मंत्री ने बहुत गर्मजोशी के साथ किया। शादियों के प्रोग्राम में साथ रहे विधायक आकाश सक्सेना ने पूरी शादी का जायजा लिया और पूरे कार्यक्रम की बहुत तारीफ करते हुए कहा कि लायंस क्लब रॉयल द्वारा यह जो कार्य दूसरी बार कराया गया है वह बहुत ही तारीफ के काबिल है। दर्जा राज्य मंत्री सूर्य प्रकाश पाल ने वर व वधुओं को आशीर्वाद दिया और क्लब को और ऊंचाई पर पहुंचने का भगवान से प्रार्थना की। सभी दुल्हनों का मेकअप सरिता बिश्नोई ने किया। सभी दुल्हने सजने के बाद स्वर्ग की अप्सरा लग रही थी और दूल्हे भी राजा दिखाई दे रहे थे। कार्यक्रम में 12 ब्राह्मण के साथ 12 बेदी बनाई गई जहां बच्चों का विधि विधान के साथ फेरो का संस्कार किया गया। स्थानीय लोगों का प्रशासन और पत्रकार बंधुओ का बहुत सहयोग रहा। क्लब के सदस्यों ने कन्याओं का कन्यादान किया। वही भीगी पलके लिए सभी दुल्हनों की विदाई की गई। मंच का सफल संचालन अंकित रस्तोगी ने किया। कार्यक्रम समाप्त होने के उपरांत लायंस क्लब रॉयल के अध्यक्ष सोमेश अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, सचिव राजेश गोयल, कोषाध्यक्ष सरदार हरजिंदर सिंह ने क्लब के मेंबरों को सफल प्रोग्राम के लिए धन्यवाद और बधाई दी। कार्यक्रम में दीपक गोयल, सुमित अग्रवाल, संजय गर्ग, हरीश गोयल, हेमन्त गर्ग, अभय गुप्ता, डा० अजय सिंघल, शंकर केडिया, कुमुद जिन्दल, वीरेश सिंघल, ललित जैन, मुकुल अग्रवाल, सुनील भगत, भरत गुप्ता, अंकित रस्तोगी, सी.ए. सौरभ अग्रवाल, स० इन्द्रजीत सिंह, राजीव कालरा, मुक. ेश गोयल, संदीप अग्रवाल, पियुष गुप्ता, शिशिर अग्रवाल, उदित सक्सेना, भास्कर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, नितिन गोयल, मुकेश रस्तोगी, अमित अग्रवाल, मोहित बांगा,अमन जैन, सत्यम गोयल, नवीन अग्रवाल, अलका जैन, मनाली गोयल, दीप्ति गोयल आदि मौजूद रहे।






## तालाब में कट्टे में बंद मिला नवजात का शव, सूचना पर दौड़ी पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** ढकिया में प्राइमरी स्कूल के सामने सरकारी तालाब में कट्टे में बंद नवजात का शव मिलने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई सूचना पर पहुँची डायल 112 पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और डाकिया चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

ढकिया में प्राइमरी स्कूल के सामने स्थित सरकारी तालाब है जो कि मत्स्य पालन के लिए ढकिया के रहने वाले भोजराज कश्यप के नाम आवंटन है रविवार की सुबह लगभग 11 और 12 बजे के बीच भोजराज ने अपने पार्टनर कालू के साथ तालाब से मछली निकालने के लिए जाल तालाब में डलवाया ।जब जाल को खींच कर बाहर निकाला तो मछली के साथ-साथ एक कट्टा भी जाल में था। कट्टे को खोल कर देखा तो उसमें एक नवजात का शव था। भोजराज ने बताया कि जब कालू ने मछली पकड़ने के लिए तालाब में जाल फेंका जाल को बाहर निकाल कर देखा तो उसमें एक कट्टा था कट्टे को खोलकर देखा तो उसके अन्दर नवजात लड़की का शव था तुरन्त डायल 112 को कॉल कर सूचना दी गई सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने नवजात लड़की के शव को कब्जे में ले लिया और ढकिया पुलिस के हवाले कर दिया। कोतवाल शाहबाद पंकज पंत ने बताया कि तालाब में नवजात का शव मिला था जिसको की पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में भिजवा दिया गया है।

## सन्त निरंकारी मिशन के सेवादारों ने की रामगंगा घाट की सफाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** संत निरंकारी मिशन की ओर से रामगंगा घाट की सफाई कर गुरु पूजा दिवस मनाया गया। रविवार को संत निरंकारी मिशन शाहाबाद ब्रांच के मुखिया सोमपाल सिंह व सेवादल इंचार्ज सुनील कुमार के नेतृत्व में 50 सेवादार एवं 40 सेवादार बहनों के साथ मिलकर निरंकारी मिशन की ओर से प्रोजेक्ट अमृत ब्रांच की ओर से ढकुरिया रामगंगा घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सेवादल इंचार्ज सुनील कुमार ने बताया कि निरंकारी मिशन के सद्गुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज कहते थे कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही तरह से हानिकारक है।



## विद्यालय में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** 22 दिसंबर उच्च प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी और वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया आज ब्लॉक क्षेत्र के क्षेत्र के ग्राम कृपिया पांडे के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के वच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

जिसमें ग्राम प्रधान राजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ।खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में ग्रामवासी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप कुमार मिश्रा, कमलेश कुमार (संकुल प्रभारी) प्रभाकर गौतम (ARP) मिलक एवं संकुल परम के वरिष्ठ शिक्षक, सुरेश गंगवार, अखिलेश पाण्डेय जयविन्द पाण्डेय, जशपाल , गौरव सिंह, प्रमोद कुमार, प्रभाकर रमन कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के अन्त में अशोक कुमार (खण्ड शिक्षा अधिकारी) मिलक ने सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरुस्कार वितरण किए।



## घर जगाई खाटू श्याम की ज्योत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद /रामपुर।** नगर के मोहल्ला नालापार में धर्मेंद्र कश्यप ने अपने गृह में खाटू श्याम की ज्योत जगाई भक्त धर्मेंद्र कश्यप द्वारा बताया गया कि खाटू श्याम बाबा की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और जीवन की परेशानियां दूर होती हैं. मान्यता है कि जो भक्त सच्चे मन से बाबा की पूजा करता है, उसकी सभी मुरादें पूरी होती हैं। खाटू श्याम बाबा को गुलाब चढ़ाने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं और बाबा गलतियां माफ करते हैं। खाटू श्याम के मंदिर से इत्र लेकर आने से घर में सुख-शांति बनी रहती है। खाटू धाम से घर में जल लेकर आना शुभ माना जाता है। इस जल से घर में छिड़काव करने से नकारात्मकता दूर होती है। खाटू धाम से घर में मिट्टी लाना शुभ माना जाता है। इस मिट्टी को घर में लगे तुलसी के पौधे में डालने से घर में बरकत बढ़ती है। खाटू श्याम बाबा को कच्चा दूध, खीर-चूरमा, और दूध से बने पेड़ों का भोग लगाया जा सकता है। भक्त द्वारा पूरी रात्रि खाटू श्याम का गुणगान किया गया। पूजा समाप्ति के बाद भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र कश्यप, नंदराम कश्यप , मनीष कश्यप और अन्य भक्त मौजूद रहे।

### रठौडा महाशिवरात्रि मेले का उद्घाटन करेंगे नकवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर** महाशिवरात्रि पर लगने वाले किसान मेले का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी मंगलवार को करेंगे तहसील क्षेत्र के ग्राम रठौडा मैं महाशिवरात्रि के अवसर पर जिला पंचायत रामपुर की ओर से लगने वाले किसान मेले का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी मंगलवार सुबह 11:00 बजे करेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम प्रशासन को प्राप्त हो गया है यह मेला 12 मार्च तक चलेगा मेले की तैयारी जिला पंचायत की ओर से पूरी कर ली गई है और बाहर से दुकानदारों ने भी आकर अपनी दुकान लगा ली है।

## अपना दल ( एस ) ने संत गाडगे की मनाई जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अपना दल (एस)ने महान संत संत गाडगे महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई तहसील क्षेत्र के ग्राम नवदिया मिलक स्थित अपना दल (एस)के कैम्प कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू की अध्यक्षता में वैठक करके संत गाडगे महाराज जी की जयंती मनाई। सर्व प्रथम संत गाडगे महाराज जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके उनको श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिह संधू ने कहां कि महान संत गाडगे महाराज महाराष्ट्र के अमरावती जनपद के एक गांव में जन्मे और समाज में गरीब दलित लोगों को हक दिलाने और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए पूरा जीवन समाज हित में कार्य किया। ऐसे महापुरुष को लोग गाडगे बाबा के नाम से वुलाते थे। जिला महासचिव जसवंत पटेल ने कहां कि गाडगे महाराज ने जीवन भर लोगों को सच्चाई के रास्ते पर चलने समाज में फैली बुराईयों को मिटाने के लिए कीर्तन व प्रवचन कर जन जागरण अभियान चलाया।वैठक में जिला उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गंगवार, जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच डाक्टर कमल पटेल, जिला महासचिव अल्पसंख्यक मंच अकील अहमद,नगर अध्यक्ष मिलक डाक्टर अशोक गंगवार, रूकसार अहमद, चौधरी देवेंद्र सिंह, नासिर घोसी आदि उपस्थित रहे।



# आज से होगी परिषदीय यूपी बोर्ड परीक्षाएं

## जनपद में हाई स्कूल और इन्टरमीडिएट के 48411 छात्र-छात्राएं होंगे शामिल

( सुमित कुमार )
शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2025। जनपद में 72 केंद्रों पर परीक्षा होगी। 10वीं, 12वीं परीक्षा 2025 दो अलग-अलग पालियों में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक और दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों को वेबकास्टिंग के जरिये जिला और प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। जिससे प्रदेश और जिले पर बैठे शिक्षा और प्रशासनिक अधिकारी कर सकेंगे ऑनलाइन निगरानी करेंगे।जनपद में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। सभी परीक्षा केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं और प्रश्नपत्रों का वितरण किया जा चुका है।जिले में




24 फरवरी से परीक्षाएं शुरू होंगी। जिसमें 10 वीं और 12वीं के 48411 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि उत्तर पुस्तिकाए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रखी गई हैं। प्रश्न पत्र त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखे गये है। परीक्षा को नकल विहीन बनाया जाएगा। इसके लिए केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। वेबकास्टिंग के जरिये परीक्षा केंद्रों और परीक्षा की निगरानी होगी। वेबकास्टिंग के जरिये सभी परीक्षा केंद्र जिला और प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। यहां बैठे शिक्षा और प्रशास. निक अधिकारी नजर रखेंगे। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्र प्रभारियों को निर्देशित कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर विशेष पुलिस बल भी तैनाद रहेगा। परीक्षा में नकल करने पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना और आजीवन कारावास हो सकती है। इसके अलावा, नकल करने वाले परीक्षार्थी को अगले साल भी परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।

**नकल करने पर होगी सख्त कार्यवाही**

- नकल करने वाले परीक्षार्थी की उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
- नकल कराने वालों के खिलाफ भ्रामक सूचनाएं फैलाने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
- परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थी को अगले साल भी परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाएगा।
- परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थी की कॉपी नहीं जांची जाएगी।
- परीक्षा में नकल करने वाले परीक्षार्थी के खिलाफ एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जायेगा।

# विधायक ने कैम्प कार्यालय पर जनता दरबार में सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** रविवार विधायक शफीक अहमद अंसारी के केम्प कार्यालय पर स्वार-टांडा क्षेत्र से आये लोगों से विधायक मिले और उनकी समस्याओं का सुना साथ उसका मौके पर निस्तारण कराया। लोगो ने विधायक का आभार व्याप्त किया और उनके द्वारा मास्क लाइटों और सड़क निर्माण कार्यों की सहारना कि उन्होंने नगर सहित क्षेत्र का भृमण कर लोगों से समस्याओं को जाना।

उन्होंने ने कहा जनता के लिये मेरे घर के दरवाजे हमेशा खुले हुए हैं मैं जनता के लिये हर दम तैयार हूँ।

इस दौरान नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों सहित कार्यलय प्रभारी इदरीस अहमद खाँ आदि मौजूद रहे।


स्वार। लोगों की समस्याए सुनते विधायक शफीक अहमद अंसारी।

# बालिकाओं-महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान हेतु मिशन कार्यक्रम किया गया आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी/रामपुर।** नगर में महिला सुरक्षा कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए गए। जैसे महिला सम्बन्धी अपराध, हेल्पलाइन नंबरों एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।महिलाओं को जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण था। इस कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा, उन्हें साइबर क्राइम से बचने के तरीके और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया गया।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।



# पागल हुए आवारा कुत्ते को पालिका टीम ने मार गिराया

## पागल हुए आवारा कुत्ते, दो दर्जन लोगों को काटकर बना चुका था शिकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** पिछले तीन दिनों से पागल हुए आवारा कुत्ते ने दो दर्जन लोगों को काटकर आतंक मचा रखा था उसे आज पालिका की टीम ने घेर कर मार गिराया जनता ने राहत की सांस ली है नगर क्षेत्र में एक आवारा सफेद रंग का कुत्ता पिछले तीन दिनों से लोगों पर हमला करके काट रहा था।

इसका शिकार जानवर भी हो रहे थे चलती गाड़ियों पर भी हमला कर रहा था कल रात से और खूंखार स्थिति में आने पर नगर की जनता में कुत्ते का खौफ फैल गया आज दोपहर तक उसने दो दर्जन लोगों को काट कर अपना शिकार बना लिया।

आज सुबह सूचना मिलने पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष दीक्षा गंग. वार और अधिशासी अधिकारी राज. ेंद्र प्रसाद ने एक दर्जन कर्मचारियों की टीम सफाई नायक सुनील कुमार के नेतृत्व में गठित कर उक्त कुत्ते की धर पकड़ का आदेश दिया सुबह दस बजे से लगी टीम को भी आवारा कुत्ते ने तीन-चार घंटे तक खूब दौड़ाया।

शाम 4:30 बजे करीब उक्त पागल कुत्ते ने जालिफ नगला इस्लाम नगर के पास स्थित अता हुसैन मैरिज हॉल पर एक बकरी पर हमला कर दिया इस वीच टीम भी वहां पहुंच गई और उन्होंने चारों तरफ से घेर कर उस पर हमला बोलकर मार गिराया और बकरी को उसके कब्जे से बचाया कुत्ते की मौत के बाद नागरिकों ने राहत की सांस ली है पालिका टीम ने उस कुत्ते को ले जाकर दबा दिया।





# रामपुर में बेटों ने मां की याद में खोला मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिले में बेटों ने मिलकर अपनी मां की याद में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल खोल दिया। कोविड के दौरान मां के इलाज में परेशानी होने के चलते बेटों ने यह शुरुआत की है। एसएन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में मामूली फीस पर बेहतरीन इलाज मिलेगा।

रामपुर में विभिन्न सेवाओं से लैस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल खुला है। शहर किनारे एसएन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में जरूरतमंदों को कम कीमत पर बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी।

जिले में कई गंभीर बीमारियों का इलाज वक्त पर न मिल पाने के चक्कर में मरीजों और तीमारदारों को पड़ोसी जनपदों से लेकर दिल्ली, लखनऊ तक के चक्कर काटने पड़ते हैं। ऐसे में अक्सर बीमार असामयिक दम तोड़ देते हैं और काल के गार में समा जाते हैं। अब ऐसे गंभीर रोगियों को इलाज के अभाव में रामपुर के बाहर नहीं जाना पड़ेगा। रामपुर में शहर किनारे गांधी समाधि से आगे एसएन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की शुरुआत की गई है। इसकी आज विधिवत शुरुआत डा अनिल कुमार और जिले के कई जाने माने सर्जन, डॉक्टर्स के द्वारा की गई। हॉस्पिटल में कम कीमत पर बेहतरीन सुविधाएं मिलेंगी। हॉस्पिटल अपने आप में सेवा देने में एक मात्र स्थान है। जिले के मशहूर बीडी कारोबारी के बेटों ने मिलकर अपने माता और पिता के नाम पर खिदमत ए खल्क करने के मकसद से हॉस्पिटल की शुरुआत की है। इस मौके पर हॉस्पिटल के कंसल्टेंट एडवाइजर डा फराज नासिर ने बताया कि हॉस्पिटल में 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हाई टेक मशीनों के साथ वेल इक्विप्ड रूम, ट्रेंड स्टाफ और जाने माने डॉक्टर्स का पैनल 24 घंटे मौजूद रहेगा। हॉस्पिटल में सभी चिकित्सीय सुविधाएं एक छत के नीचे देने का मकसद है। एमडी फिजिशियन, नेफ्रोलॉजिस्ट, ऑफ गायनी, सर्जरी, डायलिसिस आदि सुविधाएं हैं। साथ ही आने वाले समय में और सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी। हॉस्पिटल संचालक सुहैल नासिर ने बताया कि हॉस्पिटल को लगातार अपग्रेड किया जाएगा। गरीबों और जरूरतम. ंदों को इलाज मामूली फीस ली जाएगी। संचालक शोएब नासिर ने बताया कि हॉस्पिटल में रुपयों के कारण किसी को इलाज में रुकावट नहीं आएगी।





सुहैल नासिर संचालक

# पुलिस ने तीन वारंटी और दो को शांति भंग में किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अभियान चला कर तीन नफर वारंटी और दो लोगो को शांति भंग में गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा सी.ओ.मिलक के कुशल नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज तीन नफर वारण्टी अभियुक्त मंगली पुत्र खेमकरन निवासी ग्राम धर्मपुरा थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित बाद संख्या 139/18 धारा 60(1) आबकारी अधि. मा. न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर नियत दिनांक को मुखविर की सूचना पर धर्मपुरा कट थाना मिलक से गिरफ्तार कर मा. न्यायालाय रामपुर भेजा गया। एवं राममूर्ति पुत्र लाखन सिंह आधार नं. 263240621814 मो.नं. 7830118229, राजेन्द्र पुत्र राममूर्ति आधार नं. 398549703392 निवासी गण ग्राम परम थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 854/24 धारा 333/ 127(2)/ 115(2)/ 351 (3)/117 वीएनएस सम्बन्धित मा. न्यायालय अपर सिविल जज प्रवर वर्ग द्वितीय रामपुर को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय रामपुर भेजा गया। वहीं दूसरी ओर पुलिस ने मारपीट पर उतारू जसवंत सिंह पुत्र मनोहर सेन उम्र 58 वर्ष और महेंद्र सिंह पुत्र रामस्वरूप उम्र 40 वर्ष निवासी गाना ग्राम जमापुर थाना मिलक रको गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्या.में पेश किया।



# चेयरमैन ने फीता काटकर किया मेडिकल स्टोर का उद्घाटन

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** रविवार नरपतनगर चेयरमैन खालिद अली ने नगर पंचायत नरपतनगर में अल्कोम बेस्ट फार्मा मेडिकल का फीता काटकर किया उद्घाटन। नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में होली चौराहे पर अल्कोम बेस्ट फार्मा मेडिकल का उद्घाटन हुआ मेडिकल पर होलसेल और रिटेल रेट पर दवाइयां उपलब्ध है। मेडिकल में सभी कम्पनियों की दवाई की सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली, मेडिकल प्रोपराइटर अकरम खान, अबानिश शेख, मसरूर अहमद, रहमत अली, मोहम्मद आसिफ, जुल्फिकार अली, सुभान अली, सलामत जान, फजल अहमद आदि लोग मौजूद रहे।


स्वार। नरपतनगर में मेडिकल स्टोर का उद्घाटन करते चेयरमैन।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर के द्वारा वांछित, वारन्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी शाहबाद के नेतृत्व में थाना पटवाई पुलिस ने रविवार को एक नफर वारण्टी अभियुक्त बलवीर पुत्र उमराव सिह नि. ग्राम गोसमपुर थाना पटवाई रामपुर वारन्ट नं. 01. सम्वन्धित केस नं.3605/2011 धारा आर्म्स एक्ट थाना पटवाई मा. न्यायालय सिविल जज (एसडी)/एफटीसी व वारन्ट नं. 02. वाद सं.- धारा आर्म्स एक्ट मा. न्यायालय सिविल जज (एसडी)/एफटीसी रामपुर चालानी थाना पटवाई को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को मा. न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# शन्तिभंग में पुलिस ने किया दो का चालान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक रामपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के नेतृत्व में थाना पटवाई पुलिस द्वारा रविवार को अभियुक्तगण राजू पुत्र रामपाल, संजय पुत्र धनीराम निवासीगण ग्राम मुडिया खेड़ा थाना पटवाई रामपुर को मुकदमे बाजी को लेकर आमदा फसाद होने पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अन्तर्गत 170/126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगणो को मा. न्यायालय पेश किया जा रहा है।



# बाइकों की टक्कर से सभासद पुत्र घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर पालिका परिषद मिलक के सभासद पुत्र बाइको की टक्कर से घायल हो गया घायल का उपचार निजी चिकित्सालय में कराया गया नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 14 नसीराबाद की सभासद मुन्नी बेगम के पुत्र रेहान शनिवार को अपनी बाइक से रामपुर किसी कार्य से जा रहा था धमोरा के पास स्थित बाईपास पर एक और बाइक सवार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया घायल सभासद पुत्र ने मिलक में निजी चिकित्सालय में उपचार कराया उसके हाथ में फैक्चर आया हशन्तिभंग मे पुलिस ने किया दो का चालान।

# छठे दिन भी पिंजरा खाली, रात के अंधेरे में कांबिंग करती हैं वन विभाग की टीम, तेंदुए की लोकेशन नहीं हुई ट्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** करीमपुर कोसी नदी क्षेत्र में तेंदुए की लो. केशन ट्रेस नहीं कर पा रहा है वन विभाग रात के अंधेरे में वन विभाग के अधिकारी कांबिंग के नाम पर औपचारिकता निभा रहे हैं। छठे दिन भी पिंजरा खाली रहा।

जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। महिलाएं और बच्चे खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं। रविवार की शाम वन क्षेत्राधिकार मुजाहिद हुसैन समेत अन्य वन कर्मचारी करीमपुर जंगल पहुंचे और पिंजरे की स्थिति देखी पिंजरा खाली था और उसमें मांस का टुकड़ा पड़ा हुआ है आसपास के किसानों से बातचीत की और तेंदुए की लोकेशन ट्रेस की लेकिन तेंदुए का कोई पता नहीं चल सका। रात के अंधेरे में टीम अभी चिन्ह तलाश कर बैरंग हो गई लेकिन कोई पद चिन्ह का पता नहीं चला। तेंदुआ लगातार कुत्ते का शिकार कर रहा है और कुत्तों का शिकार करने के लिए उनका पीछा कर रहा है। आसपास के किसानों में भी भय का माहौल बना हुआ है किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं वन क्षेत्र अधिकारी मुजाहिद हुसैन ने बताया कि तेंदुए की तलाश के लिए लोकेशन ट्रेस की जा रही है लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है। छठे दिन भी पिंजरा खाली रहा और ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।



# कीवी दबदबा कायम रखने बांग्लादेश वापसी के लिए उतरेगा

● न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर वनडे मैचों में लगातार चार जीत दर्ज की है

**रावलपिंडी, वार्ता।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में सोमवार को होने वाले ग्रुप मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम जहां टूर्नामेंट में अपनी जीत की लय कायम करने उतरेगी वहीं बांग्लादेश पिछले मैच में भारत से मिली करारी हार के बाद वापसी करने मैदान में उतरेगा। न्यूजीलैंड ने मेजबान पाकिस्तानी धरती पर एकदिवसीय मुकाबलों में दबदबा बनाए रखते हुए लगातार चार जीत दर्ज की हैं और वह अगले मैच को लेकर उत्साहित है। अब देखना होगा कि टूर्नामेंट में भारत से मिली करारी के हार के बाद बांग्लादेश वापसी कर पायेगा या न्यूजीलैंड अपना दबदबा कायम रखता है। बांग्लादेश पिछले मैच के तौहीद हृदोय के जूझारू शतक को ध्यान में रखते हुए निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर एक बार फिर से अपने अभियान को शुरू करना चाहेगा। वहीं न्यूजीलैंड ने विल यंग और टॉम लैथम की अगुआई में शानदार बल्लेबाजी की है। मैट हेनरी और विल ओ' रूर्के की अगुआई में उनकी गेंदबाजी इकाई ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वे बांग्लादेश की कमजोर बल्लेबाजी का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए, जिससे मध्यक्रम की शुरुआत ही हो गई। न्यूजीलैंड के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ उन्हें एक और हार से बचने के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले चार मैचों में 215 रन बनाए हैं और इस दौरान तीन बार नाबाद रहे हैं। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण उन्हें खेल बदलने वाला खिलाड़ी बनाती है। वहीं गेंदबाजों की बात की जाये तो मैट हेनरी पिछले दो सालों में पाक की पिचों पर 15 विकेट चटकाए हैं जोकि किसी भी अन्य विदेशी गेंदबाज से अधिक। न्यूजीलैंड को उनसे बहुत उम्मीद होगी। बल्लेबाजी की बात की जाये तो विल यंग ने बांग्लादेश के खिलाफ आठ पारियों में 50 से अधिक की औसत से 360 रन बनाए हैं और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हुए बांग्लादेश की चिंता बढ़ सकती है। ऐसा माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की जीत संभावनाएँ बहुत अधिक हैं, लेकिन बांग्लादेश को उनके पिछले संस्करण में किए गए प्रदर्शन को देखते हुए उसे नकारा नहीं जा सकता।



बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाजों का फॉर्म में न होना उनके लिए परेशानी का सबब बना हुआ है भारत के खिलाफ दोनों बल्लेबाज पावरप्ले में ही आउट हो गए थे

खेल विशेष

## विराट कोहली वनडे में 14 हजार रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली वनडे क्रिकेट में 14 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए है। विराट कोहली ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में यह रिकार्ड बनाया। उन्होंने मात्र 287 पारियों में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। कोहली ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के 350 पारियों में बनाए गए रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। श्रीलंका के कुमार संगकारा ने 378 पारियां अपने 14 हजार रन पूरे किए थे। इसके साथ ही विराट एकदिवसीय इतिहास में 14 हजार रन का आंकड़ा पार करने वाले केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए। वह जून 2017 में 175 पारियों में आठ हजार एकदिवसीय रन पूरे करने के बाद से हर 1000 रन के मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज बल्लेबाज रहे हैं।

## रोहित शर्मा ने बनाया लगातार नौ बार टॉस हारने का अनचाहा रिकार्ड

**दुबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को एकदिवसीय मैच में लगातार नौ बार टॉस हारने का एक अनचाहा रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। यहां पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में रोहित शर्मा ने नौवीं बार टॉस गवांया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टॉस हारने की शुरुआत वर्ष 2023 एकदिवसीय विश्व कप फाइनल से हुई थी। एकदिवसीय क्रिकेट में इससे पहले नीदरलैंड्स के नाम 2011 से 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारने का रिकार्ड था। लेकिन अब भारत इस मामले में नंबर एक पर पहुंच गया है।

## सुशीला ने पूरे किए 250 अंतर्राष्ट्रीय मैच, हॉकी इंडिया ने दी बधाई

**भुवनेश्वर, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतर्राष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिये 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता।

# क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है: पीएम



● पीएम ने मन की बात कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक का जिक्र किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और क्रिकेट में शतक का अपना रोमांच होता है। इसके साथ उन्होंने राष्ट्रीय खेलों उल्लेख करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' के मासिक कार्यक्रम में चैंपियंस ट्रॉफी और क्रिकेट में बनाए जाने वाले शतक के रोमांच का जिक्र किया और उत्तराखंड में हाल ही में हुए राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर खेल शक्ति के रुप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारतीय महिला मुक्केबाज निखत जरीन के मोटापे को लेकर दिए टिप्प का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन दिनों चैंपियंस ट्रॉफी चल रही है और हर तरफ क्रिकेट का माहौल है। क्रिकेट में शतक का रोमांच क्या होता है, ये तो हम सब भली-भाँति जानते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा लेने वाले हर खिलाड़ी की भी मैं सराहना करता हूँ। हमारे बहुत से खिलाड़ी 'खेलो-इंडिया' अभियान की देन हैं। हिमाचल प्रदेश के सावन बरवाल, महाराष्ट्र के किरण मात्रे, तेजस शिरसे या आंध्र प्रदेश की ज्योति याराजी, सबने, देश को नई उम्मीदें दी हैं। उत्तर प्रदेश के भाला फेंक एथलीट सचिन यादव और हरियाणा की ऊंची कूद एथलीट पूजा और कर्नाटका की तैराक धिनिधि देसिन्धु ने देशवासियों का दिल जीता। इन्होंने तीन नए राष्ट्रीय रिकार्ड बनाकर सबको चैंका दिया। इस बार के राष्ट्रीय खेलों में किशोरों ने शानदार प्रदर्शन किया। 15 साल के निशानेबाज गेविन एंटनी, यूपी की हैमर थ्रो खिलाड़ी 16 साल की अनुष्का यादव, मध्य प्रदेश के 19 साल के पोलवाल्टर देव कुमार मीणा ने साबित किया कि भारत का खेल भविष्य बेहद प्रतिभावान पीधे के हाथों में है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय ने ये भी दिखाया कि कभी हार ना मानने वाले 'जीतते' जरूर हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज जी आपका बहुत-बहुत आभार।

# बीएसएफ ने 'बॉड्रमेन मैराथन-2025' का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने रविवार को यहां 'बॉर्डरमेन मैराथन-2025' का आयोजन किया। इस मेगा इवेंट में देशभर से पेशेवर और शौकिया धावकों सहित विभिन्न केंद्रीय पुलिस बलों, सेना, पंजाब पुलिस और नागरिकों (पुरुष और महिलाएं) और विदेशी देशों के एथलीटों ने भाग लिया।

इस मैराथन में तीन श्रेणियां थीं: फुल मैराथन (42-195 किमी), हाफ मैराथन (21-097 किमी) और 10 किलोमीटर रन। मैराथन को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त है और इसका उद्देश्य बीएसएफ के सैनिकों और नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देना है, साथ ही भागीदारों और दर्शकों के बीच फिटनेस की भावना का प्रचार करना है। बॉर्डरमेन मैराथन-2025 का उद्घाटन श्री दलजीत सिंह चौधरी, आईपीएस, बीएसएफ महानिदेशक ने सुबह पांच बजे अमृतसर के प्रसिद्ध गोल्डन गेट से किया। यहां पर श्री सतीश एस. खंडारे, आईपीएस, एमहानिद. ेशक बीएसएफ, डॉ. अतुल फुलझेले, आईपीएस, आईजी बीएसएफ पंजाब, श्री एसएस चंदेल, डीआईजी बीएसएफ सेक्टर अमृतसर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे । इसके बाद, महानिदेशक बीएसएफ ने 21 किमी हाफ मैराथन का शुभारंभ सुबह छह बजे वार मेमोरियल, अमृतसर से और 10 किलोमीटर रन का शुभारंभ 6:30 बजे लाहोरीमल गांव, अमृतसर से किया । श्री दलजीत सिंह ने दौड़ के समापन बिंदु, प्रसिद्ध जेडसीपी अटारी, अमृतसर पर धावकों का स्वागत किया और 'बॉर्डरमेन मैराथन - 2025' के विजेताओं और सभी भागीदारों को पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए, महानिदेशक ने दैनिक जीवन में फिटनेस के महत्व जीवन के चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने और नशे की लत से दूर रहने के दृढ़ संकल्प को बल दिया।



कुलदीप यादव
तीन विकेट

# दुबई में दमदार मुकाबला

■ बल्लेबाजी करने उतरी पाक के लिए इमाम-उल-हक और बाबर की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े

**दुबई, वार्ता।** कुलदीप यादव (तीन विकेट) और हार्दिक पंड्या (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पांचवें मुकाबले में पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। यहां पाकिस्तान के कप्तान मोहमम्द रिजवान ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान के लिए इमाम-उल-हक और बाबर आजम की सलामी जोड़ी ने संभल कर शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 47 रन जोड़े। नौं ओवर में हार्दिक पंड्या ने बाबर आजम (23) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद अभी स्कोर में छह और रन जुड़े थे कि अक्षर पटेल ने इमाम-उल-हक (10) को रन आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सऊद शकील और कप्तान मोहमम्द रिजवान की जोड़ी ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 104 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद रिजवान (46) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। 36वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने सऊद शकील को आउटकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया। सऊद शकील ने 76 गेंदों में पांच चौकों की मदद से (62) रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। तय्यब ताहिर (चार) को रवह्नद्र जड़ेजा ने बोल्ड किया। 43वें ओवर में आगा सलमान (19) को कुलदीप ने अपना शिकार बनाया। इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन शाह अफरीदी (शून्य) को भी आउट किया। 47वें ओवर में कुलद. ीप ने नसीम शाह (14) को आउटकर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। हारिस रउफ (आठ) रनआउट हुये। 49वें ओवर की चौथी गेंद पर हर्षित राणा ने खुशदिल शाह को कोहली के हाथों कैच आउट पाकिस्तान को 241 के स्कोर पर रोक दिया। खुशदिल ने 39 गेंदों में दो छक्के लगाते हुए (38) रनों की पारी खेली।

# मांडविया ने एक बार फिर लोगों को फिटनेस के प्रति किया जागरूक



■ यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनुषख मांडविया ने रविवार को एक बार फिर लोगों के फिटनेस के प्रति लोगो को जागरूक करते हुए साइलक्लग क्लबों के सदस्य, ओलंपिक रोवर अर्जुन लाल जाट, विशेष अतिथि उद्योग निकायों, फिक्की और सीआईआई के प्रतिनिधियों के साथ-साथ फिटनेस ब्रांड डेकाथलॉन, योग भारत तथा माई भारत के सदस्यों के साथ 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान की अगवाई की।

यहां कार्यक्रम के नौवें सप्ताह में 1200 से अधिक स्थानों पर साइकिल चालकों ने भाग लिया। इस दौरान श्री मांडविया ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री ने मोटापे के खिलाफ जो लड़ाई शुरू की है, उसमें हमें अपने जीवन में रोजाना फिटनेस गतिविधियों को शामिल करने के लिए एक साथ आना चाहिए। साइकिल चलाना सबसे आसान व्यायाम है और इसका पर्यावरण पर भी बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। यह कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है और प्रदूषण का समाधान है। पहल के महत्व के बारे में सीआईआई के स्पोर्ट्सकॉम के कोषाध्यक्ष विदुषपत सिंघानिया ने कहा कि मैं इस पहल को शुरू करने के लिए माननीय खेल मंत्री को बधाई देता हूं। अच्छा स्वास्थ्य सीधे बेहतर उत्पादकता और उच्च जीडीपी से जुड़ा हुआ है। एक उद्योग निकाय के रूप में हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक कॉरपोरेट फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल से जुड़ें और इस आंदोलन का समर्थन करें। फिक्की की खेल समिति की सचिव नेहा रस्तोगी माथुर ने कहा कि यह खेल मंत्री की एक बेहतरीन पहल है और हम आज इस अभियान का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं।

साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है, यह आसान, सरल और एक पारिवारिक गतिविधि है जिसे अलग-अलग पीढ़ियों के लोग एक साथ कर सकते हैं। ओलंपियन अर्जुन लाल जाट ने कहा कि प्रतिभागियों का उत्साह बहुत बढ़िया है और एक एथलीट के तौर पर मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि इतने सारे लोग रविवार की सुबह बाहर निकले और फिटनेस के लिए समय समर्पित किया। फिट रहना कोई विकल्प नहीं है, यह सभी के लिए अनिवार्य है और फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल लोगों को अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने के लिए एक शानदार प्रेरणा है।

# भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत एक अनुशासित रक्षात्मक खेल से की और जल्द ही इसे आक्रमकता में तब्दील कर दिया। 12वें मिनट में मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में दीपिका ने कोई गलती नहीं की। इसके तुरंत बाद वैष्णवी फाल्के और सुनेलिता टोप्पो का एक और प्रयास जर्मनी की लड़कियों ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में शुरू से अंत तक दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले किए मगर कोई सफलता नही मिली। 25 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।

# उत्तराखंड ने जीता अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन का खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** उत्तराखंड के मान सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए अपोलो टायर्स नई दिल्ली मैराथन 2025 पुरुष वर्ग तथा भागीरथी बिष्ट महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

यहां आयोजित मैराथन में 35 वर्षीय शीर्ष धावक मान सिंह 2:15:24 समय के साथ शीर्ष पर रहे। वहीं प्रदीप चौधरी (2:15:29) और अक्षय सैनी (2:15:34) ने उनके पीछे-पीछे दौड़ते हुए क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। उत्तराखंड की भागीरथी बिष्ट ने 02:48:59 के समय के साथ महिला वर्ग का शीर्ष सम्मान हासिल किया। ठाकोर भारतजी (02:49:16) समय के साथ दूसरे और अश्विनी (02:50:48) समय के साथ तीसरे स्थान पर रही। भारत के प्रसिद्ध बैडमिंटन कोच पद्मश्री पुलेला गोपी चंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अलजक्य रहाणे ने देश के विभिन्न हिस्सों से आये 25 हजार से अधिक दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर गोपी चंद ने कहा कि मैं आयोजकों, प्रायोजकों और निश्चित रूप से प्रत्येक एथलीट को नई दिल्ली मैराथन को सफल बनाने के लिए बधाई देता हूं। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने बताया कि उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को समय से नेहरू स्टेडियम पहुंचने में मदद करने के लिए सुबह-सुबह विशेष सेवाएं शुरू की थीं। इसके साथ ही इस मैराथन में गाइड रनर इंडिया के स्वयंसेवकों की सहायता से दृष्टिबाधित धावकों की एक टीम ने भी 10 किलोमीटर की दौड़ में भाग लिया।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 24 फरवरी 2025**

## ट्रम्प की बयानबाजी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बेहद जल्दबाजी में दिखाई दे रहे है। 20 जनवरी को शपथ लेने के बाद उनके ताबड़तोड़ फैसले उनकी हड़बड़ी की पुष्टि भी करते है। ताजा मामले में उन्होंने भारत ने वोटर ट्रन आउट के नाम पर 182 करोड़ रुपये देने की बात कहकर अमेरिका ही नहीं भारत की राजनीति को भी गरमा दिया है यह बात उन्होंने कई बार दोहराई, लेकिन शनिवार को उन्होंने सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेकर सन्सनी फैला दी, यू तो भारत में यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी (उसैद) से सहायता प्राप्त सात प्रोजेक्ट चल रहे है इनकों 840 करोड़ रुपये मिले है दिलचस्प बात यह है इसमें वोटर टर्नआउट के नाम पर फंड नहीं मिल रहा है। यह खुलासा विदेश मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 में हुआ है। एक अमेरिका का बड़ा अखबार वॉशिंगटन पोस्ट भी इस समय यह कहता हुआ दिखाई दे रहा है। 2008 के बाद से भारत को उसैद से चुनाव संबंधी किसी मदद का रिकॉर्ड नहीं है। समझना मुश्किल है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत को लेकर वर्तमान में किस तरह की सोच रख रहे है। एक तरफ से भारत को मित्र श्रेणी में रखने की बात कहते है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना प्रिय दोस्त बताते है तो वही वह कुछ फैसलों को लेकर भारत को संशय में डालते दिखाई देते है। अप्रवासी के मामले में भी हम देख रहे है। जैसा बरताव उनके साथ किया जा रहा है ऐसी उम्मीद तो कम से कम मित्र देश से नहीं होती। जहां तक दोस्ती निभाने की बात है वह डोनाल्ड ट्रम्प को भारत से सिखने की जरूरत है। भारत ने साफ किया है कि अप्रवासी के मामले में भारत अमेरिका की पूरी मदद करेगा क्यूंकि यह भारत की नीति से भी मेल खाता है, लेकिन लगता है ट्रम्प के दिमाग में कुछ और ही चल रहा है। तभी तो वह भारत का नाम बार-बार लेकर भारत से आयतित उत्पादों पर 100 प्रतिशत टेरिफ लगाने की बात कर रहे है। इतना ही नहीं वह इस बात की भी शिकायत बार-बार करते दिखाई देते है कि भारत अमेरिकी उत्पादों पर सबसे ज्यादा टेरिफ लगाता है। अब उसैद द्वारा भारत में वोटर टर्नआउट के नाम पर 122 करोड़ रुपये का दावा कर उन्होंने भारत के लोकतंत्र को प्रभावित करने की कोशिश की है। क्यूंकि वह अपने बयानों से कोई सबूत नहीं दे पा रहे है ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बहुत बढ़ जाती है। क्यूंकि यह हमारी विश्व में साख का सवाल है। ट्रम्प के आरोपों से साफ पता चलता है कि अमेरिकी प्रशासन हमारे आंतरिक मामलों में सीधे हस्तक्षेप कर रहा है। हालांकि ट्रम्प ने अपने बयान में बांग्लादेश का भी जिक्र किया है और कहा है कि बांग्लादेश को भी अमेरिका की और से 250 करोड़ रुपये दिए गए है उन्होंने यह भी कहा कि यह पैसा वहा राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए लिया गया है। वैसे सच्चाई यह भी है कि दुनिया की बड़ी मजबूत ताकतें दूसरे देशों में राजनीतिक व आर्थिक रूप से हस्तक्षेप करती है और उसके लिए सभी तरीके अपनाती है उसमें नैतिक-अनैतिक कुछ नहीं होता अपना हित ही सर्वोपरी होता है। अमेरिकी राष्ट्रपति भी इससे इतर नहीं है, बल्कि वह सत्ता में ही यह नारा देकर आए है कि वह अमेरिका को दुनिया में सबसे अधिक शक्तिशाली बनाएंगे। इसी रास्ते पर वह चलते भी दिखाई दे रहे है। हर देश को हक है कि वह अपने हितों को सर्वोपरी रखे, लेकिन एक शक्तिशाली देश के राष्ट्रीय अध्यक्ष को यह शौभा नहीं देता कि वह हर देश के साथ जैसे को तैसा शैली में बात करे, लेकिन ट्रम्प यह करते दिखाई दे रहे इसी शैली में बात करते दिखाई दे रहे है जहां तक बात भारत की है विपक्ष ले ट्रम्प के बयानों को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। कांग्रेस तो इस पूर मामले में सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की बात कह रही है, जो कि सही भी है।

## 'आप' सरकार ने खाली खजाना छोड़ा



भाजपा ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा, आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा, यह तीन दिनों का सत्र है, तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों, जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी, सदन का पहला सत्र दिल्ली के लिए नए आयाम लेकर आएगा और बार-बार एक ही बात कहना चाहूंगी कि दिल्ली के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूर्णत: खरी है और वादे शत प्रतिशत पूरे किए जाएंगे, पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें कर रहे हैं, जो स्थिति पिछली सरकार ने हमारे सामने छोड़ी है, उसे जब अधिकारियों के साथ बैठकर सरकार की वित्तीय स्थिति देखते हैं, तो सारे सरकारी खजाने खाली हैं।

**रेखा गुप्ता**
**मुख्यमंत्री, दिल्ली**

## कैसे बढ़े राष्ट्रीय उत्पादकता?

**विनीत नारायण**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कई बार दावा कर चुके हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जाएगा। फिलहाल भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है। वहीं अमे. रिका अभी भी पहले नंबर पर है, जिसकी अर्थव्यवस्था की साइज 26.7 ट्रिलियन डॉलर है। दूसरे नंबर पर चीन है और इसकी अर्थव्यवस्था का आकार 19.24 ट्रिलियन डॉलर है। तीसरे नंबर पर जापान 4.39 ट्रिलियन डॉलर के साथ मौजूद है।

एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। यदि भारत 2025 तक 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने की यदि क्षमता रखता है तो उसके संकेत तभी मिलने शुरू होंगे जब हमारे देश की उत्पादकता में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय उत्पादकता की जब भी बात होती है तो आम आदमी समझता है कि यह मामला उद्योग, कृषि, व्यापार व जनसेवाओं से जुडा है। हर व्यक्ति उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार और उसकी नीतियों को जिम्मेदार मानता है। दूसरी तरफ जापान जैसा भी देश है, जिसने अपने इतने छोटे आकार के बावजूद आर्थिक वृद्धि के क्षेत्र में दुनिया को मात कर दिया है। सूनामी के बाद हुई तबाही को देखकर दुनिया को लगता था कि जापान अब कई वर्षों तक खड़ा नहीं हो पाएगा। पर देशभक्त जापानियों ने न सिर्फ बाहरी मदद लेने से मना कर दिया, बल्कि कुछ महीनों में ही देश फिर उठ खड़ा हो गया। वहां के मजदूर अगर अपने मालिक की नीतियों से नाखुश होते हैं तो

> **एक अनुमान के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था साल 2030 तक जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा**

काम-चोरी, निकम्मापन या हड़ताल नहीं करते। अपनी नाराजगी का प्रदर्शन, औसत से भी ज्यादा उत्पादन करके करते हैं। मसलन जूता फैक्ट्री के मजदूरों ने तय किया कि वे हड़ताल करेंगे, पर इसके लिए बैनर लगाकर धरने पर नहीं बैठे। पहले की तरह लगन से काम करते रहे। फर्क इतना था कि वे एक जोड़ी जूता बनाने की बजाए एक ही पैर का जूता बनाते चले गए।

इससे उत्पादन भी नहीं रूका और मालिक तक उनकी नाराजगी भी पहुंच गई। जबकि हमारे देश में हर नागरिक समझता है कि कामचोरी और निकम्मापन उसका जन्मसिद्ध अधिकार है। दफ्तर में आए हो तो समय बर्बाद करो। कारखाने में हो तो बात-बात पर काम बन्द कर दो। सरकारी विभागों में हो तो तनख्वाह को पेंशन मान लो। मतलब यह कि काम करने के प्रति लगन का सर्वथा अभाव है। इसीलिए हमारे यहां समस्याओं का अंबार लगता जा रहा है। एक छोटा सा उदाहरण अपने इर्द-गिर्द की सफाई का ही ले लीजिए। अगर नगर पालिका के सफाई कर्मचारी काम पर न आयें तो एक ही दिन में शहर नर्क बन जाता है। हमें शहर की छोड़ अपने घर के सामने की भी सफाई की चिन्ता नहीं होती। बिजली और पानी का अगर पैसा न देना हो तो उसे खुले दिल से बर्बाद किया जाता है। सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करना तो दूर उसे बर्बाद करने या चुराने में हमें महारथ है। इसलिए सार्वजनिक स्थलों पर लगे खम्बे, बैंच, कूड़ेदान, बल्ब आदि लगते ही गायब हो जाते हैं। सीमान्त प्रांतों में तस्करी करना हो या अपने गांव-कस्बे, शहर में कालाबाजारी, अवैध धन कमाने में हमें फक्र महसूस होता है। पर सार्वजनिक जीवन में हम केवल सरकार को भ्रष्ट बताते हैं। अपने गिरेबां में नहीं झांकते। देश की उत्पादकता बढ़ती है उसके हर नागरिक की कार्यकुशलता से। पर अफसोस की बात यह है कि हम भारतीय होने का गर्व तो करते हैं, पर देश के प्रति अपने कर्तव्यों से निगाहें चुराते हैं। जितने अधिकार हमें प्रिय हैं, उतने ही कर्तव्य भी प्रिय होने चाहियें। वैसे उत्पादकता का अर्थ केवल वस्तुओं और सेवा का उत्पादन ही नहीं, बल्कि उस आर्थिक, सामाजिक व्यवस्था से है, जिसमें हर नागरिक अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति सहजता से कर ले और उसके मन में संतोष और हर्ष का भाव हो। पुरानी कहावत है कि इस दुनिया में सबके लिए बहुत कुछ उपलब्ध है। पर लालची व्यक्ति के लिए पूरी दुनिया का साम्राज्य भी उसे संतोष नहीं दे सकता। व्यक्ति की उत्पादकता बढ़े, इसके लिए जरूरी है कि हर इंसान को जीने का तरीका सिखाया जाये। कम भौतिक संसाधनों में भी हमारे नागरिक सुखी और स्वस्थ हो सकते हैं। जबकि अरबों रुपये खर्च करके मिली सुविधाओं के बावजूद हमारे महानगरों के नागरिक हमेशा तनाव, असुरक्षा और अवसाद में डूबे रहते हैं। वे दौड़ते हैं उस दौड़ में, जिसमें कभी जीत नहीं पायेंगे। वैसे भी इस देश की सनातन संस्कृति सादा जीवन और उच्च विचार की रही है। लोगों की मांग पूरी करने के लिए आज भी देश में संसाधनों की कमी नहीं है। पर किसी की हवस पूरी करने के लिए कभी पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं हो सकते। इसलिए रूहानियत या आध्यात्म का, व्यक्ति के तन, मन और जीवन से गहरा नाता है। देश में अन्धविश्वास या बाजारीकरण की जगह अगर आधयात्मिक मूल्यों की स्थापना होगी तो हम सुखी भी होंगे और सम्पन्न भी। संत कबीर कह गए हैं 'मन लागो मेरो यार फकीरी में, जो सुख पाऊं राम भजन में वो सुख नाहिं अमीरी में'। बाजार की शक्तियां, भारत की इस निहित आधयात्मिक चेतना को नष्ट करने पर तुली हैं। काल्पनिक मांग का सृजन किया जा रहा है। लुभावने विज्ञापन दिखाकर लोगों को जबरदस्ती बाजार की तरफ खींचा जा रहा है। कहा ये जाता है कि मांग बढ़ेगी तो उत्पादन बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा तो रोजगार बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेगा तो आर्थिक सम्पन्नता आएगी। पर हो रहा है उल्टा। जितने लोग हैं, उन्हें पश्चिमी देशों जैसी आर्थिक प्रगति करवाने लायक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं और ना ही वैसी प्रगति की जरूरत है। इसलिए अपेक्षा और उपलब्धि में खाई बढ़ती जा रही है।





## गाजा: तबाही के साये में शोध कार्य

**स्रोत फीसर्च**

युद्ध, तबाही और अनिश्चितता के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक अपने शोध कार्य जारी रख रहे हैं। वे इस बात पर जोर दे रहे हैं कि शोध न केवल विनाश के दस्तावेजीकरण और पुनर्निर्माण प्रयासों में मदद करता है, बल्कि मानवीय संकटों के समाधान के लिए भी आवश्यक है। 19 जनवरी को हमास और इस्राइल के बीच अस्थाई संघर्ष विराम से वैज्ञानिकों को स्थिति का आकलन करने का अवसर मिला है।

न्यूरोसाइंटिस्ट खमीस एलसी, जो वर्तमान में घायलों का इलाज कर रहे हैं, युद्ध के प्रभावों को दर्ज करने और प्रकाशित करने की आवश्यकता पर जोर देते हैं। इसी तरह, जलवाहित रोगों के विशेषज्ञ सामर अबूजर सुधार व पुनर्निर्माण में शोध की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हैं। इन कठिन परिस्थितियों के बावजूद, विज्ञान और शिक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के चलते वैज्ञानिकों ने अपना काम जारी रखा है।

युद्ध के कारण गाजा की 22 लाख आबादी में से 90 प्रतिशत बेघर हो गई है। भोजन, पानी, स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो नष्ट हो गई हैं या अत्यधिक सीमित रह गई हैं। बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है। गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं।

गाजा में पानी की स्थिति भी गंभीर है। यहां 97 प्रतिशत पानी भूजल स्रोतों से आता है, जो अत्यधिक असुरक्षित हैं और इनके दूषित होने का खतरा भी है। युद्ध से पहले भी महज 10 प्रतिशत लोगों को साफ पानी मिलता था, लेकिन अब मात्र 4 प्रतिशत लोगों को ही मिल रहा है। टूटी-फूटी सीवेज लाइन के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे डायरिया और हेपेटाइटिस जैसी जलवाहित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

> **बमबारी से तबाह इलाकों से मलबा हटाना एक बड़ी चुनौती है, गाजा के प्रति वर्ग मीटर क्षेत्र में करीब 100 किलोग्राम मलबा जमा है जिसमें खतरनाक पदार्थ भी मौजूद हैं**

युद्ध के कारण गाजा के 21 उच्च शिक्षण संस्थानों में से 15 बुरी तरह क्षतिग्रस्त या नष्ट हो चुके हैं। अस्पतालों की स्थिति भी गंभीर है-लगभग आधे पूरी तरह बंद हैं, जबकि बाकी सीमित संसाधनों के साथ काम कर रहे हैं। कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों से जूझ रहे 11,000 मरीजों को न तो इलाज मिल रहा है और न ही उनके पास विदेश में उपचार का कोई अवसर है। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि सबसे पहले आवास, सीवेज मरम्मत और स्वास्थ्य सेवाओं को बहाल करना जरूरी है।

ऑनलाइन-लर्निंग विशेषज्ञ आया अलमशहरावी अस्थाई शिविर और घरों के पुनर्निर्माण के लिए तुरंत कदम उठाने की अपील कर रही हैं। वे खुद एक बमबारी में बचीं, जिसमें उनके अपार्टमेंट में 30 लोगों की जान चली गई, और अब वे एक शरणार्थी शिविर में रह रही हैं।

भारी विनाश के बावजूद, गाजा के वैज्ञानिक समुदाय का संकल्प अटूट है। वे इस संकट का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं और भविष्य के पुनर्निर्माण में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साबित करता है कि युद्ध के कठिन समय में भी ज्ञान और शोध को आगे बढ़ते रहना चाहिए।



## आखिर उर्दू से इतनी नफरत क्यों!

**तनवीर जाफरी**






अपने छात्र जीवन में उर्दू कभी भी मेरा विषय नहीं रहा। हां हिंदी में साहित्य रत्न होने के नाते मेरा सबसे प्रिय विषय हमेशा हिंदी ही रहा। और आज भी मैं प्राय: हिंदी में ही लिखता पढ़ता हूं। परन्तु शेरो-शायरी का शौक बचपन से ही था। इसके तथा कुछ पारिवारिक व सामाजिक परिवेश के चलते उर्दू से खासकर उसके शब्दों के उच्चारण के आकर्षक तौर तरीकों से बहुत प्रभावित रहा। और जब बचपन और जवानी में बड़े मुशायरों में शिरकत करने का मौका मिलता और कुंवर महेंद्र सिंह बेदी 'सहर' जैसे अजीम शायर को यह कहते सुनता कि उन्हें 'उर्दू जबान से मुहब्बत है, इश्क है क्योंकि यह जुबान आब ए हयात (अमृत) पीकर आई है तो यकीनन यह एहसास जरूर होता कि आखिर कुछ बात तो है कि भारत में पैदा होने वाली तथा फारसी व हिंदी के मिश्रण से तैयार उर्दू को हमारे देश के क्रांतिकारियों से लेकर बड़े से बड़े कवियों, साहित्यकारों, राज नेताओं, बुद्धिजीवियों ने न केवल अपनाया बल्कि उसे पाला पोसा और संवारा भी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी उर्दू को भारतीय भाषा कहते थे।

मुगल शासक भी उर्दू भाषा को हिंदी या हिंदवी कहते थे। परन्तु चूंकि उर्दू के लिखने में फारसी लिपि का उपयोग होता है इसलिए लोग इसे मुसलमानों की भाषा कहने लगे। शायद यही वजह है कि आज हिंदी व उर्दू भाषा रूपी दो बहनें एक दूसरे में इतनी रम चुकी हैं कि यदि आप इन दोनों को एक दूसरे से अलग भी करना चाहें तो संभव नहीं। उदाहरण के तौर पर केवल चंद ऐसे अल्फाज पेश हैं जो आम तौर पर हिंदी भाषा में बोले जाते हैं परन्तु दरअसल इन शब्दों का स्रोत अथवा उद्भव फारसी अथवा उर्दू से ही हुआ है। जैसे हिन्दोस्तां, अदालत, वकील, इंसाफ, मुंसिफ, पाएजामा, पेशाब, पंजाब, दरवाजा, खिलाफ, मुखालिफत शराब, किताब, इंकेलाब जिंदाबाद, 'शाही' (स्नान), डाकखाना, दवा, ईलाज, वजीर, शाह, बादशाह, हकीम, हाकिम, हुक्म, सब्जी, मकान जैसे अनगिनत शब्द हैं जो प्रत्येक भारतीय रोजाना दिन में कई कई बार इस्तेमाल करता है परन्तु शायद उसे इस बात का एहसास भी नहीं होता कि वह उर्दू के शब्द बोल रहा है। इसके बावजूद उर्दू जैसे मीठी व अदब साहित्य से सम्बन्ध रखने वाली भाषा का हमारे देश में दशकों से विरोध होता आ रहा है। विरोध तो समय समय पर अंग्रेजी का भी हुआ परन्तु दक्षिण भारत व पूर्वोत्तर में अंग्रेजी की व्यापक स्वीकार्यता व उसे मिलने वाले समर्थन के चलते राष्ट्रीय स्तर पर उसका विरोध नहीं हो सका। परन्तु उर्दू का विरोध करने का ठेका उसी विचारधारा के लोगों के पास है जो देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। बड़ी आसानी से इस भाषा को मुसलमानों की भाषा या विदेशी भाषा बताते हुए उर्दू का विरोध शुरू हो जाता है। जैसा कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुंह से सुनने को मिला। मुख्यमंत्री ने सदन में विपक्ष पर हमलावर होते हुए यह कहा कि-ये अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाएंगे और दूसरों के बच्चों को उर्दू पढ़ने को प्रेरित करेंगे। ये उन्हें मौलवी, कठमुल्ला बनने को प्रेरित करेंगे? यह नाइंसाफी है, यह नहीं चलेगा। योगी आदित्यनाथ के इस बयान से यह सवाल तो जरूर खड़ा होता है कि क्या उर्दू को जानने वालों का, उर्दू पढ़ने या पढ़ने वालों का मकसद केवल मौलवी बनना बनाना होता है? क्या उर्दू पढ़कर लोग 'कठमुल्ला' बन जाते हैं?

यदि ऐसा होता तो भारत में उर्दू की पहली गजल लिखने वाले कश्मीरी पंडित, पंडित चंद्र भान 'ब्राह्मण' न होते। मुंशी नवल किशोर, दया नारायण निगम, जगत मोहन लाल 'रवां', नौबत राय 'नजर', मुंशी महाराज बहादुर 'बर्क', नाथ मदन सहाय, पंडित दया शंकर कौर 'नसीम', पंडित रतन नाथ 'सरशार', राम कृष्ण 'मुजतर', जमुना दास अख्तर, राम लाल, डॉ. जगन्नाथ 'आजाद', कृष्ण बिहारी नूर, संजय मिश्रा शौक, राम प्रकाश 'बेखुद', खुशबीर सिंह 'शाद', मनीष शुक्ल, आनंद मोहन जुत्शी, गुलजार देहलवी, कृष्ण चंदर, रतन सिंह, भारत भूषण पंत और मलिक राम जैसे हिन्दू उर्दू प्रेमियों के अनगिनत नाम हैं जिनके बिना भारत में उर्दू अदब का इतिहास लिखा जाना संभव ही नहीं है। सही मायने में तो इन लोगों के योगदान ने ही उर्दू को पूरे विश्व में समृद्ध बनाया। इनके अलावा शहीद व क्रन्तिकारी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खान, सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, रघुपति सहाय फिराक, आनंद नारायण 'मुल्ला', ब्रज नारायण 'चकबस्त' जैसे अनेक सम्मानित नाम हैं जिन्होंने उर्दू से व उसकी मिठास से प्यार किया। इनमें न तो कोई कठमुल्ला बना न मौलवी न ही इन्होंने मुस्लिम तुष्टिकरण की खातिर इस भाषा से प्यार किया। दरअसल उर्दू को प्यार करने व इसे प्रोत्साहित करने वाले वे लोग थे जिनके मस्तिष्क में नफरत वैमनस्य या कुंठा नहीं भरी थी। वह साहित्य के कद्रदान लोग थे। वह उर्दू को हिंदी की छोटी बहन मानते थे। वह उर्दू को भारतीय भाषा मानते थे मुसलमानों की भाषा नहीं। वह लोग पूर्वाग्रही नहीं थे। समाज में प्यार व सद्भाव बांटते थे इसीलिए उन्होंने अपने संवाद व अपनी रचनाओं का माध्यम उर्दू रखा। मगर अफसोस की बात है कि देश इस समय ऐसे लोगों के हाथों में है जिन्हें अन्य धर्मों व जातियों से नफरत है, जिन्हें लोगों के निजी खान पान व पहनावे से नफरत है। जिन्हें क्षेत्र व भाषाओं से विद्वेष है। आपसी प्यार मोहब्बत इन्हें अच्छा नहीं लगता। यही वजह है कि कहीं उर्दू बाजार का नाम बदल कर हिंदी बाजार कर दिया गया। उर्दू के प्रतीत होने वाले अनेक जिलों,शहरों,कस्बों व रेल स्टेशंस के नाम बदल दिए गए हैं। जैसे फैजाबाद, मुगलसराय, इलाहबाद जैसे अनेक प्रसिद्ध नाम इसी नफरती सियासत के कारण इतिहास बन चुके हैं।

**( यह लेखक के निजी विचार है )**

## रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से सेहत को मिलते हैं गजब फायदे

हमारे शरीर के पानी बेहद जरूरी होता है। अगर शरीर में पानी की कमी होती है तो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से कई बीमारियों से बचाव हो जाता है। पानी के सेवन से स्किन और बाल भी स्वस्थ रहते हैं। यदि आप पानी को सही समय या सही तरीके से पीते हैं, तो आपको कई फायदे मिलेंगे। आइए जानते हैं रोजाना सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से क्या होता है?

### रोजाना खाली पेट गर्म पानी पीने के फायदे...

- **बेहतर पाचन**

  एक्सपर्ट के मुताबिक, गर्म पानी पीने से पाचन में सुधार होता है। सुबह खाली पेट गर्म पानी पीने से आपके पाचन तंत्र को एक्टिव करता है और गट को साफ करता है। गर्म पानी पीने खाना जल्दी से पचता है, जिससे पेट में एसिडिटी, अपच और कब्ज जैसी समस्या से राहत मिलती है। गर्म पानी के सेवन से एंजाइम एक्टिव होते हैं, खाने को पचाने में सहायता करते हैं।

- **टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकाले**


  रोजाना गर्म पानी पीने से शरीर से टॉक्सिक पदार्थों और गंदगी को बाहर निकालने में मदद मिलती है। वहीं, यह शरीर में जमें टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं, जो ब्लड में सुधार करता है और स्किन को निखरता है।


- **ब्लड फ्लों में सुधार**

  गर्म पानी पीने से शरीर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार बना रहता है। रोज खाली पेट गर्म पानी पीने से शरीर के अलग-अलग अगों तक ब्लड के फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है, इससे शरीर के सभी अंगों तक पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पौषक तत्व पहुंचते हैं। इससे आपके शरीर में काफी एनर्जी बढ़ती है और आप दिनभर एक्टिव रहते हैं।

- **कंजेशन से राहत**

  खाली पेट गर्म पानी पीने से कंजेशन की समस्या दूर होने लगती है। गर्म पानी पीने से आपके गले और नाक की सूजन कम होती है, इससे आपको काफी आराम मिलता है। इसके अलावा यह म्यूकस को पतला करता है, जिससे सांस लेने में आसानी होती है।







# बिहार की राजनीति

**बिहार के मुख्यमंत्रियों की लिस्ट**

| | |
|---|---|
| मोहम्मद यूनुस | मुस्लिम इंडिपेंडेंट पार्टी |
| कृष्ण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कृष्ण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| दीप नारायण सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| बिनोदानंद झा | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कृष्ण वल्लभ सहाय | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| जगन्नाथ मिश्र | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| कर्पूरी ठाकुर | जनता पार्टी |
| रामसुंदर दास | जनता पार्टी |
| लालू प्रसाद यादव | जनता दल |
| राबड़ी देवी | जनता दल |
| नीतीश कुमार | समता पार्टी |
| राबड़ी देवी | राष्ट्रीय जनता दल |
| नीतीश कुमार | जनता दल (यूनाइटेड) |
| जीतन राम मांझी | जनता दल (यूनाइटेड) |
| नीतीश कुमार | जनता दल (यूनाइटेड) |

# चुनाव से पहले मोदी का मास्टरस्ट्रोक!

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं ऐसे में मोदी कुछ बड़ा कर सकते हैं। मोदी की नजर कहीं ना कहीं नीतीश को पूरी तरह से अपने काबु करने की होगी, क्योंकि नीतीश कुमार कई बार पाला बदल चुके हैं ऐसे में कहीं ना कहीं मोदी के लिए चुनौती है कि NDA को कुछ भी करके मजबूत रखा जाए।

बिहार को 11 साल में क्या मिला?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 सालों से देश के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन बिहार को विशेष राज्य का दर्जा, प्रति वर्ष 20 करोड़ रोजगार, बिहार को विशेष पैकेज, 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करना, महंगाई पर नियंत्रण जैसे वादे अभी तक अधूरे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि भागलपुर, पूर्णिया और मुजफ्फरपुर से हवाई जहाज उड़ाने का वादा अब तक क्यों पूरा नहीं हुआ? बिहार में उद्योग लगाने का वादा भी क्यों पूरा नहीं हुआ?

### इन जिलों को सीधा साधेगी भाजपा

किसान सभी जातियों के होते हैं जो अन्न उपजाते हैं। यह इलाका भी कृषि बाहुल्य ही रहा है और यहां कृषि विश्वविद्यालय भी है। भागलपुर के ढाई लाख से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेते हैं। वहीं आसपास के भी जिलों से किसान आएंगे। विशेषज्ञों की मानें तो पूर्वी बिहार-कोसी- सीमांचल के 13 जिलों-भागलपुर, बांका, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार और खगड़िया के सभी विधानसभा क्षेत्रों पर इस किसान सभा का असर पड़ेगा।



## बागेश्वर धाम भी करेगा बिहार में मदद




बिहार दौरे से पहले पीएम बाग्वेश्वर धाम पहुंचे ऐसे में बिहार चुनाव से पहले यहां जाना कहीं ना कहीं भगवा दौर का फायदा लेना हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। वह छतरपुर पहुंच चुके हैं, जहां उन्होंने बागेश्वर धाम बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने यहां बनने जा रहे बालाजी सरकार कैंसर इंस्टिट्यूट का शिलान्यास किया और एक जनसभा को संबोधित किया।

## मोदी-नीतीश की वार्ता पर नजर

**दिल्ली की जीत के तुरंत बाद पीएम मोदी व सीएम नीतीश के बीच मुलाकात के कई बिंदु हो सकते हैं। बिहार चुनाव इनकी प्राथमिकता में होगा, अनुमानतः जो सवाल व हालात बिहार की राजनीत के हैं, वह इस मुलाकात के आधार तो बनने जा रहे हैं और मुलाकात के ये बिंदु हैं-**

1. वक्फ बोर्ड संशोधन बिल की दशा और दिशा पर हो सकती है चर्चा
2. जातीय जनगणना एक बड़ा मुद्दा हो सकता है
3. बिहार चुनाव और चुनावी चेहरा पर खुल कर होगी बात
4. बिहार चुनाव के लिए सीटों की हिस्सेदारी और दलों के हित को देखते सीटों को चिन्हित करने पर हुई बात
5. दावेदारी ठोक रहे साथी दलों के बारे में भी बात करेंगे और सार्वजनिक मंच पर बोलने से बचने के लिए भी बात हुई
6. उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को साधने के लिए भी नए सिरे से बात हो सकती है। जदयू नेतृत्व ने उत्तर बिहार को लेकर पहले से ही काम करना शुरू कर दिया है।
7. बिहार के लिए चुनावी घोषणा से संदर्भ में भी बातचीत हो सकती है।

## मांझी बने पहेली, नाराजगी के बाद अब पीएम मोदी के प्रति समर्पण

जीतनराम मांझी की इमेज बेबाक राजनेता की है। वह बेबाकी से अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं, लेकिन अब पहले नाराजगी और फिर अब पूर्ण समर्पण जताने के बाद यह चर्चा छिड़ गई है कि क्या यह मांझी के बेबाक बोल हैं या रणनीति? इसे चार पॉइंट में समझा जा सकता है।

### बिहार चुनाव से पहले बार्गेनिंग

पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी केंद्र में मंत्री हैं लेकिन उनका और उनकी पार्टी की पॉलिटिक्स बिहार केंद्रित ही रही है।

मांझी की पार्टी विधानसभा चुनाव में 40 सीटों के लिए दावेदारी कर रही है, लेकिन नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जनता दल (यूनाइटेड) और बीजेपी जैसी बड़ी पार्टियों की मौजूदगी के कारण इतनी सीटें मिल पाना मुश्किल ही माना जा रहा है। ऐसे में मांझी के हालिया तेवरों को अधिक से अधिक सीटें पाने के लिए प्रेशर पॉलिटिक्स के तौर पर भी देखा जा रहा है।

### चिराग पासवान का बढ़ता प्रभाव

जीतनराम मांझी के तेवरों के पीछे एक वजह चिराग पासवान का गठबंधन में बढ़ता प्रभाव भी बताया जा रहा है। चिराग पासवान और जीतनराम मांझी, दोनों ही दलित पॉलिटिक्स का चेहरा हैं। बिहार की सियासत में जातीय फैक्टर भी भूमिका निभाते हैं व मांझी मुसहर जाति से आते हैं जो महादलित कैटेगरी में आती है व चिराग की पासवान जाति दलित वर्ग में।

### मांझी पर भारी एलजेपीआर

जीतनराम मांझी की पार्टी पर चिराग की एलजेपीआर भारी पड़ती रही है। पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव की ही बात करें, तो मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (लोकतांत्रिक) को चुनाव लड़ने के लिए केवल एक सीट मिली थी, सीट जहां से खुद जीतनराम मांझी सांसद हैं। वहीं, चिराग की पार्टी के हिस्से पांच सीटें आई थीं। इसके अलावा बिहार से सटे झारखंड में भी मांझी की पार्टी खाली हाथ रह गई थी, जबकि चिराग की पार्टी वहां भी गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने के लिए एक सीट लेने में सफल रही थी। दिल्ली में भी चिराग की पार्टी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है।

### मांझी की बेटे को स्थापित करने की चाह

जीतनराम मांझी की कोशिश अपने बेटे संतोष सुमन को बिहार की पॉलिटिक्स में स्थापित करने की है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती दलित पॉलिटिक्स की पिच पर उनके लिए चिराग पासवान और उनकी पार्टी ही है।

यह भी एक वजह हो सकती है कि मांझी कई मौकों पर चिराग से उलट लाइन पर खड़े नजर आए हैं। कोटा के भीतर कोटा को लेकर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी मांझी ने स्वागत किया था, समर्थन किया था जबकि चिराग इसके विरोध में उतर आए थे।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर..
www.shahtimesnews.com

## प्रशांत किशोर भी दिखा रहे दम

चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर (पीके) ने ऐलान किया है कि जनसुराज बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। पीके ने पटना के बापू भवन में महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया और साफ कहा कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। जनसुराज पद यात्रा के जरिए बिहार को मथने के बाद पीके 2 अक्टूबर को जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने का आधिकारिक ऐलान करने वाले हैं। जनसुराज को राजनीतिक दल बनाने के ऐलान से पहले प्रशांत किशोर ने बिहार चुनाव को लेकर अपना प्लान साफ कर दिया है। ऐसे में अब बात इसे लेकर भी हो रही है कि सूबे की हर सीट पर उम्मीदवार उतारने जा रहे पीके का बिहार प्लान सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी महागठबंधन में किसे और कहां-कहां चोट करेगा?












स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज

भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।

फोन न0- 9756686426